www.epaper.azadsipahi.in

ओड़िशा संस्करण

23 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 303

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

बेहतर हो रहे हैं पोलैंड से रिश्ते: पीएम मोदी



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### असम में काजी नहीं सरकार निकाह का रजिस्ट्रेशन करेगी

गुवाहाटी। असम सरकार ने गुरुवार को विधानसभा में मुस्लिम मैरिज एंड डिवोर्स रजिस्ट्रेशन बिल 2024 पेश किया। इसके तहत मुस्लिम समाज के लोगों को शादी और तलाक का रजिस्ट्रेशन करना जरूरी होगा। बुधवार को असम कैबिनेट ने बिल को मंजूरी दी थी। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि बिल में दो विशेष प्रावधान हैं। पहला, मुस्लिम शादी का रजिस्ट्रेशन अब काजी नहीं सरकार करेगी। दूसरा, बाल विवाह के पंजीकरण को अवैध माना जायेगा।

### वक्फ बिल पर 31 सदस्यीय जेपीसी की पहली बैठक हुई

नयी दिल्ली। वक्फ बिल पर गुरुवार को पहली बार 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक हुई। इसमें समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बताया कि बिल पर विचार करने के दौरान सभी 44 बदलावों (अमेंडमेंट्स) पर चर्चा होगी। साथ ही सभी हिस्सेदारों की बात सुनी जायेगी। मुस्लिम जानकारों से भी राय ली जायेगी। गौरतलब है क संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने 8 अगस्त को लोकसभा में वक्फ बिल 2024 पेश किया था। कांग्रेस और सपा समेत विपक्षी दलों ने इस बिल का विरोध किया था। जिसके बाद बिल लोकसभा में बिना किसी चर्चा के जेपीसी को भेज दिया गया था।

## पलामू प्रमंडल की मंईयां सम्मान योजना में छलका सीएम का दर्द

# हमें षडयंत्र रच कर जेल में बंद कर दिया गया : हेमंत

## मुख्यमंत्री ने दबाया बटन और पांच लाख महिलाओं के खाते में पहुंचे एक-एक हजार रुपये

जयकांत शुक्ला

**पलामू (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का दर्द पलामू में छलक पड़ा। उन्होंने कहा कि मुझे जमीन माफिया कहा गया। मुझे जमीन चोर कहा गया। इसी आरोप में मुझे जेल में भी बंद कर दिया। हेमंत सोरेन पलामू में पलामू प्रमंडल के तीन जिलों पलामू, गढ़वा और लातेहार की महिलाओं को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सौगात देने के लिए गुरुवार को पहुंचे थे। उन्होंने पलामू में रिमोट का बटन दबा कर योजना के लिए निबंधित पलामू प्रमंडल के तीनों जिलों की महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रुपये ट्रांसफर किये।

**भाजपा पर साधा निशाना:** हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा और केंद्र सरकार ने हमें परेशान करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। सरकार गिराने के खूब प्रयास हुए। पार्टी को तोड़ने-फोड़ने की कोशिशें हुईं। हम पर गलत आरोप लगाये। जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं। इसलिए हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश से वह प्रदेश की जनता के बीच हैं। उन्होंने कहा कि नवंबर-दिसंबर में झारखंड में विधानसभा के चुनाव होंगे। आपको सावधान रहना है। जैसे ही चुनाव करीब आयेंगे, हमारे विरोधी हिंदू-मुस्लिम करना शुरू कर देंगे।

उन्होंने कहा कि इन लोगों के पास झारखंड में कोई नेता नहीं है। ये लोग असम और मध्यप्रदेश से नेता लाते हैं। हमारी सरकार को रोकने के लिए दिन-रात षड्यंत्र करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल के लोग युवा आक्रोश रैली निकालेंगे। इन्होंने युवाओं का बेड़ा गर्क कर दिया। फौज में, रेलवे में, कोल इंडिया में और बैंकों में सबसे ज्यादा नियुक्तियां होती थीं, वहां नियुक्तियां बंद हो गयीं। नौकरियों की जिम्मेदारी राज्य सरकारों पर डाल दिया है।



### गांव-देहात से चल रही हमारी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड गठन के बाद से कई इलाके हैं, जहां आज तक कोई अधिकारी नहीं गया। हमने फैसला किया कि हमारी सरकार गांव से चलेगी। इसलिए हमने गांव-गांव में शिविर लगा कर आपकी समस्याओं का समाधान किया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए पहली बार शिविर नहीं लगा। इसके पहले भी पदाधिकारियों ने टोला, पंचायत में जाकर शिविर लगाया। लोगों की समस्या सुनी और गरीबों एवं बुजुर्गों की समस्याओं को सुना और उसका समाधान किया।

### चार साल की उपलब्धियों को गिनाया

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने विकास की जो लकीर खींची है, उसे 20 साल में तो क्या कोई 50 साल में भी नहीं कर पायेगा। कोरोना का संकट खत्म हुआ, तो भाजपा के लोगों ने हमारी सरकार गिराने के षड्यंत्र शुरू कर दिये। इन सब समस्याओं से निपटते हुए हमारी सरकार ने जनहित में कई कदम उठाये। उन्होंने कहा कि जब गांव ही मजबूत नहीं होगा, तो शहर को कैसे मजबूत किया जा सकता है। इसलिए हमने गांवों को मजबूत करने का काम शुरू किया। हमने पेंशन की उम्र 60 साल से घटा कर 50 साल कर दी। आज गांव के लोग अपनी उम्र 50 साल होने का इंतजार करते हैं। उन्हें इंतजार रहता है कि कब उनकी उम्र 50 साल होगी और उन्हें पेंशन मिलेगी।

### बेटियों की जिम्मेदारी हम उठायेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की चिंता नहीं कीजिए। उनकी परवरिश की जिम्मेदारी हम निभायेंगे। सावित्री बाई फुले योजना से हमने पहले 9 लाख बेटियों को जोड़ा। अब यह संख्या बढ़कर 15 लाख होने जा रही है। सरकार उनकी पढ़ाई के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के जरिए 15 लाख रुपये तक देगी। जब तक पढ़ाई पूरी नहीं होगी, तब तक पैसे वापस नहीं करने पड़ेंगे। गुरुजी क्रेडिट कार्ड लेकर जाओ, तुरंत 15 लाख रुपये स्वीकृत हो जायेंगे।

### पांच साल में खाते में डालेंगे एक लाख रुपये

हेमंत सोरेन ने कहा कि नवंबर-दिसंबर में विधानसभा का चुनाव होने जा रहा है। इसके पहले लोकसभा के चुनाव हुए। चुनाव में उन्होंने हिंदू-मुस्लिम का खेल खेला, लेकिन जनता ने उन्हें पूर्ण बहुमत की सरकार से उठा कर पटक दिया। झारखंड विधानसभा के चुनाव होनेवाले हैं। आप लोगों को पहचानिए। अगर फिर से हमारी सरकार बनी, तो आपके खाते में पांच साल में एक लाख रुपये देंगे।

### तीन जिलों के पांच लाख से अधिक लाभुकों को मिली राशि

गौरतलब है कि महज दो सप्ताह में 45 लाख से अधिक महिलाओं ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में अपना नाम पंजीकृत करवाया। अब तक 43 लाख महिलाओं के आवेदन को स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर पलामू प्रमंडल के कार्यक्रम में पलामू, लातेहार और गढ़वा जिला के 5 लाख 91 हजार 919 लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से एक-एक हजार रुपये सम्मान राशि हस्तांतरित किया। कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बैद्यनाथ राम, मिथिलेश कुमार ठाकुर, बेबी देवी और मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह, विधायक रामचंद्र सिंह के अलावा गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, महिला समेत अधिकारीगण मौजूद थे।

### सीएम ने कहा

- पांच साल में आपके खाते में डालेंगे 1,00,000 रुपये
- दो सप्ताह में 45 लाख महिलाओं ने कराया पंजीकरण
- हर महीने की 15 तारीख को महिलाओं के खाते में आयेंगे 1000 रुपये
- 20 साल तक कई इलाकों में अधिकारी नहीं गये
- मंईयां सम्मान योजना के लिए पहली बार गांवों में नहीं लगे शिविर
- हमने जो काम चार साल में किये, ये लोग 50 साल में भी नहीं कर पायेंगे
- बूढ़े-बुजुर्गों को रहता है इंतजार, कब होंगे हमारे 50 साल
- हमारी सरकार बनते ही बड़ी-बड़ी समस्याएं आने लगीं
- बेटियों की चिंता करना छोड़ दीजिए, उनकी जिम्मेदारी हम निभायेंगे
- भाजपा के राज में नियुक्तियां बंद हो गयीं
- भाजपा ने हमारी सरकार गिराने के खूब प्रयास किये
- झारखंड विधानसभा के चुनाव में फिर होगा हिंदू-मुसलमान
- जिन्होंने युवाओं का बेड़ा गर्क किया, वे लोग युवा आक्रोश रैली निकालेंगे।

## अलकायदा के संदिग्ध 14 आतंकी पकड़ाये

# अलकायदा के सरगना को रांची से पकड़ा गया



- झारखंड, राजस्थान और उत्तरप्रदेश में हुई छापामारी
- झारखंड से आठ संदिग्ध को लिया हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/हजारीबाग/नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को झारखंड, राजस्थान और उत्तरप्रदेश से 14 लोगों को हिरासत में लेने के बाद अलकायदा के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया। दिल्ली पुलिस ने खुफिया जानकारी मिलने के बाद राज्यों के पुलिस बलों के साथ मिल कर एक ऑपरेशन चलाया। अल-कायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट? (एक्यूआइएस) के सरगना इश्तियाक को झारखंड के रांची से हिरासत में लिया गया। ये देश में आतंकी हमलों की तैयारी में था।

**गिरफ्तार आरोपियों से हो रही पूछताछ:** प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार हुए सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इस छापेमारी के लिए दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम दिल्ली से रांची आयी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार छापेमारी के दौरान एटीएस को आग्नेयास्त्र, लैपटॉप, कई मोबाइल फोन और संदिग्ध दस्तावेज बरामद मिले। आतंकी मॉड्यूल के सदस्यों को हथियारों की ट्रेनिंग दी जा रही थी। उधर, राजस्थान के भिवाड़ी के चौपानकी में आतंकी संगठनल अल-कायदा से जुड़े छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, उत्तरप्रदेश से भी संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया।

### झारखंड के तीन जिलों में 16 जगहों पर छापा

झारखंड एटीएस ने गुरुवार को केंद्रीय एजेंसियों की जानकारी के बाद अलकायदा से जुड़े संदिग्धों के 16 ठिकानों पर छापेमारी की। एटीएस टीम ने एक साथ रांची, लोहरदगा और हजारीबाग के 16 ठिकानों पर छापेमारी कर आठ संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक रांची में हुई छापेमारी में सरगना इश्तियाक को पकड़ने में कामयाबी मिली है। उधर, हजारीबाग के लोहसिंघना थाना क्षेत्र से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान फैजान अहमद के रूप में की गयी है। एटीएस की टीम ने दो लैपटॉप ,एक किताब, मोबाइल फोन और कुछ इलेक्ट्रॉनिक गैजट्स भी जब्त किये हैं। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे रांचा ले जाये गया।

# भाजयुमो की आक्रोश रैली आज

- रांची के मोरहाबादी में जुटेंगे हजारों कार्यकर्ता
- जिलों में मशाल जुलूस निकाल कर रांची आने की अपील की
- प्रशासन ने मोरहाबादी में लगायी निषेधाज्ञा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की राज्यव्यापी जनआक्रोश रैली आज रांची में होगी। पार्टी की ओर से इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। पार्टी नेताओं का कहना है कि रांची में आयोजित होनेवाली इस रैली में राज्य के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता जुटेंगे। दूर के जिलों से कार्यकर्ताओं का रांची पहुंचना शुरू हो गया। साथ ही गुरुवार शाम को कई जिलों में मशाल जुलूस निकाल कर युवाओं को रांची आने की अपील भी की गयी है। उधर, प्रशासन ने भी निषेधाज्ञा लागू कर दिया है।

भाजपा ने कहा है कि राज्य की युवा शक्ति प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी, बेरोजगारी भत्ता, पारा शिक्षकों, अनुबंध कर्मियों के स्थायीकरण, जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में भ्रष्टाचार, नौकरियों की बिक्री, नियोजन नीति जैसे मुद्दों पर हेमंत सरकार से जवाब मांगने रांची आ रही। राज्य का युवा भ्रष्ट निकम्मी राज्य सरकार के खिलाफ अब नये हुल और उलगुलान के लिए कमर कस चुका है। सरकार के खिलाफ युवाओं की लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है। रैली में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित प्रदेश पदाधिकारी, सांसद विधायकगण शामिल होंगे।

### बाबूलाल ने युवाओं से की अपील



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि आज झारखंड प्रदेश की जो हालत है, वह किसी से छिपी हुई नहीं है। झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल है। हम सबों को मिल कर इस वर्तमान भ्रष्ट और निक्कमी सरकार को यहां से हटाना बहुत जरूरी है। 23 अगस्त को प्रस्तावित राज्यव्यापी युवा आक्रोश रैली में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। बाबूलाल गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने युवा आक्रोश रैली में मिलन समारोह में पार्टी का दामन थामने वालों सहित राज्य के युवाओं और लोगों से अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस

# 30 साल में ऐसी लापरवाही नहीं देखी : सुप्रीम कोर्ट

## सीबीआइ ने कहा, सबूतों से छेड़छाड़ हुई

- दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की हड़ताल खत्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता/नयी दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 9 अगस्त को हुए ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआइ ने कोर्ट में कहा कि क्राइम सीन से छेड़छाड़ हुई है। जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा कि कोलकाता पुलिस की भूमिका पर संदेह है। जांच में ऐसी लापरवाही अपने 30 साल के करियर में नहीं देखी। मामले में अगली सुनवाई 5 सितंबर को होगी।

उधर, एम्स के डॉक्टरों ने 11 दिन से चल रही हड़ताल खत्म कर दी है। इससे पहले सीजेआइ ने कहा था कि डॉक्टर काम पर लौट आयें। अस्पतालों की स्थिति जानता हूं। मैं खुद एक सरकारी अस्पताल के फर्श पर सोया हूं, जब मेरे परिवार का एक सदस्य बीमार था। वापस आने के बाद आप पर कोई एक्शन नहीं लिया जायेगा।

### राज्य सरकार डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करे

सीजेआइ ने कहा कि हमें बताया गया कि डॉक्टर काम पर वापस जाने के लिए तैयार हैं। राज्य सरकारें डॉक्टरों के लिए कुछ सुरक्षा इंतजाम कर सकती हैं। हम केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को निर्देश देते हैं कि वे राज्य के मुख्य सचिवों और डीजीपी के साथ मिल कर सुरक्षा सुनिश्चित करें। यह एक्सरसाइज एक हफ्ते में पूरी हो जानी चाहिए। राज्य दो हफ्ते के अंदर इसे लागू करें।

YASH ENTERPRISES
Deals In :
All Types of CP Bath Fitting,
Pumps, Sanitaryware, Pipes & Fitting



J.J Road, Beside, Deepak Trading
Upper Bazar, Ranchi - 01
Mob.: 9835901322, 9709082614

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 66,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 84,000 रु./प्रति किलो |



# कई मायनों में अलग होगा झारखंड में विधानसभा चुनाव

## ■ बड़े खिलाड़ियों के साथ दूसरे किरदार भी निभायेंगे महत्वपूर्ण भूमिका

## ■ हर दल के पास अपनी ताकत और कमजोरियां, इसलिए मचेगा धमाल

**इस बार झारखंड का विधानसभा चुनाव कई मायनो में अलग होनेवाला है। चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी कमर कसनी शुरू कर दी है। शह-मात के इस खेल में सभी धुरंधर अपनी-अपनी गोटी फिट करने में लगे हैं। कब किसे कैसे पटखनी देनी है, उसकी रणनिति बनायी जा रही है। इस विधानसभा चुनाव में कोई भी पार्टी आत्मविश्वास के साथ नहीं कह सकती कि वह सत्ता में आ पायेगी। चाहे वह साढ़े चार साल सत्ता से दूर रही भाजपा और आजसू का गठबंधन हो या फिर सत्तारूढ़ जेएमएम, कांग्रेस और राजद का महागठबंधन। इस बार एनडीए और इंडी में गजब की जंग देखने को मिलनेवाली है। वहीं जयराम महतो और उनकी पार्टी जेकेएलएम, चंपाई सोरेन, सीता सोरेन, सरयू राय और लोबिन हेंब्रम कुछ ऐसे किरदार हैं, जिन पर सभी की नजरें रहेंगी। नजर तो कांग्रेस के कुछ विधायकों पर भी रहेंगी, जो कभी भी फ्रंट पेज की सुर्खियां बन सकते हैं। यह चुनाव पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए कठिन परीक्षा की घड़ी है। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद जहां इंडी गठबंधन को मजबूती मिली थी, वहीं भाजपा बैकफुट पर नजर आयी। लेकिन भाजपा मायूस नहीं हुई और चुनावी नतीजों को पॉजिटिव तरीके से लिया। लोकसभा में चार सीटें भले कम हुईं, लेकिन 52 विधानसभा की लीड को भाजपा ने पॉजिटिव तरीके से लिया है। भाजपा ने अपनी कमियों से सीखा है और ताकत को पहचाना भी है। पॉजिटिव यह भी कि अभी भी भाजपा झारखंड में लोकसभा की सीटों के हिसाब से नंबर वन पार्टी बनी हुई है। एक तरफ जहां लगातार दूसरी बार सत्ता में बने रहने का प्रेशर इंडी गठबंधन के पास है, वहीं दूसरी ओर फिर से सत्ता हासिल करने की चुनौती भाजपा खेमे में है। लेकिन इस बार परिस्थितियां दोनों खेमो के लिए बदली-बदली सी हैं। जेएमएम के पास सीता और चंपाई नहीं हैं। हेमंत सोरेन जेल से बाहर हैं, तो लोकसभा चुनाव से पूर्व वाली सहानुभूति भी गहरी नहीं है, जो वायदे हेमंत सोरेन ने 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान किये थे, वे वायदे भी विपक्ष के लिए इस बार मुद्दा बनेंगे। साढ़े चार साल के कार्यकाल में हेमंत सोरेन की लगभग आधा दर्जन योजनाएं जरूर हिट हुई हैं, जो जेएमएम के लिए राहत की बात है। वहीं भाजपा के पास इस विधानसभा चुनाव में सबसे प्रभावशाली अस्त्र बाबूलाल मरांडी हैं, जो 2019 में जेवीएम से विपक्ष में थे। भाजपा में बाबूलाल मरांडी ऐसे नेता हैं, जो किसी भी सूरत में झारखंड में कम से कम 2 से 3 प्रतिशत वोट को प्रभावित कर सकते हैं। यह बड़ी बात है। इस बार आजसू भी भाजपा के साथ है और सरयू राय जिन्होंने जेडीयू ज्वाइन कर लिया है, वह भी पूरी तरीके से एक्टिव हैं। जेडीयू केंद्र में भाजपा के साथ गठबंधन में है। बाकी जयराम, चंपाई क्या गुल खिलायेंगे यह भी मजेदार होनेवाला है। कैसे पक्ष और विपक्ष दोनों के लिहाज से अलग होनेवाला है झारखंड का विधानसभा चुनाव, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

इस बार झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य ही नहीं देश की भी नजरें हैं। क्योंकि जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव करीब आ रहा है, वैसे-वैसे यह चुनाव बड़ा रोचक होता जा रहा है। यह झारखंड में पहली बार होगा, जब सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों आत्मविश्वास के साथ खुल कर नहीं कह सकते कि वही सरकार बनायेंगे। ऊपर-ऊपर भले बोल लें, लेकिन जमीनी सच्चाई उन्हें भी पता है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे वैसे भाजपा रेस हो रही है। वहीं जेएमएम के कुछ पुराने स्तंभ छिटक रहे हैं। जैसे हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन जेएमएम को त्याग कर भाजपा में शामिल हो गयीं। वहीं जेएमएम के मजबूत पिलर में से एक पूर्व मुख्यमंत्री चंपाइ सोरेन ने भी पार्टी से अपना रास्ता अलग कर लिया है। वह अब अपनी नयी पार्टी बनाने पर विचार कर रहे हैं। अगर उन्होंने नयी पार्टी बनायीं, तो यह पार्टी वोट काटने वाली श्रेणी में ही रहेगी और ज्यादा वोट कटेगा इंडी गठबंधन का। सरयू राय ने भी ठीक इसी प्रकार से 2019 के चुनाव से पहले रघुबर दास के अड़ियल रवैये के कारण, पार्टी से त्याग पत्र दे दिया था। उसके बाद रघुवर दास के साथ क्या हुआ, वह झारखंड ही नहीं भारतीय राजनीति के इतिहास में दर्ज हो गया। रघुवर-सरयू के पूरे प्रकरण से राज्य की राजनीति को एक ऐसा सबक मिला, जिसे लोग आज भी चटखारे लेकर सुनना और सुनाना पसंद करते हैं। एक सीटिंग मुख्यमंत्री को निर्दलीय प्रत्याशी ने हरा दिया। निर्दलीय भी वही, जिसका टिकट खुद रघुवर दास ने खुन्नस में काटा था। उस समय रघुवर दास के व्यवहार से भी पार्टी के कुछ पुराने कार्यकर्ता और नेता नाराज थे। उन्होंने एक बार सार्वजनिक रूप से कुछ नेताओं को चिरकुट कह दिया था। जब तक रघुवर दास कुर्सी पर रहे, तब तक तो यह घाव छिपा रहा, लेकिन जैसे ही चुनाव आया, उन कार्यकर्ताओं ने अंदर ही अंदर रघुवर दास के खिलाफ काम किया। रघुवर दास के इस रवैये ने भाजपा को विधानसभा चुनाव में बहुत पीछे धकेल दिया था। रघुवर दास के अड़ियल रवैये के कारण पार्टी और जनता में असंतोष का भी भाव देखने को मिला था। ऐसा नहीं है कि रघुवर दास ने काम नहीं किया था। उन्होंने झारखंड के विकास में अहम भूमिका निभायी थी। नक्सलियों का सफाया भी उन्हीं के कार्यकाल के दौरान तेजी से हुआ। महिलाओं के नाम पचास लाख रुपये तक की संपत्ति की रजिस्ट्री एक रुपये में करने, सहिया-सहायिका, डाकिया योजना के तहत पहाड़िया जनजाति के लोगों के पास अनाज घर-घर पहुंचाया। लेकिन कहते हैं न कि चुनाव के समय योजनाओं को लोग भूलने लगते हैं, और उस समय भी यही हुआ। अंततः भाजपा के हाथ से सत्ता फिसल गयी। आजसू का भी भाजपा से




छिटकने का एक कारण रघुवर दास को ही माना गया था। जिसका खामियाजा दोनों ने साथ-साथ भुगता। दोनों ही दल अतिआत्मविश्वास का शिकार हो गये थे और एक तरह से उन्होंने विपक्ष को ट्रे में सत्ता परोस दी। लेकिन इस बार एनडीए की स्थिति कुछ अलग है। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा की कमान बाबूलाल मरांडी के हाथ में है। बाबूलाल मरांडी भाजपा में झारखंड के ऐसे अकेले नेता हैं, जो अपनी पहल और परिश्रम से झारखंड में कम से कम 2-3 प्रतिशत वोट शेयर को प्रभावित करने का माद्दा रखते हैं। यह एक बार नहीं, कई बार सामने आया है। जब बाबूलाल मरांडी ने भाजपा से अलग अपनी पार्टी जेवीएम बनायी थी, तो बहुतों को लगा था कि अब बाबूलाल की राजनीति खत्म हो जायेगी। लेकिन अपनी धुन के पक्के और संघर्ष करने की क्षमता और सबसे अलग विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं हारनेवाले बाबूलाल मरांडी ने वहां अपने को स्थापित कर लिया। न सिर्फ स्थापित किया, बल्कि चुनाव में आये परिणाम के बाद तो उन्हें विधायक बनाने की फैक्ट्री तक कहा जाने लगा। जेवीएम ने अपने पहले ही चुनाव में तीन सीटें जीती थी और 2014 में आठ सीटें जीत कर इतिहास बना डाला था। यह अलग बात है कि समय-समय पर विधायकों ने जेवीएम को एक सीढ़ी के रूप में इस्तेमाल किया और दूसरी पार्टी में चलते चले गये। 2019 में भी जेवीएम ने तीन सीटों पोड़ैयाहाट, मांडर और राज धनवार पर अपना परचम लहराया था। उनकी इसी सफलता ने भाजपा आलाकमान को प्रभावित किया और उन्हें भाजपा में वापस लाया गया। वह पूरे मनायोग से पार्टी की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं।

इस चुनाव में हेमंत सरकार के लिए जो प्लस है, वह है उनकी लगभग आधा दर्जन योजनाएं और फैसले जो सफल हुए। लेटेस्ट की बात करें तो रक्षाबंधन से पहले झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सखी मंडल की दीदियों को बैंक क्रेडिट या लिंकेज, पलाश ब्रांड, अबुआ आवास योजना, विधवा, परित्यक्त या एकल माताओं के लिए योजना, पुरानी पेंशन योजना को लागू करना, कई कर्मचारी संगठनों की मांगों पर विचार करते हुए जरूरत के अनुसार उनका निराकरण करना, जैसे सहायक पुलिस कर्मी, होम गार्ड और सेविका सहायिका के वेतन में वृद्धि। हेमंत सोरेन का आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम भी काफी सफल रहा। ऐसे कई फैसले हैं और योजनाएं हैं, जिसके सहारे हेमंत सोरेन विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ उतर सकते हैं। लेकिन युवाओं को रोजगार, भत्ता, स्थानीय नीति, नियोजन नीति और आरक्षण के मुद्दे पर एक तरह से बैकफुट पर रही है हेमंत सरकार। इसे भाजपा ने अपना बड़ा हथियार बनाया है। भाजपा हेमंत सोरेन द्वारा किये गये वादों को गिना कर उन्हें घेर रही है। भाजपा बांग्लादेशी घुसपैठियों का भी मुद्दा जोर शोर से उठा रही है, जहां हेमंत सरकार कुछ भी बोलने से बच रही है। वहीं उड़ता तीर लेने की कला में पारंगत हासिल करनेवाली कांग्रेस की एक विधायक ने बिहारियों को ही घुसपैठिया बता डाला। यह घुसपैठिया वाला बयान न सिर्फ कांग्रेस को नुकसान करेगा, जेएमएम के लिए भी हानिकारक है। क्योंकि 2019 में यही वे बिहारी लोग थे, जिन्होंने जेएमएम और कांग्रेस को गिरिडीह से लेकर गढ़वा और जमशेदपुर, बरही तक में भर-भर के वोट दिया था। लेकिन आज परिस्थितियां अलग हैं। अगर राजनीति के जानकारों की मानें, तो यह वोट बैंक अब भाजपा के पाले में जा सकता है। जो छोटी-छोटी गलतियां भाजपा ने 2014 से 2019 के दौरान की थीं, वही गलतियां इंडी गठबंधन कर चुका है। 2019 में जेएमएम इंटैक्ट था, लेकिन अब जेएमएम से उसके कुछ पुराने स्तंभ छिटक रहे हैं। सीता सोरेन, चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम ने अपनी अलग राह पकड़ ली है। सीता को तो कमल का फूल भा चुका है। चंपाई सोरेन अगर अपनी अलग पार्टी बना लेते हैं, तो वह जेएमएम को ही नुकसान पहुंचायेंगे। अगर चंपाई भाजपा में शामिल होते तो वह भाजपा के लिए बहुत फायदे का सौदा नहीं होगा। भाजपा में शामिल होने पर पार्टी में असंतोष फैलने का खतरा है, जैसा दुमका लोकसभा चुनाव में हुआ। दूसरा वोटर्स से कितना सहानुभूति बटोर पायेंगे चंपाई सोरेन, इसको लेकर चर्चा हो सकती है। चंपाई सोरेन ने जिस तरीके से हेमंत सोरेन पर खुद पर होनेवाले अन्याय को लेकर आरोप लगाया है, उससे हेमंत सोरेन को लेकर बातें तो होने लगी हैं। ये बातें कोल्हान ही नहीं संथाल में भी हो रही हैं। संथाल में तो बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा जिस तरीके से बाबूलाल मरांडी और हिमंता बिस्वा सरमा ने उठाया है, उससे अब वहां के लोगों में इंडी गठनबंधन के खिलाफ आवाज भी उठनी तो शुरू हो चुकी है। चाहे वह गायबथान वाला मामला हो या फिर केकेएम कॉलेज में आदिवासी छात्रों की पुलिस द्वारा पिटाई का मामला। पहली बार कुछ आदिवासी समूह इंडी गठबंधन के खिलाफ बोल रहे हैं और खास कर बांग्लादेशी घुसपैठ को मुद्दा बना रहे हैं। जो संथाल इंडी गठबंधन और खासकर सोरेन परिवार का गढ़ कहा जाता है, अब वहां विरोध में भी कुछ-कुछ बातें होने लगी हैं। भले ही उसकी संख्या अभी कम हो, लेकिन एक जंगल को राख में तब्दील करने के लिए एक चिंगारी ही काफी होती है।

इस विधानसभा चुनाव में परिस्थिति तो जयराम महतो भी बदलने में लगे हैं। जयराम महतो एक बड़े वोटबैंक को टारगेट कर रहे हैं। जिस हिसाब से लोकसभा चुनाव में जयराम और उनकी पार्टी जेबीकेएसएस का प्रदर्शन रहा, बड़े-बड़ों को वह हांफने को मजबूर कर चुके हैं। यह तो समय के गर्भ में है कि जयराम महतो और उनकी नयी रजिस्टर्ड पार्टी जेकेएलएम का हश्र विधानसभा चुनाव में क्या होगा। लेकिन इतना तो तय है कि वह और जेकेएलएम अपनी छाप तो जरूर छोड़नेवाले हैं। कुल मिला कर यह कहा जा सकता है कि जयराम महतो की पार्टी का असर झारखंड की राजनीति पर जरूर पड़ेगा। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि सत्ताधारी गठबंधन के सामने चुनौतियां ज्यादा हैं। भाजपा चूंकि विपक्ष में है, इसलिए ज्यादा जवाब तो सत्ता पक्ष को ही देना है।

---

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में हाइकोर्ट ने केंद्र सरकार को लगायी फटकार

# कोर्ट ने कहा- घुसपैठियों के कारण घट रही है आदिवासियों की आबादी और सरकार चुप है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल नहीं किये जाने पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने आइबी, यूआइएडीआइ और बीएसएफ की ओर से अलग-अलग शपथ पत्र दाखिल किये जाने के लिए चार सप्ताह का समय मांगे जाने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि झारखंड में ट्राइबल की आबादी कम होती जा रही है और केंद्र सरकार चुप है। झारखंड का निर्माण आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए किया गया था। लगता है केंद्र सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों के झारखंड में प्रवेश को रोकने को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। आइबी हर सप्ताह 24 घंटे काम करती है, लेकिन बांग्लादेशी घुसपैठियों जैसे संवेदनशील मुद्दों पर अपना जवाब दाखिल नहीं कर रही है। बीएसएफ की भी बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकने




में महत्वपूर्ण भूमिका है लेकिन प्रतीत होता है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकने के मामले में केंद सरकार का सकारात्मक रुख नहीं है।

कोर्ट ने मौखिक कहा कि जब राज्य सरकार द्वारा मामले में जवाब दाखिल किया जा चुका है, तो केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने में क्यों परेशानी हो रही है। केंद्र सरकार जवाब दाखिल करने के लिए चार से छह सप्ताह का समय मांग रही है। एसा क्यों? केंद्र सरकार द्वारा चार सप्ताह का समय मांगे जाने संबंधी हस्तक्षेप याचिका (आइए) को खारिज करते हुए केंद्र सरकार को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर निर्धारित की है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से छह जिलों के डीसी एवं एसपी की ओर से जवाब दाखिल किया गया।

कोर्ट ने मौखिक कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा है, इसलिए सभी प्रतिवादियों को समय से अपना जवाब दाखिल करना होगा।

बता दें कि पिछली सुनवाई में कोर्ट ने भारत सरकार के इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के डायरेक्टर जनरल, चीफ इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया, डायरेक्टर जनरल यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया, एनआइए को प्रतिवादी बनाया था, उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। दरअसल, बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई के संबंध में हाइकोर्ट ने पिछली सुनवाई में संथाल परगना के छह जिलों के डीसी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। गुरुवार को संथालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण वहां जनसंख्या की स्थिति में कुप्रभाव को लेकर दानियल दानिश की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई।

### क्या है याचिका में

**प्रार्थी ने याचिका में कहा है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या पर कुप्रभाव पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्थापित किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है। प्रार्थी ने मांग की है कि इस मामले में भारत सरकार का गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करे और बताये कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड आ रहे हैं और उनके द्वारा झारखंड में कैसे लोगों को गुमराह कर वैवाहिक संबंध स्थापित किया जा रहा है।**

---

# अबुआ आवास योजना में तेजी से घर बनाने वाले 1430 लाभुकों को मिली तीसरी किस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अबुआ आवास के लाभुकों को दूसरी किस्त जारी करने का सिलसिला शुरू हो गया है। योजना में जिन 66 प्रतिशत लाभुकों को काम दूसरी किस्त के 50 हजार रुपये दे दिये गये हैं। वहीं तेजी से आवास बनाने वाले करीब 1430 लाभुकों को तीसरी किस्त के रूप में एक लाख रुपये दिये गये हैं। राज्य सरकार ने दूसरी किस्त की राशि लोकसभा चुनाव के पहले ही जिलों को भेज दी थी। लेकिन आवास योजना में मनरेगाकर्मियों की हड़ताल की वजह से जियोटैंगिग का काम प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही बालू की कमी की वजह से आवास निर्माण कार्य रुक सा गया है।

जानकारी के अनुसार, करीब 30 हजार लाभुकों के आवास का निर्माण उस स्तर पर पहुंच गया है, जिस स्तर पर उन्हें तीसरी किस्त का एक लाख रुपये दिया जाये, लेकिन मनरेगाकर्मियों की हड़ताल के कारण जियोटैंगिग का कार्य नहीं पूरा होने के कारण उनके खाते में रुपये नहीं भेजे गये हैं। उल्लेखनीय है कि अबुआ आवास योजना के लाभुकों को घर बनाने के लिए सरकार दो लाख रुपये की सहायता देती है। हेमंत सरकार ने इसी साल इस योजना की शुरूआत की थी।




### 1,30,831 लाभुकों को मिली दूसरी किस्त

**हेमंत सरकार ने पहले चरण में दो लाख लोगों को अबुआ आवास देने का लक्ष्य रखा था। इनमें से 1,99,715 लोगों को अबुआ आवास स्वीकृत किये गये। 1,91,877 लोगों को पहली किस्त की राशि लोकसभा चुनाव से पहले उपलब्ध करायी गयी। पहली किस्त में लाभुकों को 30 हजार रुपये दिये गये थे। दूसरी किस्त की राशि के रूप में 50 हजार रुपये 1,30,831 लाभुकों को दिये गये हैं। यह कुल लाभुक का करीब 66 प्रतिशत है। कुल 1,42,144 आवासों का जियोटैगिंग का काम किया जा चुका है।**

### किस्त जारी करने से पहले भौतिक निरीक्षण

**योजना के लाभुकों को दूसरी किस्त जारी करने से पहले आवास निर्माण का भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.6°c | 22.0°c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.15 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.27 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


# संवैधानिक पद पर बैठकर लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रहे हेमंत: शिवराज सिंह चौहान

**-केंद्रीय मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं को रैली में आने से रोकने का लगाया आरोप**

**कहा, भाजपा कार्यकर्ता गीदड़भभकी से डरने वाले नहीं, हम अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सह झारखंड भाजपा के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार भाजपा के जन आक्रोश रैली से डर चुकी है। भाजपा के कार्यकताओं को जगह-जगह रोका जा रहा है। यह अन्याय की अति है, जुल्म की पराकाष्ठा है। एक डरा हुआ मुख्यमंत्री ऐसा कर सकता है। शिवराज भाजयुमो की रांची में प्रस्तावित रैली से एक दिन पहले गुरुवार को रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। इस मौके पर मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद थे।



**हेमंत से न झारखंड संभल रहा, न पार्टी:** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन से न झारखंड संभल रहा है, न पार्टी संभल रही। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता ऐसी गीदड़भभकी से डरने वाले नहीं हैं। हम अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे। हमारा कार्यकर्ता लड़ेगा। झारखंड की जनता को अहिंसात्मक तरीके से न्याय दिलाकर कर रहेंगे। हेमंत सोरेन सरकार इस आंदोलन को कुचल नहीं सकती है।

**जगह-जगह कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा:** भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि दुमका जिला में मुफस्सिल थाना में रांची जाने से मना कर जब्त की गयी। दो बसों को यहां रोकी गयी है। जामताड़ा नगर स्टैंड में चार बसों को नगर डीएसपी द्वारा जब्त कर रांची जाने से मना किया गया। बस मालिकों को रांची नहीं जाने की हिदायत दे कर धमकाया जा रहा है। जामताड़ा के फतेहपुर थाना द्वारा रांची ले जा रही बस को कार्यकर्ताओं को उतार कर जब्त की गयी।

## हमें इंदिरा नहीं रोक पायीं, तो हेमंत क्या रोकेंगे

चौहान ने अधिकारियों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के इशारे पर अलोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को रोकने की कोशिश नहीं करें। उन्होंने कहा कि हम लोकतंत्र का पालन करने वाले लोग हैं। हमें तो इंदिरा नहीं रोक पायीं, तो हेमंत क्या रोकेंगे। अधिकारियों को समझनी होगी कि यह दो महीने की सरकार है। उन्होने कहा कि कहा कि डीजीपी एसपी को आदेश दे रहे हैं कि भाजपा को रोको। कार्यकतार्यों को गिरफ्तार करो। वह बस रोक रहे हैं। भाजपा रार्यकताओं के जेल भेजेंगे। भाजपा डरने वाली नहीं है। चौहान ने शायराना अंदाज में हेमंत सोरेन को कहा कि 'मूर की एक किरण जुलमात पे भारी होगी, रात तुम्हारी है तो सुबह हमारी होगी।'

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या आरएसओ-एचवी-बीएनडीएम-आरओयू-24-26-14,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्न कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। निविदा के लिए हस्तलिखित प्रस्ताव (ऑफर) अनुमेय नहीं है और ऐसे प्राप्त किए जाने वाले कोई भी हस्तलिखित प्रस्ताव (ऑफर) स्वीकार्य नहीं होगा। **कार्य का नाम** : राउरकेला लॉबी से केएलजी/केएक्सएन/जीपी तक और वापसी (02 वाहन) और बंडामुंडा लॉबी से बीजेडआर/बीजीकेए/एनएक्सएन तक और वापसी (02 वाहन) हेतु 02 वर्षों के लिए चौबीसों घंटे क्रू और गार्ड को उनके सामानों के साथ परिवहन के लिए चार (04) नॉन एसी सड़क वाहनों (टाटा सुमो/बोलेरो या समरूप) को किराए पर लेना। **निविदा मूल्य:** रु. 1,18,15,998.96, **बयाना राशि:** रु. 2,09,100/- **निविदा फॉर्म की लागत:** शून्य। **ई-निविदा खोलने का स्थान:** वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (परिचालन)/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। **निविदा बंद करने की तिथि और समय** : 12.09.2024 को 15.00 बजे। **निविदा खोलने की तिथि और समय** : 12.09.2024 को 15.30 बजे। निविदाकर्ता: http://www.ireps.gov.in इस वेबसाइट में देख सकते हैं। निविदाकर्त्ता/बोली लगाने वाले के पास श्रेणी-III डिजीटल हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र होना चाहिए और उसे आईआरईपीएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्त्ता/बोली लगाने वाले ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। (PR-506)

# झारखंड में इंडी गठबंधन का वजूद खतरे में, डूबती नाव से भाग रहे लोग: बाबूलाल

**संघर्ष के साथियों का भाजपा में स्वागत**

**बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कांग्रेस और अन्य दल के सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन का वजूद खतरे में है। डूबती नाव से लोग भाग रहे हैं। श्री मरांडी भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बीजेपी अभी प्रदेश में संघर्ष कर रही है और सत्तारूढ़ दल को छोड़ कर बीजेपी में शामिल होकर इस संघर्ष का साथी बनना एक बड़ी बात है। आप लोगों के योगदान से केवल सरायकेला, जमशेदपुर ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड में पार्टी को ताकत और बल मिलेगा। साथ ही इससे राज्य में एक अच्छा मैसेज भी जायेगा। आप सभी का यह कदम स्वागत योग्य है। संघर्ष के साथियों का भाजपा में स्वागत है।



उन्होंने कहा कि आज झारखंड प्रदेश की जो हालत है, वह किसी से छिपी हुई नहीं है। झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल है। राज्य सरकार ने राज्य के युवा, किसान, महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़ा यानि सभी वर्ग को ठगने का काम किया है। वर्तमान झारखंड सरकार के पाप का घड़ा पूरी तरह भर चुका है, यह सरकार बस अब कुछ दिनों की मेहमान है। विधानसभा चुनाव अब काफी नजदीक है। हम सबों को मिल कर इस वर्तमान भ्रष्ट और निक्कमी सरकार को यहां से हटाना बहुत जरूरी है।

श्री मरांडी ने कहा कि आज प्रदेश की कानून व्यवस्था की क्या हालत है, यह बतलाने की जरूरत नहीं है। चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण चरम पर है, बहू बेटियों की इज्जत भी सुरक्षित नहीं है। जब तक किसी भी प्रदेश की कानून व्यवस्था ठीक नहीं होगी, भय का वातावरण जब तक समाप्त नहीं होगा, तब तक कोई भी प्रदेश प्रगति नहीं कर सकता है। आज झारखंड की यही स्थिति है। इस स्थिति में बाहर के निवेशकों की तो छोड़िए, जो घर के संपन्न लोग होंगे, वह भी जंगलराज से तंग होकर राज्य छोड़ने को मजबूर होंगे। संयुक्त बिहार के दिनों में इस इलाके की स्थिति को अगर याद कीजिए तो कैसे लोग अपना यहां घर और खेती-बाड़ी छोड़ कर पलायन करने लगे थे। वर्तमान राज्य सरकार के राज में आज भी प्रदेश की कमोबेश कुछ इसी प्रकार की स्थिति है। बिहार से अलग होने पर भाजपा के नेतृत्व में जब यहां सरकार बनी और सुशासन एवं विकास प्रारंभ हुआ, तब लोग वापस अपने घर की ओर लौटने लगे। आज व्यापारियों से फोन पर रंगदारी मांगी जा रही है, नहीं देने पर गोलीबारी की जा रही है। कहने का तात्पर्य है कि पूरे राज्य में भय का वातावरण है। युवाओं को नौकरी के नाम पर कैसे कैसे छला गया, किसी से छुपा नहीं है। इसलिए राज्य हित में इस सरकार का जाना ही एकमात्र समाधान है।

इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय, पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह उर्फ मलखान सिंह, गणेश महली भी उपस्थित थे। जबकि कार्यक्रम का मंच संचालन झारखंड प्रदेश के मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

## इन्होंने ली भाजपा की सदस्यता

मिलन समारोह में कांग्रेस नेता सह इंटक के प्रदेश सह सचिव चंदन कुमार सिंह, आम आदमी पार्टी के प्रदेश उप संयोजक प्रेम कुमार, सरायकेला खरसावां कांग्रेस के जिला महामंत्री विनोद कुमार सिंह, सरायकेला खरसावां कांग्रेस के जिला सचिव राम विचार राय, कांग्रेस नेता नीरज कुमार सिंह, शैलेश गुप्ता, पंकज कुमार सिंह राघवेंद्र सिंह, संजय कुमार सिंह सहित सैकड़ो लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# मुख्यमंत्री से मिले डीजीपी अनुराग गुप्ता और एडीजीपी

## महिला पुलिस सम्मेलन में शामिल होने का दिया निमंत्रण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को सीएम आवासीय कार्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता और एडीजी सुमन गुप्ता ने मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को प्रथम दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन- 2024 में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने को लेकर निमंत्रण पत्र सौंपा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर डीजीपी अनुराग गुप्ता के नेतृत्व और दिशा-निर्देश पर शुक्रवार से दो दिवसीय महिला पुलिस अधिकारियों-कर्मियों का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित होगा। यह सम्मेलन डोरंडा के जैप-1 स्थित शौर्य सभागार में होगा। इसमें झारखंड पुलिस की सभी जिला-इकाइयों में सिपाही, हवलदार, एएसआइ, एसआइ, इंस्पेक्टर और डीएसपी स्तर की 200 महिला प्रतिनिधि शामिल होंगी।

## सम्मेलन की थीम है महिला पुलिस, सेवा, सुरक्षा व सम्मान

इस सम्मेलन की थीम महिला पुलिस, सेवा, सुरक्षा और सम्मान है। सम्मेलन में महिला पुलिस को कार्यस्थल पर होने वाली परेशानी, आवश्यकताओं सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जायेगा। विशेष तौर पर महिला अधिकारियों की चुनौती, उपलब्धि और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की जायेगी। डीजीपी ने बताया कि पुलिस सम्मेलन में राज्य की पुलिस के सभी जिला और इकाई से आरक्षी, हवलदार, जमादार, दरोगा, इंस्पेक्टर, डीएसपी सम्मिलित होंगे।

## राशिफल

ज्योतिर्विद शैलेंद्र | 9905199063

**मेष** प्रेम संबंधों के लिहाज से अच्छा रहने वाला है किसी विवाद को लेकर आप फिलहाल, तनाव में भी रह सकते हैं।

**वृष** कार्यक्षेत्र में मनचाही सफलता प्राप्त करने का योग रहेगा। आप बहुत तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**मिथुन** नौकरी पेशा लोगों के ट्रांसफर की संभावनाएं बन रही हैं। जो छात्र फिलहाल, प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए समय अनुकूल नहीं है।

**कर्क** किसी व्यक्ति के कारण असहज स्थिति पैदा हो सकती है। प्रेम संबंध आपके लिए बहुत उत्तम रहने वाला है।

**सिंह** आपके कार्यक्षेत्र में आपके अच्छे दिन शुरू होंगे। अविवाहित लोगों की शादी तय हो सकती है। अपनी वाणी के अनुसारबहुत अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**कन्या** अधिकारी निराश हो सकते हैं। व्यापारी वर्ग को संभलकर चलने की जरूरत है। व्यापार में मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

**तुला** आय के स्रोत को बढ़ाना होगा। आपके द्वारा किए गए कार्यों के परिणाम भी शीघ्र मिलेंगे।

**वृश्चिक** करियर के लिहाज से आपके लिए उत्तम साबित हो सकता है आपकी स्थिति बेहतर रहेगी वाहन प्रयोग करते समय सावधानी बरतें।

**धनु** नौकरी में काम के प्रति अच्छी सोच आपको आगे बढ़ाएगी। प्रेम सम्बन्धो के लिए यह दिन शुभ रहेगा।

**मकर** आपकी रोजमर्रा की गतिविधियों में बदलाव की संभावना है। सेहत के मामले में सावधान रहें।

**कुंभ** मानसिक तनाव बढ़ सकता है। अधिकारियों और बड़ों का सहयोग मिलेगा। जो आपके करियर को मजबूत दिलाने में मदद भी करेंगे।

**मीन** उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए समय अनुकूल है कारोबारियों के लिए भी अच्छा रहेगा।

## शहर में निषेधाज्ञा लगाने का भाजपा ने किया विरोध

# आक्रोश रैली से डर गयी है सरकार: प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि झारखंड सरकार युवाओं के आक्रोश से डर गयी है। एक महीने से भी ज्यादा समय से घोषित युवा आक्रोश रैली से एक दिन पहले सरकार ने शहर में धारा 144 लगाकर अपनी कायरता का परिचय दे दिया है। प्रतुल ने कहा कि प्रजातंत्र में शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने का सबको हक है।



लोकतंत्र इसी से जीवित भी रहता है, लेकिन यह सरकार इतनी डर गयी है कि वह किसी भी हद तक जा रही है। प्रतुल ने जानना चाहा कि आखिर रैली के एक दिन पहले धारा 144 लगाने का क्या औचित्य है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पता है कि युवाओं का आक्रोश इस सरकार के खिलाफ चरम पर है। बेरोजगारी भत्ता, पांच लाख नौकरियों के मुद्दे पर युवा ठगा महसूस कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त जो भी हक मांगने निकल रहा है, उसको लाठियां मिल रही हैं।

पहले सहायक पुलिसकर्मियों को बेदर्दी से पीटा गया। उनके टेंट उखाड़ दिये गये। उसके बाद पारा शिक्षकों को भी बर्बरता से पीटा गया। इसके पूर्व जेपीएससी पीटी परीक्षा के परिणाम का विरोध कर रहे अभ्यर्थियों की डीसी आवास के सामने जमकर पिटाई हो चुकी थी। यही इस सरकार का क्रूर रूप और असली चेहरा है।

# चंपाई सोरेन ने सुरक्षाकर्मी को दी श्रद्धांजलि, परिवार को बंधाया ढाढ़स



आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिम सिंहभूम।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का एस्कॉर्ट वाहन मंगलवार की देर रात दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसमें एक जवान विनय बानसिंह की मौत हो गयी थी। चंपाई सोरेन ने गुरुवार को मृतक के परिजनों से मुलाकात की है। उन्होंने परिजनों से मिल कर उनका ढाढ़स बंधाया है। उन्होंने मृतक को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस बाबत ट्वीट कर कहा है कि कल एक सड़क दुर्घटना में मेरी सुरक्षा में तैनात चालक सह सुरक्षाकर्मी विनय कुमार बानसिंह का निधन हो गया था। गुरुवार को पश्चिम सिंहभूम जिले के खूंटपानी प्रखंड अंतर्गत भोया गांव में उनकी समाधि स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर, उन्हें श्रद्धांजलि दी। मेरी संवेदनाएं शोक-संतप्त परिवार के साथ हैं।

## गृह सचिव और एडीजी ने किया रांची महिला थाना का निरीक्षण

रांची (आजाद सिपाही)। गृह सचिव वंदना डाडेल और एडीजी सुमन गुप्ता ने गुरुवार को महिला थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला थाना के सभी पदाधिकारियों और आरक्षियों से परिचय प्राप्त किया और उनके कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर पीड़ित महिलाओं से उनके मामलों के संबंध में बातचीत की गयी और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया। साथ ही महिला थाना में उपलब्ध संसाधनों से संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा की गयी। एडीजी सुमन गुप्ता ने महिला थाना की आवश्यकताओं और संसाधनों की कमी के बारे में एक विस्तृत सूची तैयार करने के निर्देश दिये। साथ ही महिला थाना परिसर के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी गृह सचिव और एडीजी द्वारा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गये।

# हवलदार स्व. चौहान हेंब्रम के परिजनों से मिलीं कल्पना सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गांडेय विधानसभा के बेंगाबाद प्रखंड में हजारीबाग जिला बल के हवलदार स्व चौहान हेंब्रम के परिजनों से कल्पना सोरेन ने गुरुवार को मुलाकात की। बता दें कि गिरिडीह जिला के ग्राम पिंडाटाड़, थाना ताराटांड़ निवासी चौहान हेंब्रम, हजारीबाग जिला बल में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। ड्यूटी के दौरान विगत 12 अगस्त 2024 को एक अपराधी शाहिद अंसारी द्वारा उनकी निर्मम हत्या कर दी गयी थी। शाहिद अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मंगलवार की रात उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद से उसे गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी गाजियाबाद में उसके रिश्तेदार के घर से की गयी है।

# हाइकोर्ट ने झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी को किया तलब, सुनवाई 27 अगस्त को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी को 27 अगस्त को तलब किया है। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि भवन निर्माण का डीपीआर तैयार करने में झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन को प्रोजेक्ट की कुल लागत का 10% खर्च आयेगा, यह राशि उसे उपलब्ध करायी जाये। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के लिए अतिरिक्त भवन सहित आधारभूत संरचना के लिए राज्य सरकार ने 25 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं, जो काफी कम हैं।




ऐसे में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी कांके के अतिरिक्त भवन को लेकर डीपीआर बनाने के लिए प्रोजेट की कुल लागत की 10% की राशि कहां से आयेगी। इससे पूर्व की सुनवाई के दौरान सीसीएल, सेल आदि की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के अतिरिक्त भवन सीएसआर फंड के तहत तैयार करा सकता है, लेकिन उसे भवन का डीपीआर बना कर दिया जाये। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने पैरवी की।

बता दें कि बार एसोसिएशन झारखंड हाइकोर्ट की ओर से जनहित याचिका दाखिल कर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को आवश्यक सुविधा उपलब्ध करने का आग्रह किया गया है।

# निकाय चुनाव मामले में राज्य सरकार की अपील पर विस्तृत सुनवाई 27 अगस्त को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार की अपील पर अब विस्तृत सुनवाई 27 अगस्त को होगी। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को हुई। इससे पहले गुरुवार को सुबह 10:30 बजे प्रतिवादी पूर्व पार्षद रोशनी खलखो की ओर से कोर्ट से इस केस की जल्द सुनवाई करने का आग्रह किया गया था। इसके बाद खंडपीठ ने मामले की सुनवाई दोपहर 3:45 निर्धारित की। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ऑनलाइन रूप से जुड़े। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने कोर्ट से कहा कि राज्य सरकार निकाय चुनाव कराने को लेकर टालमटोल रवैया अपना रही है। हर बार समय लेकर इस मामले को टालने का प्रयास सरकार कर रही है। एकल पीठ का आदेश उनके पक्ष में आया है और वह सही है। संविधान के अनुसार राज्य में अविलंब निकाय चुनाव होना चाहिए।

दरअसल, तीन सप्ताह में राज्य में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने के 4 जनवरी 2024 के हाईकोर्ट के एकल पीठ के आदेश को रद्द करने को लेकर राज्य सरकार की ओर से अपील ( एलपीए) दायर की गयी है। खंडपीठ ने पूर्व में मामले में हाइकोर्ट की एकल पीठ के द्वारा पारित आदेश पर रोक लगाने से इनकार किया था ।

अपील में क्या कहा है राज्य सरकार ने अपील( एलपीए) में राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि पिछड़ा आयोग को ही डेडीकेटेड कमीशन के रूप में नियुक्त कर दिया गया है। यह राज्य के जिलों में ओबीसी की आबादी का आकलन करेगी और इस संबंध में डाटा राज्य सरकार को उपलब्ध करायेगी। इसके आधार पर निकाय चुनाव में वार्डों में ओबीसी के लिए आरक्षण दिया जायेगा। इसलिए निकाय चुनाव पूरा करने के लिए समय दिया जाये। राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश पर तत्काल रोक लगाने एवं एकल पीठ के आदेश को रद्द करने का आग्रह हाइकोर्ट से किया है। अपील में राज्य सरकार ने झारखंड म्यूनिसिपल एक्ट के प्रोविजन का हवाला देते हुए नगर निगम में प्रशासक की नियुक्ति को सही ठहराया है।

## चंद्रा क्लिनिक में इलाजरत नवजात की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया शहर के पानी टंकी रोड स्थित चंद्रा क्लिनिक में इलाजरत नवजात बच्ची की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। हंगामा होता देख चिकित्सक विकास चंद्रा के द्वारा इसकी सूचना तिलैया थाने को दी गयी। जिसके बाद देखते ही देखते पूरा क्लिनिक परिसर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। इस बीच करीब 1 घंटे तक परिजनों का हंगामा जारी रहा। बाद में स्थिति सामान्य होने के बाद पुलिस बल भी धीरे-धीरे वहां से हटा लिए गये। नवजात के परिजनो के अनुसार पत्नी की नॉर्मल डिलीवरी के बाद नवजात बच्ची को गत 19 अगस्त को चंद्रा क्लिनिक में इलाज के लिए बेबी केयर में गया था। जहां देर रात बच्ची की मौत हो गयी। सुबह डॉ विकास चंद्र ने इसकी सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने क्लीनिक के बाहर जमकर हंगामा किया। नवजात के पिता चिकलावर निवासी विकास यादव ने बताया कि उनकी बच्ची का सही देखभाल नहीं होने से मौत हुई है। वहीं चिकित्सक विकास चंद्रा मीडिया के सामने आने से बचते रहे। फिलहाल पुलिस के द्वारा समझाने के बाद परिजनों का गुस्सा शांत हुआ और वे अपने नवजात को ले जाने के बाद मामला शांत हुआ।

## आप सब भी एक पेड़ अवश्य लगायें, पर्यावरण को सरंक्षित करने का लें संकल्प : प्रदीप प्रसाद




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के बिहारी गर्ल्स स्कूल परिसर मे भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने पौधरोपण किया। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि वृहद वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता कर हर्ष का अनुभव कर रहा हूं। उन्होनें कहां कि आप सब भी एक पेड़ अवश्य लगायें, पर्यावरण को सरंक्षित करने का संकल्प लें। बतातें चले कि विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून कों भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद नें एक लाख पौधा लगानें का संकल्प लिया था। इसकें तहत जागरूकता को लेकर भव्य मैराथन भी कराया गया था। श्री प्रसाद ने कहा कि हरा भरा हजारीबाग बनाने को लेकर पिछले कई महीनों से लाखों की संख्या में पौधरोपण व वितरण क्षेत्र में किया हूं। एक ही मकसद है हजार बागों का हजारीबाग शहर प्रकृति के गोद में बसा यह शहर कों फिर से आप सभी के साथ व सहयोग से हरा भरा बनायेंगें। इस अवसर पर प्राचार्य रूपा वर्मा, सीमा कुमारी, रेणु कुमारी, ममता कुमारी, जितेंद्र कुमार, कुमारी विनीता, जया कुमारी, सोनी कुमारी, मनोज पांडे, सिद्दीकी हुसैन और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## मुखिया ने छात्रों के बीच बांटी साइकिल



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झुरझुरी, गुंजरा में साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुखिया प्रियंका कुमारी ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय झुरझुरी और राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सकरेज में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया। आठवीं के सभी छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि छात्र-छात्राओं को साइकिल मिलने से स्कूल जाने में बच्चों को सहूलियत होगी। स्कूल पहुंचकर बेहतर शैक्षणिक माहौल में आदर्श छात्र बनेंगे और बच्चों को विद्यालय में उत्तम शिक्षा के साथ-साथ बेहतर सुविधा व संसाधन मिलेगी, छात्र-छात्राओं को समय पर स्कूल जाने के लिए किसी पर निर्भर नहीं होना होगा। छात्राओं के बीच साइकिल वितरण से बच्चों में खुशी थी। साइकिल वितरण कार्यक्रम में झुरझुरी के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुंदर यादव, चंद्रिका प्रसाद, राजकुमार चौधरी, कुलदीप प्रसाद, शिक्षक परमेश्वर प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, छोटी लाल प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष रिंकी कुमारी, राजकीय उच्चक्रमित मध्य विद्यालय सकरेज के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र पासवान, सभी शिक्षक गण, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय यादव, सभी सदस्य गण, लखन यादव, प्रमोद रविदास, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि प्रमोद गुप्ता और अन्य लोग मौजूद थे ।

## गणपति पूजा पंडाल श्री राममंदिर के प्रारूप में बनेगा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में तुफान क्लब सार्वजनिक गणपति पूजा समिति के द्वारा 10वां गणेश महोत्सव मनाया जाएगा। गणपति पूजा पंडाल श्री राममंदिर के प्रारूप में बनेगा। बता दें कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी 7 सितंबर दिन शनिवार प्रात: कालीन पूजन पाठ प्रारंभ संध्या दिव्य आरती और रात्रि में कथा एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। भाद्रपद शुक्ल पक्ष पंचमी 8 सितंबर दिन रविवार प्रात :कालीन दैनिक पूजन पाठ प्रारंभ, संध्या दिव्य आरती और रात्रि में कथा और प्रसाद वितरण, भाद्रपद शुक्ल पक्ष षष्ठी 9 सितंबर सोमवार प्रात :कालीन दैनिक पूजन पाठ प्रारंभ संध्या दिव्य आरती और रात्रि में कथा, प्रसाद वितरण, भाद्रपद शुक्ल पक्ष षष्ठी 10 सितंबर मंगलवार प्रात :कालीन दैनिक पूजन पाठ प्रारंभ संध्या दिव्य आरती एवं रात्रि में कथा, प्रसाद वितरण, भाद्रपद शुक्ल पक्ष अष्टमी 11 सितंबर बुधवार प्रात :कालीन दैनिक पूजन और पाठ प्रारंभ मध्यकाल में महा आरती, प्रसाद वितरण एवं प्रतिभा विसर्जन। पूजा अर्चना वैष्णवी आश्रम गोहाल के आचार्य सह कथा व्यास आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज के द्वारा किया जायेगा। प्रतिदिन संध्याकालीन देवनगरी वाराणसी की विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती की भांति दिव्य आरती और भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सुनील सिंह, महासचिव सरोज सोनी, कोषाध्यक्ष सूरज सोनी सहित दर्जनों लोग पांच दिवसीय गणेश महोत्सव के तैयारी में लगे हुए हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 28 सितंबर को

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आगामी 28 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बाल कृष्ण तिवारी ने की। प्रधान जिला जज ने उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की और अपने अपने न्यायालय से राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन योग्य मामलों को चिन्हित कर सम्बंधित पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने की अपील की। उन्होंने न्यायिक पदाधिकारियों से अपने स्तर से भी पक्षकारों को सूचित करने तथा उनको अपने मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराने के प्रति जागरुक करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में सभी न्यायिक पदाधिकारियों की भूमिका अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारियों ने भी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के सम्बन्ध में अपने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अमितेष लाल, जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज द्वितीय संजय कुमार चौधरी, जिला जज तृतीय राकेश चंद्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कंचन टोप्पो, न्यायाधीश प्रभारी शिवांगी प्रिया, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ज्योत्सना पांडेय और नमिता मिंज मुंसिफ मिथिलेश कुमार आदि मौजूद थे।

# मईयां सम्मान योजना का प्रमंडलीय कार्यक्रम कल हजारीबाग में, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

- नगवां स्थित, सिंदूर मैदान में होगा कार्यक्रम, तैयारी पूरी
- उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण
- उपायुक्त ने पदाधिकारियों के साथ जूम मीटिंग कर जरूरी दिशा-निर्देश दिये



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम 24 अगस्त को प्रस्तावित है। हजारीबाग के नगवां स्थित सिंदूर मैदान परिसर में अपराह्न 12.30 बजे से आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि होंगे।

इस कार्यक्रम के मद्देनजर गुरुवार को उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कार्यक्रम स्थल का दौरा कर हर तैयारियों का निरीक्षण किया।

बता दें झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को लेकर सिंदूर मैदान परिसर में व्यापक तैयारी की गयी है। कार्यक्रम स्थल पर सभी तरह की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस जवानों को तैनात कर दिया गया है। साथ ही पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी तय कर दी गयी है। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों, सभी बीडीओ सीओ तथा सभी सात जिलों (प्रमंडलीय जिला) के सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारियों के साथ जूम मीटिंग कर संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी में कोई कमी नहीं रहने दें। उन्होंने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष तक की उम्र की हर बहनों को खुशियों का उपहार के रूप में 12 हजार रुपये दिया जा रहा है। अर्थात, हर महीने एक हजार की सम्मान राशि दिया जाना है।

# इचाक में डाक चौपाल का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** भारतीय डाक विभाग द्वारा इचाक प्रखंड के डुमरौन पंचायत भवन में डीसीडीपी के तहत डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहायक डाक अधीक्षक (सेंट्रल) ब्रजेश कुमार पासवान, विशिष्ट अतिथि उप डाकपाल राज सेठी, मुखिया चोहन महतो, उप मुखिया मनोज मेहता उपस्थित हुए। सहायक डाक अधीक्षक ने बताया कि डाक चौपाल डाक विभाग की एक ऐतिहासिक पहल है। इसका उद्देश्य आवश्यक सरकारी और नागरिक, केंद्रित सेवाओं को सीधे ग्रामीण क्षेत्रों में लाना है, जिससे पहुंच और सुविधा में सुधार होगा। हमारा उद्देश्य डाक सेवा को पूर्णतः जन सेवा के रूप में स्थापित करना है। यह तभी संभव है, जब हम आम जन के बीच उपस्थित होंगे। डाकघर में डाकघर बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, टाइम डिपॉजिट खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, महिला सशक्तिकरण खाता में सुरक्षित निवेश कर सकते है। ग्रामीण डाक जीवन बीमा कम प्रीमियम पर अधिक बोनस देता है। 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार नामांकन व आधार मोबाइल अपडेशन की सुविधा सभी ग्रामीण डाकघर में उपलब्ध है। सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से दिए जाने वाली सहायता जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पीएम किसान, गैस सब्सिडी, स्कॉलरशिप, आवास योजना, मंईयां योजना आदि का लाभ डाकघर बचत खाता पर उपलब्ध है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के 18 से 65 वर्ष के खाताधारक 320 रुपये में पांच लाख, 549 रुपये में 10 लाख, 749 रुपये में 15 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते है। जिसमें दुर्घटना में मृत्यु व स्थायी विकलांगता पर पूरा भुगतान किया जाता है। साथ ही साथ इलाज व बाल शिक्षा लाभ की सुविधा भी उपलब्ध है। साथ ही साथ हैल्थ इन्सुरेंस, वाहन बीमा की सुविधा भी उपलब्ध है। मौके पर डाक विभाग के डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप, डाक सहायक प्रियम राज, सेवानिवृत्त शाखा डाकपाल मंजू देवी, रंजीत कुमार, प्रयाग कुशवाहा, सरोज राणा, अनिल मेहता रणधीर उपाध्याय ऋषिकेश कुमार, कौशल तिवारी, सुमित कुमार, फ्रांसिस कुमार और काफी संख्या आसपास के गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

## शादी मंडप से बचायी गयी नाबालिग

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना अन्तर्गत 16 साल की नाबालिग बालिका का बाल विवाह उत्तर प्रदेश निवासी सुधीर कुमार, उम्र 35 वर्ष के साथ किये जाने की सूचना मिली। जब उपायुक्त कोडरमा को इसकी सूचना मिली तो जिला प्रशासन की टीम और पुलिस विभाग की टीम को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जिसपर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग टीम के द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए बालिका को निवास स्थल से रेस्क्यू कर लिया गया। तत्पश्चात बाल कल्याण समिति, कोडरमा के समक्ष उपस्थापित कराया गया। समिति द्वारा उक्त बालिका से परामर्श कर सूचना प्राप्त की गयी। माता-पिता को पैसे का लोभ देकर बालिका का बाल विवाह कराने की बात सामने आयी है। इस संबंध में बालिका के साथ पैसे देकर बाल विवाह कराने वाले और शामिल दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध आवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि पैसे देकर बाल विवाह कराने वाले और शामिल दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं न हो और बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है।

## पल्स पोलियो अभियान को लेकर बैठक

**कोडरमा।** जिले में 25 से 27 अगस्त तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा। अभियान की सफलता को लेकर समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिलास्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुआ। जिसमें उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीएम सदर अस्पताल द्वारा राष्ट्रीय पल्स पोलियो के तहत पोलियो बूथ का आयोजन करने व घर-घर जाकर छुटे हुए बच्चों को पल्स पोलियो पिलाने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों समेत अन्य चिह्नित स्थानों पर 25 अगस्त को बूथ का आयोजन कर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जायेगी। इसके अलावे 26 व 27 अगस्त को स्वास्थ्य सहिया व सेविका द्वारा घर-घर जाकर छुटे हुए बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जायेगी। उपायुक्त ने सिविल सर्जन व सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया।

### आजादी के बाद पहली बार पंदनवाटांड़ में बन रही सड़क विवाद में

# नयी जगह पर सड़क बनाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

- शिलान्यास की शिलापट से वर्तमान सांसद मनीष जायसवाल का नाम है गायब

पिंटू कुशवाहा दिनकर



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चेपाकला पंचायत अंतर्गत जुगरा के पंदनवाटांड गांव में जाने के लिए आजादी के बाद पहली बार बनने वाली सड़क भी विवादों के बीच घीर गया है। आजादी के 78 में साल तक जिस पंदनवाटांड ग्रामीणों ने सभी मूलभूत सुविधाओं के लिए सरकार की ओर टकटकी लगाई हुई थी कि कब सरकार के द्वारा हम लोगों को मूलभूत सुविधाओं से बिजली, पानी, पक्की सड़क से जोड़ा जायेगा और वह पक्की सड़क 2023 में ही पूरी होने वाली थी परंतु कुछ लोगों के निजी लाभ के चक्कर में नये तरफ से सड़क बनाने का कार्य कर रहे थे जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया था और उसे समय शिलान्यास नहीं हो पाया था। जिसके कारण पूरे गांव को इतना दिन तक फिर से रुकना पड़ा और अंततः 21 अगस्त 2024 को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा इस सड़क का शिलान्यास किया गया जहां पर फिर से ग्रामीणों ने विरोध भी किया। क्योंकि वही कुछ गिने चुने लोग अपने स्वार्थ के लिए दूसरी ओर से सड़क बनाने चाह रहे थे। इसी को लेकर ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद से पुराने रास्ते से सड़क बनाने को लेकर लिखित ले लिया। सूत्रों की माने तो वर्तमान नवनिर्वाचित सांसद मनीष जयसवाल के नाम शीलापठ में नहीं होने का जब होश संवेदक और विधायक के समर्थकों को पड़ा तो देर रात शीलापठ को उखाड़ कर ले जाया गया।

### मेघातरी पंचायत के कुशाहना गांव में फिर घुसा पानी

# आक्रोशित ग्रामीणों ने किया रांची-पटना रोड जाम

- वन विभाग पर लापरवाही का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** सदर प्रखंड के मेघातरी पंचायत के कुशाहना गांव में गुरूवार शाम को करीब साढ़े चार बजे के आसपास एक फिर से वर्षा के कारण पानी घुस गया। इसके बाद लोग घरों से बाहर निकल गए और वन विभाग और जिला प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ आक्रोशित ग्रामीणों ने किया झारखंड बिहार बॉर्डर पर रांची पटना रोड जाम कर दिया। मालूम हो कि तीन दिन पहले रविवार की सुबह भारी बारिश के कारण कुशाहना में वन विभाग का चैकडैम टूट गया। जिसके कारण दर्जनों घरों में पानी घुस गया और उन घरों के अनाज, बर्तन, गाय, बकरी, बिछावन और खटिया तक पानी में बह गये। वहीं अरहर, मकई जैसे फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। वन विभाग व जिला प्रशासन द्वारा डैम को टूटे हुए हालत में छोड़ दिया और पानी रोकने के लिए किसी प्रकार की मरम्मती का काम नहीं किया गया जिसके कारण गुरुवार को एक बार फिर बारिश होने से गांव में पानी घुस गया। गांव के पास उक्त चेक डैम वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र में आता है। बताया जाता है कि चेक डैम की मरम्मति और रख रखाव के नाम पर हर साल बड़ी राशि की निकासी की जाती रही है, पर हकीकत में डैम की मरम्मति भी नहीं करायी गयी। नतीजतन डैम टूटा और गांव में पानी भर गया। इधर कुशाहना के आक्रोशित लोगों ने कहा कि जिला प्रशासन सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है और हमलोगों को भगवान भरोसे मरने के लिए छोड़ दिया गया है। अभी पूरे गांव में बाढ़ की स्थिति है और लोगों का घर से बाहर निकलना या घर में प्रवेश करना संभव नहीं हो पा रहा है। वहीं अब बीमारी के फैलने का भी भय सता रहा है।

## बलकमक्का में फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बलकमक्का में बुधवार को पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि निवर्तमान विधायक जयप्रकाश भाई पटेल शामिल हुए। फाइनल मुकाबला सदारो बनाम राहुल इलेवन टीमों के बीच खेला गया। काफी रोचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में राहुल इलेवन की टीम ने 1-0 गोल से टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। निवर्तमान विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने विजेता टीम राहुल इलेवन को ट्रॉफी, मेडल और नकद राशि 12 हजार रुपये देकर सम्मानित किया। वहीं, उपविजेता सदारो टीम को ट्रॉफी, मेडल और नकद राशि 10 हजार रुपये प्रदान किया गया। मौके पर निवर्तमान विधायक ने कहा कि बेहतर खेल का प्रदर्शन कर खिलाड़ी राज्य और देश का नाम रौशन कर सकते हैं। मौके पर निरंजन महतो बुधन महतो, धनेश्वर महतो, रामजी किस्कू, मुनिलाल महतो, बिनोद सोरेन, लखन महतो, टहल महतो, फूलचंद मांझी, लालू गंझू पूरन महतो, नंद लाल महतो, रेवतलाल महतो, शंकर महतो, मनोज कुमार, राजेश महतो, टेकलाल महतो, राहुल महतो, डेगलाल महतो, पिन्टू कुमार आदि उपस्थित थे।

## बीजीआर कंपनी ने बांटे स्कूल बैग और नोट बुक




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना में कोयला खनन का कार्य कर रही बीजीआर मानिइंग एंड इंफ्रा कंपनी व रोटरी ज्युब्लि हिल के द्वारा सीएसआर मद से परियोजना से प्रभावित बेंगवरी पंचायत के बसरिया गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में अध्ययनरत 850 छात्र-छात्राओं के बिच स्कूल बैग और नोट बुक का वितरण गुरुवार को किया गया। बैग व नोट बुक का वितरण बीजीआर कंपनी के जीएम श्रीनिवास रॉव व रोटरी क्लब प्रबंधक बाला कोटि रेड्डी व स्थानीय जनप्रतिनिधि और बीजीआर कंपनी के अन्य अधिकारीयों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बीजीआर कंपनी के जीएम श्री निवास राव ने कहा की यहां पर हम कोयले का खनन कर रहे हैं इसमें स्थानीय जनता का भी अहम योगदान है। हमारा काम सिर्फ कोयले का खनन करना ही नहीं बल्कि परियोजना से प्रभावित क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करना भी है और इसी के तहत आज यह स्कूल बैग व नोट बुक का वितरण किया जा रहा है। कंपनी की ओर से यह तीसरा कार्यक्रम है व आने वाले समय में सभी विद्यालयों में वितरण किया जायेगा। इस कार्यक्रम को विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार ने कहा की इस विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जाती है कंपनी से आगे भी सहयोग की अपेक्षा है। वहीं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित वर्मा ने खेल के लिए मैदान की मांग की जिसे कंपनी के अधिकारीयों ने पूरा करने का आशवासन भी दिया है। मौके कोटि रेड्डी, द्वितेश रेड्डी, सत्यनारायण, विजय तिवारी, राजकेशर, गणेश, रामशास्त्री, प्रदीप रेड्डी, बलाकोटि रेड्डी सहित विद्यालय में कार्यरत शिक्षक व सैकड़ों छात्र छात्रा मौजूद थे। इस कार्यक्रम का संचालन विजय तिवारी जबकि धन्यवाद ज्ञापन शशिकांत मिश्रा ने किया।

## बीडीओ ने मां के नाम पर लगाया पौधा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के नेतृत्व में मां के नाम पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कहा वर्तमान समय में सभी लोग पर्यावरण को दूषित करने के लिए उतारू हैं। दैनिक जीवन में जो भी प्रयोग हो रही है उससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से चाहे वह जल, वायु और मिट्टी पर्यावरण ही क्यों ना हो सभी असंतुलित हो रही है। यही कारण है कि आज तरह-तरह की बीमारियां महामारी उत्पन्न हो रही है। मनुष्य के साथ-साथ जीव जंतु को भी प्रभावित किया जा रहा है। जब तक इन बीमारियों के बारे में जानकारी होती है तब तक करोड़ों लोग जान गवा दे रहे हैं। इसलिए पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, जमीन की संरक्षण करना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का असंतुलित जीवन शैली के कारण ही आज तरह-तरह की महामारी आ फैल रही है और इसका एकमात्र उपाय है पौधरोपण कर पर्यावरण को संरक्षण बनाये रखना। पौधरोपण कार्यक्रम में पंचायत सेवक धीरज कुमार सिंह, अलका कुमारी, संगम कुमारी, स्वाति कुमारी, गोपाल कुमार, कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, अनंत कुमार कुशवाहा साहित्य अन्य लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग जदयू जिला अध्यक्ष ने विधायक सरयू राय का किया स्वागत




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जदयू के प्रदेश कार्यालय में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक और हाल में जदयू में शामिल हुए सरयू राय को जनता दल यूनाइटेड पार्टी में आने पर राजधानी में पहली हजारीबाग के जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने बुके देकर स्वागत किया। स्वागत समारोह की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने किया। हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो और विधायक सरयू राय के नेतृत्व में आगामी विधानसभा में पार्टी को सफलता मिलेगी। क्योंकि इन दोनों नेताओं को लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलना तय है।

## कोडरमा में युवती ने की आत्महत्या

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के बजरंग नगर में शादी टूटने पर युवती ने डिप्रेशन में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान मधु कुमारी (उम्र 24 वर्ष, पिता सुरेश मोदी) के रूप में हुई है। मृतका के परिजनों ने बताया कि युवती की शादी सामांतो पेट्रोल पंप के समीप निवासी एक युवक के साथ तय हुई थी। अचानक शादी का रिश्ता टूटने से युवती ने डिप्रेशन में आकर आत्महत्या कर ली। आनन फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को देने के बाद शव को गुरुवार को पोस्टमार्टम करके परिजनों को सौंप दिया गया।

## एजेकेएसएस की प्रबंधन के साथ सीसीएल हेडक्वार्टर रांची में हुई एजेंडा बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल हेडक्वार्टर रांची में गुरुवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों और सीसीएल प्रबंधन की सीसीएल के सभी क्षेत्रों के जॉइंट एजेंडा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता डायरेक्टर पर्सनल हर्षनाथ मिश्र ने की। बैठक में यूनियन की ओर से केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी और केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थें। बैठक में सीसीएल के सभी क्षेत्र के कार्यालय के सभी समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गयी। वार्ता के दौरान यूनियन प्रतिनिधियों ने बरका-सयाल क्षेत्र के समस्याओं पर चर्चा करते हुए क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन लगाने, क्षेत्र के सभी फिल्टर प्लांटों का साफ-सफाई और मरमती कराने, नियमित रूप से शुद्ध पेय जलापूर्ति करने, सभी कार्यालय के सभी विभागों में कंप्यूटर उपलब्ध कराने, चुनाव के ड्यूटी में गये कर्मचारियों का संडे का पैसा जल्द भुगतान करने सहित विषयों से प्रबंधन को आकृष्ट कराया। सभी मुद्दों पर प्रबंधन ने कहा कि जल्द से जल्द इन सभी समस्याओं का समाधान करा दिया जायेगा। बैठक में उपाध्यक्ष मुन्ना श्रीवास्तव, हेड क्वार्टर सचिव नानू सिंह, बरका-सयाल सचिव संजय मिश्रा, अध्यक्ष इंद्रदेव राम, रमेश कुमार, हरेंद्र सिंह, सत्येंद्र महतो, राजभजन महतो, सहदेव मांझी, हरिरत्नम, संतोष कुमार, हर्षवर्धन सिंह, प्रेमचंद, बसंत बासपत, मदन महतो, किशोर महतो, नरेश प्रसाद, सचिन कुमार सिंह, प्रेमचंद महतो, रविंद्र वर्मा, सुरेश राम आदि मौजूद थे।

## फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत कांड संख्या 20/23 धारा- 302/120 बी/34 भादवि और 25 (1-बी) ए/26/27 आर्म्स एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त राजेश कुमार वर्मा, पिता प्रयाग राम ग्राम बादाम, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया। बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने बताया कि फरार आरोपी माही रेस्टोरेंट के मालिक रोशन साव की हत्या में संलिप्त था और वह फरार चल रहा है। चिपकाया गये इश्तेहार में आरोपी राजेश वर्मा को माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की बात कही गयी है। अन्यथा पुलिस उसके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करेगी।

## इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग को लेकर बैठक




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण (इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग) कार्यों को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता व एसपी अजय कुमार की उपस्थिति में जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय प्रवर्तन, एजेंसियों विभागों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने राज्य कर आयुक्त, सहायक आयुक्त उत्पाद, सहायक आयुक्त आयकर, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य संबंधित प्रवर्तन एजेंसी के अधिकारियों से कहा कि आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र स्वच्छ व निष्पक्ष आयोजन में आप सभी का योगदान बेहद महत्वपूर्ण होना है, इसलिए यह बहुत जरूरी है कि आप सभी अपने-अपने विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अच्छी तरह से समझे और किसी तरह की कोई भी दुविधा को त्वरित रूप से दूर करें। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त तरीके से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 का आयोजन सुनिश्चित करने निर्वाचन संबंधित विभिन्न प्रकार के खर्चो, अनुमतियों, जांच अभियान आदि को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूर्ण करने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहीत अन्य उपस्थित थे।

## रजरप्पा में फुटबॉल और वालीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला संपन्न



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के रजरप्पा स्टेडियम डीएवी खेल मैदान में युवा आजसू द्वारा आयोजित (अंतर पंचायत) प्रखंड स्तरतीय मदन महतो मेमोरियल 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गुरुवार को भूचुनगडीह (जोराकाठ) बनाम सेवई उत्तरी के बीच खेला गया खेल के दरम्यान में 1-1 गोल से बराबरी रही उसके बाद प्लेंटी शूट आउट में भूचुनगडीह ने 5-4 से भूचुनगडीह ने जीत दर्ज की और फाइनल का खिताब अपने नाम किया। वही वॉलीबॉल में महिला टीम में माइल और मारांगमर्चा के बीच मारांगमर्चा 2-0 से जीत दर्ज की एवं वॉलीबॉल पुरुष टीम में सेवई उत्तरी रजरप्पा क्लब 5/2 माइल के बीच खेला गया जिसमें माइल की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की फुटबॉल मेन ऑफ द मैच-राजेश हांसदा, मेन ऑफ द सीरीस-राकेश मुर्मू, वॉलीबॉल महिला मेन ऑफ द मैच-खिलनती कुमारी, मेन ऑफ द सीरीज-खिलनती कुमारी, वॉलीबॉल पुरुष मेन ऑफ द मैच-नवीन, मेन ऑफ द सीरीज-रणविजय प्रसाद, इससे पहले मैच का उद्घाटन संयुक्त रूप से गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ विधानसभा की रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बॉल और किक मारकर किया। मुख्य अतिथि सांसद चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि गांवों से आजसू पार्टी प्रतिभा की खोज करती है। चितरपुर वर्तमान समय में खेल के मामले में काफी आगे पहुंच चुकी है। आगे भी प्रयास जारी रहेगा। शत-प्रतिशत बिजली, ओडीएफ जिला घोषित हुआ है। वही विधायक सुनीता चौधरी ने कहा आजसू के प्रयास से शिक्षा में गोला में पॉलिटेक्निक कॉलेज, महिला इंजीनियरग कॉलेज, आइटीआइ कॉलेज का निर्माण किया गया है। मौके पर मुख्य रूप से चितरपुर के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार आजसू छात्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष लालू महतो, अजय बंगाली, प्रयाग मांझी, अमरेश चौधरी, सुमंत चौधरी, पवन करमाली, श्रवण चित्रा, जोगी महतो, दीपेश देव, कृष्ण कुमार, राहुल दास, फागू आर्या, अनिल ओहदार, नरेंद्र चौधरी, सुब्रमण्यन, संजीत पटेल, तेजू महतो, विजय साव आदि थे।

### कृषि और अन्य विभागों के कार्यों को लेकर डीसी ने की बैठक

# पशु और मछली पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ देने का निर्देश

**बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 31 अगस्त तक अभियान मोड में लाभुकों को योजना से जोड़े**

आजाद सिपाही संवाददाता



**किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश**

**किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित पशुपालन से जुड़ी अन्य योजनाओं के लाभुकों को केसीसी उपलब्ध कराने को लेकर जिला अग्रणी प्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।**

**रामगढ़।** कृषि और अन्य संबद्ध विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में डीसी ने इस वर्ष जिले के अलग-अलग क्षेत्र में हुई वषार्पात सहित कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी परियोजना निदेशक आत्मा से ली गयी। वहीं, धान, मक्का, दलहन, तिलहन, मोटा अनाज सहित अन्य फसलों के अच्छादन के तहत प्रखंडवार अब तक हुए कार्यों की समीक्षा कर डीसी ने लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति करने का निर्देश दिया। जिले में फर्टिलाइजर की उपलब्धता की समीक्षा के क्रम में डीसी ने किसी भी परिस्थिति में निर्धारित दर से अधिक दर पर फर्टिलाइजर्स की बिक्री अथवा कालाबाजारी जिले में न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस संबंध में कार्यपालक दंडाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, सहायक कृषि पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में फर्टिलाइजर विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

**एक सप्ताह में विस्तृत कार्य योजना तैयार कर जिला स्तर पर उपलब्ध करायें:** बीज वितरण कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने रामगढ़ जिला को बीज उत्पादन की दिशा में अग्रणी बनाने को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में अगले एक सप्ताह में विस्तृत कार्य योजना तैयार कर जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीसी के द्वारा बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को योजना पर विशेष ध्यान देते हुए 31 अगस्त तक अभियान मोड में योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। वहीं, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के क्रम में डीसी ने लंबित ई केवाइसी का कार्य तत्काल रूप से पूर्ण करने और संतोषजनक कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया।

**मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए माइनिंग कोलपिट की पहचान करने का निर्देश:** बैठक के दौरान डीसी ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में निर्मित कोल्ड स्टोरेज, मिनी कोल्ड स्टोरेज आदि की जानकारी लेने के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी से वर्तमान में कोल्ड स्टोरेज में विद्युत कनेक्शन, सौर्य ऊर्जा आदि की जानकारी लेते हुए संबंधित प्रतिवेदन तत्काल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**किये गये कार्यों और लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति सुनिश्चित करने को लेकर निर्देश:** इसके अलावा बैठक में डीसी ने उद्यान, मत्स्य, भूमि संरक्षण सहित अन्य कृषि संबद्ध विभागों द्वारा विगत वित्तीय वर्ष तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में किये गये कार्यों और लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति सुनिश्चित करने को लेकर महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, कृषि और अन्य संबद्ध विभागों के जिला और प्रखंड स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आजसू पार्टी ने की बैठक, बनायी रणनीति

# आजसू के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचायें कार्यकर्ता: मनोज

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** झारखंड में होनेवाले आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर गुरूवार को मुर्रामकला में आजसू पार्टी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के नेतृत्व में हर ओर विकास की गाथा लिखी जा रही है। कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में सड़क का निर्माण हो गया है। बिजली सभी जगह पहुंच चुकी है। तालाबों के सुंदरीकरण का कार्य किया गया है। इसके अलावे जरूरतमंद लोगों की विधायक के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ता हमेशा मदद करते रहते हैं। साथ ही जरूरतमंदों का सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता हमेशा तत्पर रहते हैं। ताकि जरूरतमंद लोग सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ उठा सकें।

मौके पर तेजपाल महतो, सोहन महतो, धनेश्वर चौधरी, रमेश कुशवाहा, चमन महतो, मनोज कुमार, नंदू महतो, जगदीश करमाली, आशा महतो, मैनेजर महतो, सुगंध महतो, महेश महतो, चेतलाल महतो, ननकू महतो, गीता देवी, सुनीता देवी आदि उपस्थित थे।

# स्कूल परिसर में जलजमाव से बच्चों को बीमारियों का खतरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** अंबाटांड़ (सांडी) स्थित नव प्राथमिक विद्यालय परिसर में प्रदूषित जलजमाव के कारण बच्चो के बीच संक्रमित बीमारी होने का खतरा मंडरा रहा है। इस मामले को लेकर विद्यालय प्रबंधन द्वारा जलजमाव निकासी को लेकर फिलहाल किसी भी प्रकार का वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गयी है। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में जल जमाव का मुख्य कारण दो पड़ोसी के आपसी विवाद में नाली निर्माण का न होना है।

**दो पड़ोसी के आपसी विवाद में विद्यालय में जमा है पानी** : विद्यालय के पास दो पड़ोसी के आपसी विवाद के कारण स्कूली बच्चे कैंपस में खेल से जहां वंचित है। वहीं, प्रदूषित जल जमाव के कारण बच्चों के बीच संक्रमित बीमारियों से ग्रसित होने का खतरा मंडराने लगा है। बच्चे मच्छर से परेशान है। वही, जलजमाव के कारण शौचालय में आने-जाने में भी परेशानी हो रहा है। इस संबंध में पड़ोसी विकास प्रजापति से पूछे जाने पर बताया कि मेरे जमीन पर पानी की निकासी होती थी। जिसके कारण मेरे घर का दीवार गिरने का डर सता रहा था। इसी कारण मैंने जल निकासी रास्ता पर चारकोल गिरा दिया। वहीं दूसरे पड़ोसी संतोष यादव ने कहा कि यह आम रास्ता है। इस मामले में वार्ड पार्षद मंजू देवी ने बताया कि विद्यालय परिसर से प्रदूषित जल का निकासी नहीं होना पास में घर का निर्माण कारण है।

# महिलाओं के न्याय और सुरक्षा की मांग को लेकर कॉलेज शिक्षकों-विद्यार्थियों ने निकाला विरोध मार्च

**देश में लड़कियां सुरक्षित नहीं तो देश सुरक्षित नहीं: डॉ रत्ना पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ महाविद्यालय और रामगढ़ महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की महिला ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर कांड के खिलाफ विरोध मार्च निकाला गया और न्याय की गुहार लगायी गयी। रामगढ़ महाविद्यालय परिसर से ब्लाक चौक, रामगढ़ तक प्राध्यापकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों और छात्र छात्राओं के मार्च में हमें न्याय चाहिए का नारा गूंज रहा था। इस विरोध मार्च की नेतृत्व महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रत्ना पांडेय ने किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि देश में लड़कियां सुरक्षित नहीं तो देश सुरक्षित नहीं, देश ही नहीं संसार में कहीं भी ऐसी घटना न हो। उपास्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा महिलाओं के इज्जत, सम्मान और जान पर उत्पन्न खतरे को लेकर चिंता व्यक्त की गयी और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की गयी और इस कांड के दोषी को सजा दिलाने और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की गयी। ज्ञात हो कि इस रेप और हत्या के मामले आज भी देश भर में विरोध प्रदर्शन जारी है। महाविद्यालय से निकाले गये मार्च में प्रो सरिता सिंह, डॉ आरवीपी देव, डॉ राजेश उपाध्याय, डॉ बक्शी ओमप्रकाश, डॉ रामाज्ञा सिंह, डॉ कामना राय, प्रो रोज उरांव, डॉ प्रीति कमल, डॉ मालिनी डीन, डॉ बलवंती मिंज, प्रो साजिद हुसैन, प्रो बीरबल महतो, डॉ शाहनवाज खान, प्रो भरत भूषण, प्रो मिथलेश, अजीता किंडो, सरजू महतो, विरेंद्र उरांव, सुरेश महतो, राकेश रौशन, मनोज कुमार, विजय कुमार, सबिता कुमारी, रीता देवी, राजेश महतो, दिलीप रॉबर्ट सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## कुजू में उज्ज्वला फाउंडेशन ने सदस्यों के बीच बांटी खाद्य सामग्री



**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्ज्वला फाउंडेशन की बैठक मोतीराम कॉम्प्लेक्स बोंगावार में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष सह भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने किया। बैठक के दौरान सदस्यों ने फाउंडेशन के विकास के लिए चर्चा किया। साथ ही जगेश्वर प्रजापति को भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर के प्रभारी बनाये जाने पर सदस्यों ने अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया। मौके पर जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने मुझे भाजपा रांची महानगर का जिला प्रभारी मनोनीत किया है। मैं भाजपा के विकास के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करूंगा। वहीं, उन्होंने सदस्यों को निरंतर उज्ज्वला फाउंडेशन के प्रति कार्य करने की बात कही। उन्होंने उज्ज्वला फाउंडेशन आने वाले समय में काफी आगे जायेगा। साथ ही इससे जुड़े महिला सदस्यों को काफी सुविधाएं प्राप्त होगी। बाद में उन्होंने फाउंडेशन के 51 सदस्यों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया। मौके पर सुखदेव सोनी, प्रकाश केशरी, प्रमोद यादव, आशा कुमारी, शांति देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, सुमन देवी, संगीता देवी, रिंकु देवी, मीना देवी, अनिता देवी, प्रीति, किरण, लीला, पूनम, सबिता, लक्ष्मी, गुड़िया, अनिता, कुंती, मानको, आशा, मीरा, करमी, गीता, रानी, उषा, मुनिया, मंजू, प्रियंका आदि शामिल रहे।

## क्षेत्र का समुचित विकास करना मेरी प्राथमिकता: अंबा प्रसाद



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अथक प्रयास से 4 करोड़ 47 लाख 79 हजार तीन सौ की लागत से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पतरातू प्रखंड के दो मुख्य सड़को का मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड रांची से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा है कि क्षेत्र का समुचित विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पालू पंचायत के ग्राम टोकीसुद जीवीके बाउंड्री सरना से लमकीटांड़ खेल मैदान मुख्य पथ और बबलू मांझी के घर से चोरगढ़ा तक 1.700 किमी पथ का निर्माण कार्य लगभग 2 करोड़ 16 लाख की लागत से व ग्राम टेरपा 52 नंबर पथ से ढोढ़ी सरना देव स्थल और चोरगढ़ा पुल से रखोताटांड़ तक लगभग 2.2 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य लगभग 2 करोड़ 31 लाख की लागत से होगा। ग्रामीण कार्य विभाग रामगढ़ से जल्द ही निविदा प्रकाशित होगी और निविदा निस्तारण होते ही कार्य का शुरूआत होगा।

## राज्यस्तरीय खेलों में डीएवी रजरप्पा के 452 खिलाड़ी लेंगे भाग



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** डीएवी द्वारा 22 से 31 अगस्त तक आयोजित होने वाले दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए धनबाद, हजारीबाग, रामगढ़, जमशेदपुर, डाल्टनगंज, बोकारो के लिए रवाना हुए। बच्चे खोझखो, हैंडबॉल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, कराटे आदि प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बताते चले कि डीएवी के खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सर्वप्रथम क्लस्टर लेवल से क्वालीफाई करते हैं। झारखंड क्षेत्र डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य डॉ एसके शर्मा ने सभी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को अलग-अलग खेलों में भाग लेने के लिए रवाना किया। यह प्रतियोगिता 14, 17 और19 वर्ष बालक-बालिकाओं के बीच होगी। विद्यालय प्राचार्य ने खिलाड़ियों को अनुशासित होकर खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामना एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि हार-जीत तो खेल के दो पहलू हैं लेकिन अनुशासित होकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करना अच्छे खिलाड़ी की पहचान है। खिलाड़ियों के साथ जाने वालों शिक्षक -शिक्षिकाओं में शिशिर पांजा, फरहत जहां, सावित्री कुमारी, अरनव मन्ना, मधुलता मिश्रा, डी मुखोपाध्याय, अंजनी पांडे, निशु सिंह, रामाशंकर सिंह, सिल्की कुमारी, कौशल किशोर और रामेंद्र कुमार है जो उनकी देख-रेख और उनके मार्गदर्शन में रहेंगे। प्राचार्य महोदय ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान सभी बच्चों का विशेष ध्यान रखेंगे। बच्चों को रवाना करते समय विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक, ऑफिस स्टाफ एवं सभी अभिभावक उपस्थित थे।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ




**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू चट्टी स्थित बाजार टांड़ सुभाष स्टेडियम में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। खेलो झारखंड प्रतियोगिता में सर्वप्रथम दिन स्कूली बच्चों के बीच एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर,400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, और 3000 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, 4 100 और 4 400 रिले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय राम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर शिक्षक अशोक कुमार, सत्यदेव सिंह, सहायक अध्यापक अली राजा खान, कमल राज, दिनेश महतो, मनीष कुमार, जितेंद्र कुमार, शिक्षिका दिव्या एक्का, सोनी कुमारी, मालती कुमारी अनिमेष कुमार, किरण कुमारी, आभा नाग, संगीता कुमारी, मनोज तिर्की, कमल महतो, निरंजन महतो, महली, खेमन महतो, और सीआरपी सत्येंद्र कुमार समेत प्रखंड के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और सीआरपी उपस्थित थे।

# रिश्तों में संतुलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दो यूरोपीय देशों- पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा पर रवाना हो गये। पहले वह पोलैंड पहुंचे, लेकिन सबकी नजरें उनके यूक्रेन दौरे पर टिकी हैं, जहां युद्ध विशेष दौर में पहुंच चुका है। पीएम मोदी की पोलैंड यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्तों के 70 वर्ष पूरे हो रहे हैं। वह पिछले 45 वर्षों में पोलैंड जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी इस यात्रा के दौरान द्विपक्षीय रिश्तों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत होगी। ध्यान रहे, पोलैंड में रह रहे भारतीयों की संख्या करीब 25000 है, जिनमें 5000 से ज्यादा स्टूडेंट्स हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद जब वहां फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने की चुनौती सामने आयी थी, तो पोलैंड का सहयोग अहम साबित हुआ था। तब ऑपरेशन गंगा के दौरान करीब 4000 स्टूडेंट्स पोलैंड के रास्ते ही स्वदेश लाये गये थे। 23 अगस्त को पोलैंड से ही ट्रेन के जरिए पीएम मोदी यूक्रेन जायेंगे। यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यूक्रेन यात्रा है। खास कर रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में इस यात्रा की अहमियत बहुत बढ़ जाती है। पिछले महीने जब पीएम मोदी रूस यात्रा पर गये थे और वहां रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन से मुलाकात की थी, तो उस पर निराशा जताने वालों में यूक्रेन के जेलेंस्की भी थे। एक महीने के अंदर हो रही प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा इस तथ्य को रेखांकित करती है कि भारत रूस और यूक्रेन दोनों के साथ अपने रिश्तों को लेकर गंभीर है और उनके बीच हो रहे युद्ध का असर अपने किसी रिश्ते पर नहीं पड़ने देना चाहता। दिलचस्प है कि जब पीएम मोदी कीव पहुंच रहे हैं, तब यूक्रेन की सेना ने कुछ रूसी क्षेत्रों में दबाव बढ़ा रखा है। लेकिन भारत युद्ध के उतार-चढ़ावों से खुद को अलग रखे हुए है। उसका शुरू से कहना है कि कूटनीतिक बातचीत के जरिए ही सारे विवाद हल किये जाने चाहिए। पीएम मोदी जब 2022 में समरकंद में रूसी राष्ट्रपति पूतिन से मिले थे, तब भी उनसे कहा था कि यह युद्ध का दौर नहीं है और जब हालिया रूसी यात्रा के दौरान उनसे मिले तब भी कहा कि युद्ध के मैदान में कोई हल नहीं निकलने वाला। खास बात यह है कि चाहे रूस और यूक्रेन हों या अमेरिका और अन्य यूरोपीय देश, भारत इनमें से किसी के भी दबाव में आये बगैर अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र और संतुलित नीति पर कायम है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी आज भी यह उम्मीद बनाये हुए है कि दोनों देशों से करीबी की बदौलत भारत शांति प्रयासों को अंजाम तक पहुंचाने में विशेष भूमिका निभा सकता है।

**पीएम मोदी जब 2022 में समरकंद में रूसी राष्ट्रपति पूतिन से मिले थे, तब भी उनसे कहा था कि यह युद्ध का दौर नहीं है और जब हालिया रूसी यात्रा के दौरान उनसे मिले तब भी कहा कि युद्ध के मैदान में कोई हल नहीं निकलने वाला।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आज नॉर्थ कोरिया, अफगानिस्तान और रूस जैसे देशों में रेप को लेकर बहुत ही सख्त कानून हैं, परंतु हमारा ध्यान भी बस इसी तरफ है, मगर हमें इस सोच की जड़ तक पहुंचना होगा, क्योंकि एक रेपिस्ट को यह भली भांति पता होता है कि उन्हें कितनी सजा मिलेगी और यह कौन अपराध है। मगर अधिकतर के मामलों में उन्हें इस बात का आत्मविश्वास होता है कि वह कभी पकडे नहीं जायेंगे।**

# समय, समाज और टूटते सपने

संस्कृति चौहान

15 अगस्त 2024 यानी देश को आजाद हुए 78 वर्ष पूरे हो गये, पर क्या हम सच में आजाद हो पाये हैं?, यह सवाल आज भी यथावत है। जरूरी इस यक्ष प्रश्न का जवाब नहीं, बल्कि यह जानना है कि यह सवाल आखिर हमारे मन में उभरा, कैसे और क्यों?

आजादी के जश्न के कुछ ही दिनों के पश्चात पूरे देश में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया, ताकि एक भाई अपनी बहन की रक्षा कर सके। मगर किससे? अपने ही समाज से?

कोलकाता के इस दिल दहला देने वाली घटना की वजह से यह पता चलता है कि हमारा समाज महिलाओं के लिए किस तरह फेल हो रहा है। जहां वेस्ट बंगाल की सरकार को इस तरह की घटना होने से रोकना चाहिए, वो खुद ही धरना निकाल रही है, जहां पुलिस को जनता को बचाना चाहिए, वो खुद ही सोशल मीडिया पर नोटिस डाल रहे हैं।

गौरतलब हो कि आरजीकर मेडिकल कॉलेज देश के सबसे पुराने कॉलेजों में से एक है और इसी कॉलेज में एक ऐसी घटना हुई, जिसने पूरे देश को हिला कर रख दिया।

**आरजीकर मेडिकल कॉलेज देश के सबसे पुराने कॉलेजों में से एक है और इसी कॉलेज में एक ऐसी घटना हुई, जिसने पूरे देश को हिला कर रख दिया।**

बीते 8 अगस्त की रात के 11 बजे, एक 31 साल की पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी 36 घंटे की शिफ्ट में थी और इस शिफ्ट के दौरान उन्हें 24 घंटे हमेशा ऑन कॉल रहना होता है, वह आराम तो करते हैं, पर जब भी उनकी जरूरत पड़ती है, उन्हें तुरंत जाना पड़ता है।

रात में उस ट्रेनी ने अपने घर वालों से बात की और काम पर वापस चली गयी, फिर उसी रात 2 बजे उसने एक ब्रेक लिया व रात का खाना खाया और उसी अस्पताल में स्तिथ सेमिनार हॉल में थकावट के कारण आराम के लिए रुक गयी, क्योंकि उसकी शिफ्ट 36 घंटे की थी। अगले दिन सुबह 7:30 बजे उसे पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी की बॉडी मिलती है, उसी हॉल में करीब 10 चोटों के साथ और उनकी आंखों से खून निकल रहा होता है।

इसी दौरान कॉलेज के तरफ से लड़की के घर वालों को फोन किया जाता है कि उनकी बच्ची ने आत्महत्या कर ली है और जब उनके घर वाले वहां पहुंचते हैं, तो उन्हें 3 घंटे इंतजार करवाया जाता है। फिर जैसे ही घर वाले अपनी बच्ची को देखते हैं, वह टूट जाते हैं और साफ इनकार कर देते और बोलते हैं कि उनकी बच्ची का रेप और मर्डर हुआ है। यह सब देख कर वे कहते हैं कि वह तो चली गयी। हम उसे वापस नहीं ला सकते, पर कम से कम उसे इंसाफ जरुर दिला सकते हैं। तभी से देश में जोर-शोर से डॉक्टरों के द्वारा आंदोलन किया जा रहा है, ताकि उस बेबस एवं लाचार बच्ची को इंसाफ मिले, साथ ही उस डॉक्टर को भी, जो लोगों की जान बचाते हैं।

तकरीबन 11 दिन बीत चुके हैं और पुलिस कार्यवाही कर रही है। घरवालों की एफआइआर दर्ज कर ली गयी है। यह केस सीबीआइ को भी सौंप दी गयी, पर इस केस की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दखल देना सही समझा और इस केस की सुनवाई की, साथ ही एक नेशनल टास्क फोर्स का गठन किया, जो देश में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए काम करेंगे और इसमें अहम भूमिका डॉक्टरों की होगी।

साथ ही साथ सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस के ऊपर कार्रवाई में देर होने के लिए फटकार लगायी और वेस्ट बंगाल की मुख्यमंत्री के द्वारा प्रिंसिपल का सस्पेंशन न करने के पीछे का जवाब भी मांगा है और आखिर में सुप्रीम कोर्ट ने जनता एवं देश के सभी डॉक्टर्स को न्यायपालिका और न्याय तंत्र पर भरोसा रखने को कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट की अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी।

आज नॉर्थ कोरिया, अफगानिस्तान और रूस जैसे देशों में रेप को लेकर बहुत ही सख्त कानून हैं, परंतु हमारा ध्यान भी बस इसी तरफ है, मगर हमें इस सोच की जड़ तक पहुंचना होगा, क्योंकि एक रेपिस्ट को यह भली भांति पता होता है कि उन्हें कितनी सजा मिलेगी और यह कौन अपराध है। मगर अधिकतर के मामलों में उन्हें इस बात का आत्मविश्वास होता है कि वह कभी पकडे नहीं जायेंगे।

गौरतलब हो कि हमारे देश में रेप केसेस जो दर्ज होते हैं, वह केवल 27 फीसदी ही हो पाते होते हैं, बाकी के 73 फीसदी केस ऐसे होते हैं जो दर्ज ही नहीं होते। इस लिए सजा को कड़ी करने के बजाय, हमें एक बेहतर प्रशासन और न्याय व्यवस्था पर काम करने की सख्त जरूरत होगी।

बताते चलें कि वर्ष 2019 में हैदराबाद में एक ऐसा ही रेप और मर्डर केस हुआ था, जहां पुलिस ने दोषी का इन काउंटर कर दिया था और उस दिन पूरा देश जश्न मना रहा था, परंतु जो दर्द भुक्तभोगी ने सहा क्या वो दर्द कभी मिट पाया। नहीं न! सवाल फिर से, कि उस एन काउंटर के बाद क्या रेप बंद हो गये?, जवाब है? नहीं, क्योंकि ना प्रशासन बेहतर हुआ और ना ही न्याय व्यवस्था सुधरी।

हमें हमारे बच्चों को लैंगिक समानता के बारे में बतलाना चाहिए। याद रहे रेप एक तरीका है यौन उत्पीड़न का, हर रोज जो लड़कियां सड़कों पर घूरी जाती हैं, उन पर ताने मारे जाते हैं, यह भी एक तरीका है यौन उत्पीड़न का, और यह तभी कम होगा, जब हम हमारे बच्चों को ढंग की शिक्षा देंगे।

**(लेखिका : आइएएस एस्पिरेंट्स, छात्रा, पंडरा, रांची हैं।)**




**वर्ष 2019 में हैदराबाद में एक ऐसा ही रेप और मर्डर केस हुआ था, जहां पुलिस ने दोषी का इन काउंटर कर दिया था और उस दिन पूरा देश जश्न मना रहा था, परंतु जो दर्द भुक्तभोगी ने सहा क्या वो दर्द कभी मिट पाया। नहीं न! सवाल फिर से, कि उस एन काउंटर के बाद क्या रेप बंद हो गये?, जवाब है? नहीं, क्योंकि ना प्रशासन बेहतर हुआ और ना ही न्याय व्यवस्था सुधरी।**

## देश-विदेश की खबरें

# 33 वैज्ञानिकों को मिला राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार

### बायोकेमिस्ट गोविंदाराजन पद्मनाभन को विज्ञान रत्न, इसरो चंद्रयान टीम को विज्ञान टीम अवॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 33 लोगों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार से सम्मानित किया। ये सेरेमनी राष्ट्रपति भवन में हुई। बायोकेमिस्ट गोविंदाराजन पद्मनाभन को साइंस के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए विज्ञान रत्न अवॉर्ड दिया गया। इसके अलावा इसरो की चंद्रयान टीम को विज्ञान टीम अवॉर्ड से नवाजा गया।



### 18 युवा वैज्ञानिकों को मिले अवॉर्ड

33 अवॉर्ड विजेताओं की लिस्ट में 18 युवा वैज्ञानिकों के लिए 'विज्ञान युवा शांति स्वरूप भटनागर' अवॉर्ड और 13 'विज्ञान श्री' अवॉर्ड शामिल हैं।

'विज्ञान रत्न' विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आजीवन उपलब्धियों और योगदान को मान्यता देने के लिए दिया गया, जबकि 'विज्ञान श्री' विशिष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए दिया गया।

सरकार ने पद्म पुरुस्कार की तर्ज पर देश में सभी विज्ञान अवॉर्ड को शुरू करते हुए जनवरी में नेशनल साइंस अवॉर्ड की शुरूआत की थी, जहां अवॉर्ड विजेताओं को एक पदक और प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। पहले के साइंस अवॉर्ड से अलग नेशनल साइंस अवॉर्ड में कैश नहीं दिया जाता है।

आनंदरामकृष्णन सी, उमेश वार्ष्णेय, भीम सिंह, आदिमूर्ति आदि, सैयद वजीह अहमद नकवी, संजय बिहारी और राहुल मुखर्जी विज्ञान श्री पुरस्कार के लिए चुने गये लोगों में शामिल हैं।

साइंस युवा अवॉर्ड के लिए रजिस्टर्ड अवॉर्ड विजेताओं में डॉ बप्पी पॉल, डॉ अभिलाष, राधाकृष्णन महालक्ष्मी, पूरबी सैकिया, दिगेंद्रनाथ स्वैन, प्रभु राजगोपाल और प्रशांत कुमार शामिल हैं।

### अयोध्या गैंगरेप में की गयी कार्रवाई

# सपा नेता के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को ढहाया

**चार बुलडोजर ने 5 घंटे में किया जमींदोज**

**तालाब पर खड़ी कर ली थी बिल्डिंग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या में 12 साल की लड़की से गैंगरेप के आरोपी सपा नेता मोईद खान का शॉपिंग कॉम्प्लेक्स ढहा दिया गया। तीन जेसीबी और एक पोकलैंड मशीन ने 5 घंटे में 2 मंजिला बिल्डिंग को जमींदोज कर दिया। अब मलबे को हटाया जा रहा है। करीब तीन करोड़ कीमती कॉम्प्लेक्स 4000 स्क्वायर फीट में बना था। पीएसी की 4 कंपनी और कई थानों की फोर्स मौके पर है। प्रशासन का दावा है- कॉम्प्लेक्स तालाब और चकरोड पर अवैध तरीके से बनाया गया। नक्शा भी पास नहीं था। बता दें कि 19 दिन पहले सपा नेता की 3000 वर्ग फीट पर बनी बेकरी पर बुलडोजर चला था। अयोध्या में बच्ची से 12 जुलाई को रेप का मामला सामने आया था। मामले में पुलिस ने सपा नेता मोईद और उसके नौकर राजू को गिरफ्तार किया था। सीएम योगी ने खुद घटना का जिक्र विधानसभा में किया था। गैंगरेप पीड़ित बच्ची का अबॉर्शन हो चुका है। घर पर 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी उसकी सुरक्षा के लिए तैनात हैं। रेप का आरोपी 65 साल का मोईद अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद का करीबी है।

### बोत्सवाना में निकला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हीरा

# कैरो खदान में 2,492 कैरेट का डायमंड मिला

एजेंसी

**बोत्सवाना।** बोत्सवाना में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हीरा मिला है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा की फर्म लुकारा डायमंड की एक कैरो खदान में 2492 कैरेट का हीरा निकला है। यह 1905 में साउथ अफ्रीका में मिले 3106 कैरेट के कलिनन डायमंड के बाद अब तक का सबसे बड़ी हीरा है।

कैरो खदान बोत्सवाना की राजधानी गेबरोन से करीब 500 किमी दूर है। इससे पहले 2019 में इसी खदान में 1758 कैरेट का सेवेलो हीरा मिला था। इसे फ्रांस की फैशन कंपनी लुई विटॉन ने खरीदा था। हालांकि, उन्होंने इसकी कीमत नहीं बतायी थी।

**444 करोड़ में बिका था 1,111 कैरेट का हीरा**

**इससे पहले 2017 में बोत्सवाना की कैरो माइन में 1111 कैरेट का लेसेडी ला रोना हीरा मिला था, जिसे ब्रिटेन के एक ज्वेलर ने 444 करोड़ रुपए में खरीदा था। बोत्सवाना दुनिया के सबसे बड़े डायमंड प्रोड्यूसर्स में से एक है। दुनिया के 20% हीरा का उत्पादन यहीं होता है। लुकारा डायमंड फर्म के हेड विलियम लैंब ने कहा कि हम इस खोज से बेहद खुश हैं। इस हीरे को हमारी मेगा डायमंड रिकवरी एक्स-रे तकनीक की मदद से खोजा गया। हम इस 2492 कैरेट के हीरे तो तराशने की कोशिश में लगे हैं।**

# 25 को मोदी 11 लाख लखपति दीदीयों को प्रमाण पत्र देंगे : शिवराज सिंह चौहान

**2500 करोड़ का रिवॉल्विंग फंड जारी करेंगे, जिससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों के 48 लाख सदस्यों को मिलेगा लाभ**

**5000 करोड़ का बैंक ऋण भी जारी करेंगे, जिससे 2,35, 400 स्वयं सहायता समूहों के 25.8 लाख सदस्यों को होगा लाभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदियों के सम्मान के लिए होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर नयी दिल्ली में गुरुवार को प्रेसवार्ता की। केंद्रीय राज्य मंत्री चंद्र शेखर पेम्मासानी भी प्रेसवार्ता के दौरान मौजूद थे। श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अगस्त को महाराष्ट के जलगांव में आयोजित समारोह में लखपति दीदियों के साथ संवाद करेंगे। साथ ही 2500 करोड़ का रिवॉल्विंग फंड - सामुदायिक निवेश फंड भी जारी करेंगे, जिससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री 5000 करोड़ रुपये का बैंक ऋण जारी करेंगे, जिससे 2,35,400 स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के 25.8 लाख सदस्यों को लाभ होगा। लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। देशभर में 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों यानी राज्यों की राजधानियों में लगभग 30,000 स्थानों के जिला मुख्यालय, सीएलएफ वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लखपति दीदियां ऐसी महिलाएं हैं, जो सालाना एक लाख रुपये या उससे ज्यादा कमाती हैं। इन



लखपति दीदियों ने न सिर्फ. अपने परिवार को गरीबी से बाहर निकाला है, बल्कि वे बाकी समाज के लिए भी आदर्श बन रही हैं। हम पहले ही 1 करोड़ लखपति दीदियां बना चुके हैं। हमारा लक्ष्य अगले 3 सालों में 3 करोड़ लखपति दीदियां बनाना है। यह जानकर खुशी होती है कि इनमें से एक सीआरपी ने 95 लखपति दीदियां बनायी हैं।

उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने स्वयं सहायता समूहों के परिवारों को एक लाख रुपये या उससे अधिक की वार्षिक आय अर्जित करने में सक्षम बनाने के लिए एक संरचित प्रक्रिया अपनायी है। इसमें राष्ट्रीय संसाधन व्यक्तियों को सक्षम बनाना, फिर प्रत्येक राज्य में मास्टर प्रशिक्षकों को विकसित करना शामिल है। ये मास्टर प्रशिक्षक व्यवसाय योजना, वित्तपोषण और अभिसरण प्रक्रिया पर सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (सीआरपी) को आगे प्रशिक्षित करते हैं। 3 लाख सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (सीआरपी) का कैडर, जिन्हें विशेष रूप से व्यवसाय नियोजन और एसएचजी सदस्यों के कौशल में प्रशिक्षित किया गया है, इस संबंध में एक महान सेवा कर रहे हैं। इनमें से कुछ सीआरपी को सम्मानित भी किया जायेगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 100 दिनों में 11 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था, जबकि अब तक 15 लाख लखपति दीदियां बना दी हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री सम्मानित करेंगे।

# जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और एनसी में गठबंधन

**फारूक अब्दुल्ला ने कहा : सीटों का बंटवारा बाद में होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव मिल कर लड़ेंगे। गुरुवार, 22 अगस्त को राहुल गांधी से मुलाकात के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुखिया फारूक अब्दुल्ला ने इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि राज्य की सभी 90 सीटों पर दोनों दल एक साथ चुनाव लड़ेंगे। सीटों को रात तक फाइनल कर लिया जायेगा। हमें उम्मीद है कि हम फिर से सत्ता में आयेंगे। हमारे



दरवाजे सभी के लिए खुले हैं।'

इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने श्रीनगर में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर का प्रतिनिधित्व करना और इसे वापस राज्य का दर्जा दिलाना सबसे जरूरी है। यहां से मेरा खून का रिश्ता है। ऐसे में उम्मीद है कि चुनाव में लोग हमारा साथ जरूर देंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अगर हम जम्मू-कश्मीर चुनाव जीतेंगे, तो सारा हिंदुस्तान हमारे कब्जे में आयेगा। राहुल और खड़गे दो दिन के जम्मू-कश्मीर दौरे पर हैं। दोनों नेता 21 अगस्त की शाम श्रीनगर पहुंचे। दूसरे दिन दोनों नेता कार्यकर्ताओं से मिले।

**हमने पीएम मोदी का कॉन्फिडेंस तोड़ दिया : राहुल**

**राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव में हमने पीएम मोदी का कॉन्फिडेंस तोड़ दिया है। अब उनकी छाती 56 इंच की नहीं रही। वे कंधे झुकाकर चलते हैं। जम्मू-कश्मीर चुनाव में गठबंधन तभी होगा जब कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को इज्जत मिलेगी।**

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


## टेंपो से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। केतार थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव निवासी अखिलेश चंद्रवंशी के पत्नी फूलवंती देवी गुरुवार को चलती टेंपो से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, यहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए उसे सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। गुरुवार को मायके से अपने घर मुकुंदपुर जाने के क्रम में चलती हुई टेंपो से गिरने से घायल हो गयी। अस्पताल में पहुंचे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद साह ने 108 एंबुलेंस से उसे गढ़वा भिजवाया।

## रामचंद्र चंद्रवंशी का निधन

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर बस्ती निवासी सह संवेदक रामचंद्र चंद्रवंशी का निधन गुरुवार के शाम हर्ट अटैक से हो गयी। उन्हें ईलाज के लिए तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में रंका के आलोक ने लिया भाग

# वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन का गंभीर अध्ययन जरूरी: आलोक

आजाद सिपाही संवाददाता






**रंका।** संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन के युवा निर्वाचन संगठन यंगो के तहत राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित आधिकारिक जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम में रंका के आलोक कुमार चौधरी ने संबोधित किया। यह जलवायु परिवर्तन मंच युवा नेताओं को स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तरों पर जलवायु नीतियों में शामिल होने, सहयोग करने और उन्हें प्रभावित करने का अधिकार देता है। आलोक ने कहा कि इस जलवायु सम्मेलन में उन्हें विशेष रूप से नीति निर्माण को करीब से सीखने का अवसर मिला। इस तरह के आयोजन हमें भविष्य को एक साथ आकार देने की अनुमति देते हैं, यह सुनिश्चित करते हैं कि संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का 29वां सत्र में होने वाली महत्वपूर्ण बातचीत में हमारी आवाज सुनी जाये। सम्मेलन के दौरान मुझे जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय युवा वक्तव्य पर काम करने का मौका मिला। इस राष्ट्रीय युवा वक्तव्य का उपयोग भारत के युवाओं के जलवायु परिवर्तन पर सरकार और सीओपी 29 अजरबैजान के दृष्टिकोण को संप्रेषित करने के लिए किया जायेगा। इसके अतिरिक्त बैटरी प्रौद्योगिकी पृष्ठभूमि से होने के बारे में कुछ प्रतिनिधियों की गंभीर चिंता को देखते हुए उन्होंने ने लिथियम आयन बैटरी के अपशिष्ट प्रबंधन पर एक प्रस्तुति भी दी। उन्हें प्रस्तुति का उद्देश्य यह उजागर करना था कि प्रौद्योगिकी के पास सेल के उपयोग के बाद लिथियम आयन अपशिष्ट को संबोधित करने के लिए पहले से ही समाधान मौजूद है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र निकायों सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। जिसमें रीता खन्ना, वैज्ञानिक जी, लाइफ सेल, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार डॉ जेललेम बिरहानू तफ्फेसे, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के लिए यूनिसेफ फील्ड ऑफिस के प्रमुख, यूनिसेफ के राष्ट्रीय राजदूत आयुष्मान खुराना आदि शामिल थे।

# चिराग पासवान 25 को रांची आयेंगे कई कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

**लोक जनशक्ति (रामविलास) पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक**

**राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पार्टी देशव्यापी विस्तार की रणनीति बनाएगी: वीरेंद्र प्रधान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोक जनशक्ति (रामविलास) पार्टी के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की अध्यक्षता में 25 अगस्त को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की मेजबानी लोजपा (आर) झारखंड प्रदेश को मिली है। पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान 25 अगस्त को रांची आएंगे। वे पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में भाग लेंगे। उक्त बैठक में सांसद वीणा देवी, शांभवी चौधरी, अरुण भारती, राजेश वर्मा समेत विधायक, पूर्व विधायक, पार्टी के विभिन्न प्रदेश के अध्यक्ष सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित होगी। इसके बाद हरमू बाईपास स्थित कार्निवल बैंक्वेट हॉल में संवाददाता सम्मेलन और अभिनंदन सह कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पार्टी देशव्यापी विस्तार की रणनीति बनायेगी और अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लेकर पार्टी की आगामी रणनीति पर मंथन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोजपा (रामविलास) के राजस्थान में आयोजित कराये जाने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की रूपरेखा भी तैयार की जायेगी।

# मांगों के समर्थन में नगर पंचायत कार्यालय कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से

**लिखित सूचना और मांग पत्र कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार को जिला मुख्यालय कार्यालय में गुरुवार को सौंपा गया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मझिआंव।** नगर पंचायत कार्यालय के लगभग को ई वर्षों से कार्य रत कर्मी अपनी मांगों को लेकर 23 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। जिसकी लिखित सूचना और मांग पत्र कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार को जिला मुख्यालय कार्यालय में गुरुवार को सौंपा। दिये गये मांग पत्र में लिखा गया है कि वे कई वर्षों से नगर पंचायत कार्यालय में अपना सेवा देते आ रहे हैं, जिसमें दैनिक और संविदा पर आधारित कई कर्मी कार्यरत हैं। उन्हें स्थायी करण करने की मांग को लेकर लगातार लड़ाई लड़ते आ रहे हैं, जिसमें 'झारखंड लोकल बॉडीज एप्लाईज फेडरेशन' के तत्वाधान में आंदोलन करते आ रहे हैं, यहां तक की उच्च न्यायालय के द्वारा भी सरकार को निर्देश दिया गया है कि जो कमी 10 वर्षों से लगातार दैनिक और संविदा पर कार्यरत हैं उन्हें स्थायी किया जाये, परंतु इसके बावजूद भी सरकार अभी तक कोई कार्रवाई नहीं कर सकी। इधर दिये गये आवेदन में साफ-साफ लिखा गया है कि वह जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती है, तबकत वे अनिश्चित कालीन के लिए हड़ताल पर जा रहे हैं। आवेदन देने वालों में: झारखंड लोकल बॉडीज एप्लाईज फेडरेशन संघ के नपं मझिआंव के अध्यक्ष अमित पाठक, उपाध्यक्ष रामाशीष राम, कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार, सचिव राकेश कुमार सिन्हा, उप सचिव बबलू राम, मंत्री रामकुमार, उपाध्यक्ष महामंत्री विकास सिंह, संरक्षक सतेंद्र राम के अलावे नपं कार्यालय के प्रधान सहायक अनूप तिवारी, रंजू देवी, वीरेंद्र चौधरी सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

## प्लस टू उच्च विद्यालय से बैटरी चोरी




भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय के पल्स टू उच्चविद्यालय के क्लास नौ के स्मार्ट क्लास के रूम में लगातार तीन दिन छुटी के कारण चोरों ने बैटरी चोरी कर लिया गया। बताते चलें कि बच्चों ने प्रधानाचार्य बिरेंदर पाल को बताया कि क्लास नौ में ताला टुटा हुआ है। प्रधानाचार्य ने आकर देखा तो, ताला तोड़कर बैटरी चौरी कर ली गयी है प्रधानाचार्य बिरेंदर पाल ने भंडरिया थाना जाकर बैटरी चौरी का मामला दर्ज कराया।

# झारखंड सरकार माताओं और बहनों को बेवकूफ बना रही है: डॉ एमएन खान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड की वर्तमान सरकार बाबू को रोजगार न देकर मंईयां सम्मान योजना पर जोर दे रहा है। जो पूरी तरह से जनता को बेवकूफ बनाने वाली योजना है। झारखंड की हेमंत सरकार विधानसभा चुनाव के पूर्व युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन अभी तक हुए युवाओं को रोजगार देने में सफल नहीं रहा। उक्त बातें एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान ने कही। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड की माताओं और बहनों को झारखंड सरकार के द्वारा बेवकूफ बनाने का कार्य किया जा रहा है। यदि झारखंड सरकार बहनों की विकास चाहती है, तो पढ़ी-लिखी बहनों को रोजगार देने का कार्य करें, ताकि बहनों का जीवन बेहतर ढंग से गुजर सके। उन्होंने कहा कि गुरुवार को झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि को हस्तांतरित करने को लेकर पलामू में आये हुए हैं। लेकिन इस बार हेमंत सोरेन जितना जोर लगा लें, अगले विधानसभा चुनाव में उन्हें हार ही मिलने वाली है। अब झारखंड प्रदेश की माताएं और बहनें हेमंत सोरेन के झांसे में नहीं आने वाली हैं। वे लोग जागरुक हो चुकी हैं।

# रांची के मोरहाबादी मैदान में रैली आज, मंडल अध्यक्ष ने की शामिल होने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र प्रभारी का बैठक आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में मंडल के प्रभारी हरेंद्र द्विवेदी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बैठक में नगर मंडल के संयोजक दीपक तिवारी ने कहा पार्टी के हम सभी समर्पित कार्यकर्ता है। आने वाले विधानसभा में हम सभी को अपने प्रत्याशी की जीत पूरी ताकत से दिलानी है। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 23 अगस्त को मोराबादी रांची मैदान में रैली में चलने का आह्वान किया गया। इस युवा विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेकर सरकार के झूठे वादे के विरुद्ध गढ़वा नगर मंडल से लगभग 10 हजार युवा रांची के लिए प्रस्थान करेंगे और 25 तारीख के सभी बूथ पर मन की बात कार्यक्रम बूथ अध्यक्ष के द्वारा सुना जायेगा। बूथ अध्यक्ष के द्वारा बूथ पर ही व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का कार्य किया जायेगा। प्रभारी हरेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हम लोग सिपाही हैं। पार्टी नेतृत्व किसी को भी टिकट दे हमें उसके लिए पूरी जी जान से लगना है। इस झूठे फरेबी सरकार को उखाड़ फेंकने है। स्थानीय विधायक के तानाशाही को खत्म करना है और जिस तरह से गढ़वा विधानसभा में तुष्टिकरण की राजनीति की जा रही है इसे समाप्त करने के लिए यहां भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाना जरूरी है। मौके पर कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जुगसलाई विधायक ने बंद पड़े विद्यालय में शुरू करवाया पुस्तकालय, विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जुगसलाई विधान सभा अंतर्गत मध्य सरजमदा पंचायत के राज्यकृत प्राथमिक विद्यालय सोपोडेरा में पुस्तकालय की शुरूआत की गयी। गुरुवार को विधायक मंगल कालिंदी के द्वारा पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। स्थानीय लोगों ने कहा सरजमदा पंचायत स्थित राज्यकृत प्राथमिक विद्यालय कई वर्षों से बंद पड़ी थी। स्थानीय बच्चों की पढ़ाई के लिए परिजनों ने विद्यालय में पुस्तकालय की शुरूआत करने की मांग विधायक से की थी। विधायक ने ग्रामीणों की मांग को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त से वार्ता कर पुस्तकालय की शुरूआत करवाई। विधायक ने कहा पुस्तकालय की शुरूआत होने से स्थानीय बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। जल्द ही जरूरत की सामग्रियां उपलब्ध करायी जायेगी। मौके पर मुखिया बसंती गुप्ता, बिमल पाल, अविनाश उपाध्यय, उपेंद्र प्रसाद, अनिकेत शर्मा, अंकित सिंह, सुनील, सौरव, सूरज, सुमित, विवेक पासवान प्रकाश, रोशन सिंह सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विद्या मंदिर में बैंक खाता खोलने और बैंकिंग प्रणाली की दी गयी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा पुरैनी द्वारा कक्षा दशम और नवम के भैया-बहनों के बीच सुलभ रूप से बैंक खाता खोलने और बैंकिंग प्रणाली की जानकारी दी गयी। बैंक के असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर अंबर कुमार मंडल ने बच्चों को बताया कि आप सभी को बैंक खाते की जरूरत है इसे खोलने के लिये आधार कार्ड, 3 फोटो और मोबाइल नंबर के साथ फॉर्म भरकर आसानी से खाता खोला जायेगा। आप सभी विद्यालय में ही फॉर्म जमा करेंगे। आप सभी बच्चों के लिये सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा पुरैनी सदैव तत्पर है किसी भी बैंकिंग समस्या के लिए आप बेहिचक संपर्क कर सकते हैं। असिस्टेंट मैनेजर के साथ बैंकिंग कार्रस्पोंडेंस सुचित सिन्हा भी थे। प्रभारी प्रधानाचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव ने अथितियों का परिचय कराया। इस कार्यक्रम में आचार्य कौशलेंद्र झा, सुजीत कुमार दुबे, अविनाश कुमार, दिनेश कुमार, कृष्ण मुरारी और प्रदीप कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बिरसा पीएम फसल बीमा योजना की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**ऋणी और गैर-ऋणी दोनों किसानों के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 31 अगस्त 2024**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, एटीएम, बीटीएम, एफपीओ, किसान मित्र, एचडीएफसी एर्गो कंपनी के प्रतिनिधि, सांसद पलामू लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि, विधायक गढ़वा, भवनाथपुर और विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों के बीच प्रोजेक्टर के माध्यम से योजना की संपूर्ण जानकारी दी गयी और प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित लोगों को बताया गया कि कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अंतर्गत किसानों की बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ फसल- 2024 हेतु फसल बीमा करायी जा रही है। फसल बीमा के लिए आवेदक किसानों को बैंक खाते के सत्यापन हेतु टोकन राशि के रुप में किसानों को सिर्फ 01 (एक) रुपया देना होगा। इससे छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों को फायदा होगा एवं ज्यादा से ज्यादा किसानों को इसका लाभ मिलेगा। यह योजना चालू है, इसके लिए ऋणी किसान, अधिसूचित बैंक ग्रामीण बैंक के द्वारा केसीसी धारक किसानों का बिमा कराया जायेगा और गैर ऋणी किसान सहकारी शाख समितियों झारखंड राज्य सहकारी बैंक, प्रज्ञा केन्द्र (सीएससी) और इस योजना के पोर्टल www.pmfby.gov.in पर ऑनलाईन स्वतः आवेदन farmer login के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31.08.2024 तक है। झारखंड सरकार ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए किसानों का पंजीकरण शुरू किया है। पंजीकरण कराने में आधार कार्ड, पासबुक की छायाप्रति, भूमि स्वामित्व संबंधी प्रपत्र, बटाई प्रमाण पत्र (बटाई कृषक होने पर) फसल बुआई का स्व-सत्यापित प्रमाण पत्र और मोबाईल नंबर वांछित है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत झारखंड राज्य में मौसम खरीफ- 2024 के लिए अगहनी धान और भदई मकई फसल और रबी 2024-25 तथा रबी 2025-26 के लिए गेहूं, आलू, राई-सरसो और चना आदि फसलों को अधिसूचित किया गया है। उप विकास आयुक्त द्वारा मौके पर उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, एटीएम, बीटीएम, किसान मित्र, एफपीओ समेत अन्य संबंधितों से इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने और लोगों को इसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देते हुए योजना के अंतर्गत फसल बीमा कराने की अपील की गई। योजना से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए जिला सहकारिता कार्यालय और प्रखंड कार्यालय या कृषि रक्षक का टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क करने की बात कही गयी। साथ ही फसल बीमा कराने हेतु अथवा योजना की अधिक जानकारी के लिए बैंक शाखा, जन सेवा केंद्र, बीमा कार्यालय और वेबसाइट www.pmfby.gov. in पर संपर्क करने की बात कही गयी।

उक्त कार्यशाला में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद सदस्य -सह- कृषि एवं उद्योग समिति के सभापति शंभू राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# सरकार से बगावत कर नया अध्याय लिखने की यात्रा पर निकले चंपाई




**चंपाई सोरेन ने खरसावां के शहीद विनय कुमार बान सिंह की बेदी पर टेका मत्था।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खरसावां।** झारखंड में विधानसभा चुनाव सामने आते ही राजनीति के नये अध्ययन दिखने लगी है। सरकार से नाराज पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने बगावत कर नया अध्याय लिखने की यात्रा में निकल पड़े। पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने खरसावां चांदनी चौक स्थित शहीद बेदी पर मत्था टेक कर नये अध्याय की शुरूआत की। मौके पर उन्होंने खरसावां बेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कोल्हान के सभी 14 सीटों पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। उधर पूर्व सीएम ने बीते दिनों स्कॉर्ट मैं शामिल चालक विनय कुमार बान सिंह के सड़क दुर्घटनाद में हुई मौत की सूचना पर खरसावां के भोया गांव पहुंचे। भोया गांव पहुंचकर पूर्व सीएम ने अमृत चालक विनय कुमार भान सिंह के परिजनों को सांत्वना दी। हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, पूर्व सीएम के बड़े सुपुत्र सिमल सोरेन, छोटे पुत्र बबलू सोरेन, विधायक प्रतिनिधि सनद कुमार आचार्य, सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम सह सेमिनार का आयोजन

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर के द्वारा को-ऑपरेटिव कॉलेज में विधिक जागरूकता कार्यक्रम सह सेमिनार का आयोजन किया गया। गुरुवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डालसा सचिव राजेंद्र प्रसाद अन्य अतिथियों में लीगल कौंशील के प्रमुख विदेश सिन्हा, सहायक अंकुर कुंवर, अभिनव कुमार श्रीवास्तव और मनोज कुमार सिंह सहायक कानूनी सहायता बचाव अधिवक्ता उपस्तित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वाति सोरेन ने की। मौके पर आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले भारत के तीन नये अपराधिक कानून जो 1 जुलाई से लागू हुए हैं। उसके बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही बताया गया तीन नये कानूनों में अपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम, जो क्रमश: भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

## प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान आज से

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर 23 अगस्त 2024 से 10 सितंबर 2024 तक प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) जिला के पीवीटीजी बस्तियों में चलाया जायेगा। इस अभियान में आधार कार्ड रजिस्ट्रेशन व जारी करना, पीएम जनधन के खाते खोलना, सभी पात्र लाभार्थियों का प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड में निबंधन करना, सभी पीवीटीजी को सामूहिक प्रमाण-पत्र जारी करना, सिकिल सेल रोग व अन्य बुनियादी रोगों की जांच करना, वन पट्टा जारी करना के साथ-साथ छात्रवृत्ति, केसीसी, पीएम किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं से लाभुक को आच्छादित किया जायेगा। दिनांक 23.08.2024 को समाहरणालय परिसर लोहरदगा से सुबह 11.30 बजे पीएम जनमन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा।

# कुडू के कौवाखाब में पांच घंटे तक चली एटीएस की कार्रवाई

- सुबह करीब छह बजे गांव पहुंची थी एटीएस की टीम
- इलाके में दिन भर होती रही इल्ताफ अंसारी की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

कुडू (लोहरदगा)। कुडू थाना क्षेत्र के कौवाखाब गांव में गुरुवार तड़के एटीएस की धमक क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही। सुबह करीब छह बजे कौवाखाब गांव पहुंची एटीएस टीम का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर विशाल पांडेय कर रहे थे। टीम ने मुस्लिम अंसारी के पुत्र इल्ताफ अंसारी के दो अलग-अलग जगहों पर बने घरों को चारों तरफ से घेर लिया। करीब पांच घंटे तक चली छापेमारी में दो हथियार और कई संदिग्ध दस्तावेज बरामद होने की सूचना है। हालांकि एटीएस द्वारा किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी गयी है।



### इल्ताफ पर नहीं है कोई भी मामला

इल्ताफ अंसारी इससे पूर्व किसी भी मामले में आरोपी नहीं रहा है। एटीएस बीते एक दशक के उसके रिकॉर्ड को खंगालने में जुटी है। ग्रामीणों ने बताया कि चार वर्ष पहले एक दुर्घटना में उसके गर्दन की हड्डी टूट गयी थी। उसमें रॉड लगा हुआ है, जिससे उसकी गर्दन ज्यादा घूम नहीं पाती है। वह ज्यादा आना-जाना भी नहीं करता है।

टीम को इल्ताफ अंसारी भी नहीं मिला। वह गांव में ही अपने पुराने घर में पत्नी और दो बच्चियों के साथ रहता है, जबकि उसके पिता और भाई नये घर में रहते हैं। इल्ताफ अंसारी के पिता मुस्लिम अंसारी और छोटे भाई ने बताया कि इल्ताफ गांव में खेती करता है। इसके अलावा वह मछली पकड़ता है। उन्हें उसके किसी और काम की जानकारी नहीं है।

### दो अवैध हथियार बरामद: एसपी

इधर लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमा ने कहा कि राज्य एटीएस के साथ स्थानीय पुलिस ने आतंकियों के खिलाफ करीब 15 जगहों पर छापामारी की है। उन्होंने इल्ताफ अंसारी के घर से दो अवैध हथियार बरामद होने की जानकारी दी है।

## भंडरा में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम शुरू



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को पर्यावरण पर जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण पर जानकारी दी गयी है। वहीं आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ प्रतिमा कुमारी सीओ दुर्गा कुमार सहित उपस्थित कर्मियों और जनप्रतिनिधियों ने पौध रोपण किया। कार्यक्रम में लोगों से अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने को कहा गया है। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने लोगों को जीवन में वृक्षों के महत्व पर जानकारी दी और उपयोगिता को बतायी गयी। बीडीओ ने अपने संबोधन में कहा कि सबको संकल्प लेना चाहिए की अपने आसपास जितना अधिक पेड़ लगा सकें लगाएं, क्योंकि वृक्ष हमें जीवन प्रदान करता है। सीओ दुर्गा कुमार ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि पौध रोपण करने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को संतुलित करना है और पर्यावरण के सुरक्षित रहने से ही वातावरण संतुलित रह सकता है। इस मौके पर सीडीपीओ नंदी रानी, नीलम मिंज, मनीष अग्रवाल, सुहेल अमीन, बजरंग भगत, स्वयंसेवक रामदीप तिवारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## कृषि बीमा और मनरेगा को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** कृषि बीमा, मनरेगा और अबुआ आवास योजना को लेकर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड के सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता के साथ बीडीओ ने समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में बीडीओ ने उपस्थित लोगों को ऐसे अबुआ आवास लाभुकों का जिनका प्रथम किस्त दिया जा चुका है। वैसे लाभुकों का मास्टर रोल निकालने की बात कही। ताकि उन लाभुकों को 95 मानव दिवस का भुगतान ससमय किया जा सके। वहीं समीक्षात्मक बैठक में मनरेगा के तहत बरसात के दिनों में ली जाने वाली योजना एनआरएम के तहत मेढबंदी, पीसीबी, नाला जीर्णोद्धार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोखपीट निर्माण आदि योजनाओं का क्रियान्वयन करने की बात कही। मौके पर बीडीओ ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024 को लेकर ऑनलाइन आवेदन करने के समय लगने वाली कागजात सहित कई अहम बिंदु पर जानकारी देते हुए कहा कि जो आवेदक किसान आते हैं उनका आधार, बैंक पासबुक, लगान रसीद, मोबाइल नंबर और वंशावली कागज लेकर उसे ऑनलाइन करना है। बीडीओ ने अधिक से अधिक किसानो को कृषि बीमा कराने की बात कही। इस मौके पर मनीष अग्रवाल, पंचायत सचिव महिपाल भगत, तिवारी भगत, रेखा कुमारी, आलोक लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## वज्रपात से पशुओं की मौत, मुआवजे की मांग

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डोंकी पंचायत अंतर्गत डोंकी बड़का अहरा नामक स्थान में वज्रपात में दिन गुरुवार को दोपहर 2:00 बजे 10 बैल की मौत हो गयी। बताया जाता है कि डोंकी के बड़का अहरा के पास पशु को चराने के लिए गये हुए थे। इसी कर्म में अचानक वज्रपात हुआ। जिससे 10 बैल को चपेट में ले लिया। जिससे गरीब किसान परेशान है। किसानों ने कहा की खेती बारी का मौसम है। इस मौसम में बैल के मर जाने से हम गरीब किसान खेती–बरी कैसे करेंगे। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से क्षतिपूर्ति मुआवजे की मांग की है ताकि हम लोग दूसरा बैल खरीद कर अपना खेती बारी कर सके।

## सभी छूटे लाभुकों को राशन देने का डीडीसी का निर्देश

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला में एनएफएसए, हरा राशन कार्ड अंतर्गत प्राप्त खाद्यान्नव वितरण, चना दाल का वितरण, एनएफएसए अंतर्गत राज्य में लोहरदगा जिला में खाद्यान्न वितरण की स्थिति, प्रखण्डों में खाद्यान्न वितरण की स्थिति, हरा राशन कार्ड अंतर्गत वितरण किये गये खाद्यान्न की स्थिति, पीवीटीजी डाकिया योजना से संबंधित लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण की स्थिति, धोती–लुंगी–साड़ी वितरण की स्थिति समेत अन्य की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त द्वारा खाद्यान्न का 100 प्रतिशत वितरण, पीवीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत छुटे हुए लाभुकों के बीच 100 प्रतिशत वितरण का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

## एसबीआइ शाखा प्रबंधक पर उपभोक्ता ने अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप


**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह एसबीआइ शाखा प्रबंधक प्रवीण किशोर के खिलाफ बैंक के ग्राहकों से अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा हैं। पूरे मामले मे शिकायत बैंक के ग्राहक महताब अंसारी, सुरेश राम,बीरेंद्र कुमार सिंह,रमेश कुमार समेत अन्य के द्वारा महाप्रबंधक को पत्र लिख कर की गयी हैं। महताब अंसारी ने बताया की शाखा प्रबंधक से लोन को लेकर कागजी प्रकिया पूरी होने के बाद मुलाकात करने पर अपने चैंबर से अभद्र व्यवहार करते हुए गार्ड से बुलवा कर बाहर निकलवा दिया गया। वहीं यह मामला पहला नहीं है कई ग्राहकों के साथ भी हो चूका हैं जिसे लगभग लोग परेशान हैं।

# नाबालिग बच्ची की रेप के बाद फंदा पर लटका कर मार डालने का आरोप

मां ने लगायी लातेहार एसपी से न्याय की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड के रहने वाली चिंतामणि देवी पति राजेंद्र उरांव चकला चंदवा की रहने वाली है लातेहार एसपी अंजनी अंजन से आवेदन देकर गुहार लगाई है कि हमारी पुत्री खुशबू कुमारी उम्र 16 वर्ष को धाधू बालूमाथ निवासी शाहरुख खान के द्वारा हमारी पुत्री को कई वर्षों से फोन करके और घर के पास आजा करके परेशान करता था। इसी को लेकर पूर्व में हमारे द्वारा चंदवा थाना में मामला दर्ज कराकर उसे जेल भिजवाया था। परंतु जेल से निकलने के बाद पुत्री को और पूरे परिवार को बंदूक लेकर और कई लोगों के साथ घूमता था। फोन करके मुझे और



पुत्री को हमेशा धमकाया करता था और यह भी करता था कि तुम लोग ज्यादा इधर-उधर करोगे तो गोली मार देंगे। तुम्हारा इकलौता बेटा है। उसको भी जान मार देंगे साथ ही कहा कि तुम्हारी बेटी को हम मुस्लिम बनायेंगे और उसे भगा कर ले जायेंगे। यह सिलसिला बहुत दिनों से चल रहा था। जिससे हमारी पुत्री हमेशा डरी और सहमी रहती थी। परिवार के लोग भी इस कार्य को देखकर हमेशा डरे सहमे रहते थे। रात को हम लोग पूरा परिवार घर में सोए थे। अचानक नींद खुली तो हम अपनी बेटी को बेड पर नहीं देखे तो इधर-उधर खोजबीन करने लगे अचानक बाहर निकले तो देखें कि घर के बाहर ही दुपट्टा से लटकी हुई है यह देखकर हमारे द्वारा जोर-जोर से चिल्लाने लगे तो घर के लोग और आसपास के लोग घर के पास जुट गए और यह घटना कि जानकारी लेने लगे तभी देखा गया की खुशबू कुमारी का शव जमीन से सटा हुआ था जिससे साफ पता चलता है कि हमारी पुत्री को घर से बुलाकर शाहरुख खान और उसके साथी के द्वारा बलात्कार कर घर के पास लाकर दुपट्टा से फांसी लगा दिया गया है।

# रोहित उरांव ने मो. अफसर कुरैशी को मंत्री प्रतिनिधि बनने पर दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित उरांव ने गुरुवार को मंत्री प्रतिनिधि हाजी अफसर कुरैशी के न्यू रोड स्तिथ आवास पर मिलकर, मंत्री प्रतिनिधि बनाये जाने पर बधाई देते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की है। वहीं नगर के युवा जफर इमाम, इरशाद आलम, मो. दानिश, रबिल खान,काजू कुरैशी द्वारा मंत्री पुत्र को शाल ओढ़ा कर व बुके देकर सम्मानित किया है। बताते चले कि लोहरदगा निवासी अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हाजी मो. अफसर कुरैशी को मंत्री द्वारा प्रतिनिधि मनोनित किये जाने पर लगातार बधाइयों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में रोहित उरांव ने उनके आवास पर पहुंच कर उन्हें बधाई दी है। मौके पर रोहित उरांव ने कहा है कि मंत्री जी की सोच है कि कांग्रेस सबकी पार्टी है इसमें सबका प्रतिनिधित्व होना चाहिए, देर से ही सही एक स्वस्थ परंपरा की शुरूआत हुई है। सबों को इसका स्वागत करना चाहिए। मंत्री जी की सोच रही है कि कांग्रेस पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ते हुए पार्टी को और मजबूत किया जाए। कांग्रेस सभी जाति- धर्म की पार्टी है,जो भी मंत्री प्रतिनिधि पर सवाल उठा रहे हैं ये उनकी अपनी-अपनी सोच है। वहीं मंत्री प्रतिनिधि हाजी अफसर कुरैशी ने कहा की हम मंत्री जी का आभार व्यक्त करते हैं की उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य को प्रतिनिधि नियुक्त कर अल्पसंख्यकों का सम्मान किया है। मौके पर निशीथ जयसवाल, जमैतुल कुरैश के अध्यक्ष नेहाल कुरैशी, सचिव अफरोज कुरैशी,जमील अंसारी, हाजी शमशेर कुरैशी, इरशाद आलम, रबिल खान, काजू कुरैशी, जफर इमाम, रिंकू कुरैशी, मो.दानिश, रौनक इकबाल, टिंकू कुरैशी, असरफ अंसारी, मो. साजिद, तनवीर अंसारी समेत बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

# 28 को राजभवन के सामने धरना देंगे सहायक अध्यापक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह/ लातेहार।** झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ प्रखंड इकाई बरवाडीह की आवश्यक बैठक गुरुवार को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गढ़वाटाड, बरवाडीह में की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मो. स्कील खान एवं संचालन प्रदेश महासचिव सह प्रखंड सचिव बबलू सिंह ने की। बैठक मे सर्वप्रथम शाहिद मुनेश्वर सिंह की पुण्यतिथि को मानते हुए सभी साथियों ने श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित की एवं उन्हें नमन किया गया। साथ ही बबलू सिंह ने कहा कि शाहिद मुनेश्वर सिंह के कार्य को बुलाया नहीं जा सकता है। वही मो स्कील खान ने झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के द्वारा 28 अगस्त 2024 को तय कार्यक्रम को सफल करने के लिए पूरे प्रखंड के सहायक अध्यापकों को एकजुट होकर रांची चलने का आह्वान किया। सभी साथियों ने रांची चलने की स्वीकृति दी। बैठक में आकलन सफल सहायक अध्यापकों के विभिन्न समस्या एवं सरकार के उदासीन रवैया के प्रति आक्रोश प्रकट करते हुए बिस्तार रूप से चर्चा किया गया।

बैठक में सहायक अध्यापक अनुज कुमार, डिलेश कुमार, मोहम्मद महबूब आलम, अमित बोदरा, राकेश कुमार,अलोक कुमार, अनील सिंह , सियाराम सिंह, आदि सहायक अध्यापक उपस्थित हुए।

# डैम में मिला प्रशिक्षु पायलट और प्रशिक्षक का शव, विमान के मलबे की तलाश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद लापता हुए दो सीट वाले विमान में सवार प्रशिक्षु पायलट और प्रशिक्षण देने वाले पायलट का शव बृहस्पतिवार को चांडिल डैम में पाया गया जबकि विमान की तलाश जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक निजी उड़ान प्रशिक्षण संस्थान अलकेमिस्ट एविएशन का विमान सेसना 152 मंगलवार सुबह सोनारी हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद लापता हो गया था, जिसके बाद बांध के जलाशय सहित आस-पास के इलाकों में इसका पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर खोजबीन अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने कहा कि आदित्यपुर निवासी प्रशिक्षु पायलट शुभ्रोदीप दत्ता का शव सुबह मिला, जबकि पटना निवासी पायलट कैप्टन जीत शत्रु आनंद का शव बाद में मिला। उन्होंने बताया कि विशाखापत्तनम से आई नौसेना की 19 सदस्यीय टीम लापता विमान की तलाश में लगातार जुटी है। अधिकारियों के अनुसार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) उड़ान प्रशिक्षण निदेशालय (डीएफटी) और उड़ान योग्यता निदेशालय (डीएडब्ल्यू) के साथ घटना की जांच शुरू कर दी है। वीटी-टीएजे के रूप में पंजीकृत विमान का स्वामित्व और संचालन करने वाली अल्केमिस्ट एविएशन ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना के कारणों के बारे में टिप्पणी करना जल्दबाजी होगा। इसने कहा, विमान में 80 लीटर ईंधन था और यह साढ़े चार घंटे तक उड़ान भरने में सक्षम था तथा उड़ान का समय एक घंटा निर्धारित था। बयान में कहा गया कि मंगलवार पूर्वाह्न करीब 11.10 बजे विमान का संपर्क जमशेदपुर हवाई नियंत्रण कक्ष (एटीसी) से टूट गया। अल्केमिस्ट एविएशन ने कहा कि विमान डीजीसीए द्वारा जारी उड़ान योग्यता प्रमाण पत्र के साथ उड़ान योग्य स्थिति में था और इसमें मूल उपकरण निमार्ता (ओईएम) द्वारा निर्मित इंजन लगाया गया था। बयान में कहा गया कि अमेरिकी कंपनी लाइककिंग इंजन के इंजन से युक्त इस विमान का संचालन काल 30,000 घंटे का होता है, जिसमें से इसने केवल 16,000 घंटे पूरे किए थे। इसमें कहा गया कि बांध में एक जोड़ी जूते तैरते पाए गए जिसके बाद उन्हें बरामद करके पहचान की गयी। कंपनी ने कहा, इससे हमें यह आशंका हुई कि घटनास्थल बांध ही होगा। प्रारंभिक खोज टाटा स्टील के हेलीकॉप्टर और हमारे अपने विमान द्वारा की गयी। इसके बाद मौसम खराब हो गया और खोजबीन अभियान जमीन पर वाहनों के जरिये चलाया गया तथा स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया। इसके बाद स्थानीय सरकारी अधिकारियों को सूचित किया गया और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की मदद से बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया। इसके बाद भारतीय नौसेना को मदद के लिए बुलाया गया और उसने एक सोनिक नेविगेशन एंड रेंजिंग (सोनार) उपकरण तैनात किया जो घटना की सटीक स्थिति को चिह्नित करने में सहायता करेगा।

# सरायकेला खरसावां जिले की शराब दुकानो में खुलेआम प्रिंट रेट से ज्यादा वसूली, विभाग मौन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित डीएस टावर के समीप सरकारी शराब दुकान में प्रिंट रेट से ज्यादा दाम पर पेमेंट लेने का एक सनसनी खोज मामला प्रकाश में आया है। बुधवार को इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिल रही है। बताया जरा है रॉयल चैलेंज शराब 180 एमएल की व्हिस्की 190 की जगह 200 रुपया ली जा रही है। साथ ही 375 एमएल की व्हिस्की में 20 रुपिया ज्यादा, 750 एमएल की व्हिस्की में 40 रुपिया ज्यादा दुकान दार के द्वारा खुलेआम असूला जारहा है। वैसे अनुमान लगाया जारहा है जिले के लगभग सभी सरकारी शराब की दुकानों में



प्रिंट रेट से ज्यादा दाम से शराब बेची जाती है। सूत्र की माने तो गोरख धंदा में शराब के ठेकेदार सहित विभागीय कर्मचारी व अधिकारी की भी मिली भगत हो सकती है। हालांकि यह जांच मामला है। यदि देखा जाए तो जिले में 60 से भी अधिक सरकारी शराब की दुकानें हैं। प्रत्येक दुकानों में प्रिंट रेट से ज्यादा शराब बेची जाती है। बताया जा रहा है डेढ़ से 2% ठेकेदार व ढाई से 3% विभागीय की मिली भगत से शांति पूर्व धंदा चल रही है। कारोबार में लाखों की उगाही होने का अनुमान लगाया जारहा है। वैसे अगर कोई ग्राहक प्रिंट रेट से ज्यादा के मामले में आवाज भी उठाता हैं तो दुकानदार उल्टा ही उनसे भिड़ जाते। उन्हें कहते है जहां जाना है जाव मेरा कुछ नहीं बिगड़ सकता। वैसे तो फिलहाल दुकानदार की बातें कुछ सच भी दिखाई देती है। जिले में लगातार इसका विरोध भी किया जाता है। लेकिन विभाग में कार्रवाई के लिए कोताही बरती जाती है।

# महिला डॉक्टर की हत्या के खिलाफ कान्वेंट छात्राएं उतरीं सड़क पर

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाटशिला।** कोलकाता में महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या से एक ओर जहां लोग आक्रोश से भरकर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं मऊभंडार के सैकड़ों स्कूली बच्चे भी महिला रेजिडेंट डॉक्टर को इंसाफ दिलाने के लिए अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। छोटे-छोटे मासूम स्कूली बच्चों के आवाज को बुलंद कराने का साहसिक कार्य संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल मऊभंडार ने किया है। प्रधानाध्यापिका सिस्टर शालिनी के नेतृत्व में गुरुवार को क्लास थ्री, फोर और फाइव के करीब 300 छोटे-छोटे मासूम स्कूली बच्चों ने स्कूल परिसर से जुलूस निकाला। यह जुलूस एचसीएल-आईसीसी वर्क्स मेन गेट से होकर मऊभंडार चौक, बी-ब्लॉक चौक, बाबूलाइन से होते हुए पुनः स्कूल पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल बच्चों ने हाथों में तख्तीयां ले रखा था, जिसमें महिला रेजिडेंट डॉक्टर को इंसाफ दो, वी वांट जस्टिस, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करो, दोषियों पर दया बंद करो जैसे कई स्लोगन लिखें हुए थे। बच्चे भी लगातार नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। सिस्टर शालिनी ने भी कोलकाता की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर सिस्टर शालिनी के साथ सिस्टर प्रतिमा, शिक्षिका मंजिन्दर कौर, गुरमीत, नीलम रूपा तिर्की, रीमा सोम, प्रियंका तिर्की, शिक्षक प्रकाश शर्मा, मनोज मंडल, सुभाष कर्मकार, संजय महतो, उपमुखिया रुपेश दुबे समेत अन्य उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंप पर पुलिस से बदसलूकी करने वाले को जेल

**घाटशिला (आजाद सिपाही)। कोवाली पुलिस के साथ दुर्व्यवहार मामले में गुरुवार को अमीत सत्यम मानगो निवासी को सरकारी काम में बांधा पहुंचाने के आरोप में जेल भेजा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार बुधवार को भारत बंद के दौरान हल्दीपोखर ओड़िशा रोड स्थित पेट्रोल पंप पर चार व्यक्ति वाहन में फ्यूल भरवाने आएं। पेट्रोल पंप कर्मियों ने बंद के कारण फ्यूल देने से इंकार कर दिया। इससे नाराज चारों व्यक्तियों ने पंप पर तोड़फोड़ की कोशिश किया।**

## डॉ संजय गिरी बहरागोड़ा विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** संपूर्ण मानवता कल्याण संघ संस्थापक अध्यक्ष और डॉक्टर संजय गिरी आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में बहरागोड़ा विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी में है। पिछले चार-पांच वर्षों से बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र में डॉ संजय गिरी सक्रिय हैं। चाहे वीर शहीद गणेश हांसदा की प्रतिमा निर्माण करवाने की बात हो, निशुल्क मेडिकल कैंप लगाने की बात हो, सामाजिक या धार्मिक आयोजनों की बात हो डॉ संजय गिरी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते आ रहे हैं। बहरागोड़ा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा दोनों की नजर है। जिसका महत्वपूर्ण कारण इनकी क्षेत्र में लगातार सक्रियता बतायी जा रही है। डॉ संजय गिरी झामुमो से चुनाव लड़ना चाहते है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in
09

## कुत्ते के काटने से छात्रा को हुआ हाइड्रोफोबिया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी ग्रामीण अंधविश्वास और शिक्षा के अभाव में अंधविश्वास की मानसिक गुलामी की जकड़ से बाहर नहीं निकल पाये हैं। कई मामलों में ग्रामीण झाड़ फूंक और जड़ी बूटी के चक्कर में पड़कर जान गंवा रहे हैं। एक माह पूर्व घर में सोई छात्रा को पागल कुत्ते ने घर में घुसकर दोनों हाथ को काट लिया। परिजन झाड़ फूंक व जड़ी बूटी कराये। सुधार नहीं होने पर बेटी को एक सप्ताह के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर ले जाकर एंटी रैबीज का सुई दिलवाया। कुत्ते का जहर धीरे-धीरे छात्रा के दिमाग में चढ़ गया। जिसके बाद उसे तेज बुखार हो गया बीते शनिवार को उसे बुखार हुआ फिर परिजन उसे झाड़ फूंक कराने लगे। ठीक नहीं होने पर बुधवार की रात उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। वहीं छात्रा की स्थिति गंभीर बनी हुई।

# पुल के ऊपर पानी के तेज बहाव से फंसे स्कूली बच्चे और ग्रामीण

जान जोखिम डाल कई लोग हुए पार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला प्रखंड के बृंदा पंचायत अंतर्गत कोईनारा ग्राम के लोसई नदी में गुरुवार को आए तेज बारिश में पुल के ऊपर से पानी का बहाव होने लगा। जिससे नदी के दोनों छोर पर स्कूली छात्र व ग्रामीण घंटों फंसे रहे। यह पुल कोईनारा,कोई नारा अंबा टोली, कोई नारा बड़का टोली, कोई नारा महुआ टोली, कोई नारा चाने टोली, कोई नारा नदी टोली, चरका टांगर जाम टोली, चरका टांगर सेमर टोली, जारा लोया नदी टोली समेत कई गांव का मुख्य मार्ग है। बृंदा पंचायत के समाजसेवी बसंत लोहरा ने ग्रामीणों से नदी पार नहीं करने की अपील की। कहा जलस्तर कम होने का इंतजार करें। बसंत ने बताया इन समस्याओं को लेकर स्थानीय विधायक सांसद के अलावा राज्यपाल को भी अवगत कराया गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। बताया पुल नीचे होने के कारण पुल के ऊपर से पानी का तेज बहाव हो रहा है। अगर पुल ऊंचा हो जाए तो ग्रामीणों को परेशानी नहीं होगी। वहीं देर शाम तक स्कूली बच्चे और ग्रामीण नदी के तेज बहाव के कम होने का इंतजार कर रहे थे। वहीं कुछ ग्रामीण तेज बहाव में ही जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे थे।जिससे अनहोनी की घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। प्रशासनिक उपेक्षा को लेकर ग्रामीणों में रोष देखा जा रहा है।

# दो महीने बाद भी नाबालिग लड़की का पता नहीं, अपहरण का अंदेशा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिला के बसिया थाना क्षेत्र के ममरला के चितामनकुरा गांव की नाबालिग युवती के अपहरण की आशंका बढ़ती जा रही है। बीते 14 जून 2024 से वह गायब है। परिजन कह रहे हैं कि वह किसी प्रपत्र का फोटो कोपी कराने गयी। उसी दौरान वह लापता हो गयी। इस पुरे मामले में परिजनों ने बसिया थाना में 22 जून को लिखित आवेदन भी दिया और अपनी लापता बेटी जिसकी उम्र लगभग 15 साल बतायी गयी है, उसे खोजने की गुहार लगाई। लेकिन अभी तक उक्त युवती का पता लगाने में पुलिस भी असफल है। अब उसके परिजन गुरूवार को गुमला आ कर मजदूर संघ सीएफटीयूआइ गुमला जिला व झारखंड प्रदेश कार्यालय में लिखित आवेदन दे कर अपने लापता बेटी को खोज बीन पता करने की विनती की है। लापता नाबालिग युवती कहां है अब तक परिजनों को कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। परिवार वाले अपने स्तर से भी काफी खोजबीन कर रहे हैं। लेकिन कोई जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है। क्षेत्र में मानव तस्कर सक्रीय है। कहीं वह नाबालिग युवती किसी मानव तस्कर के हत्थे चढ़ गयी। या किसी के चंगुल में फंस गयी। या ये कोई प्रेम प्रसंग का ममला है। पुलिस हर एंगल से अनुसंधान कर सकती है। लेकिन सीएफटीयूआइ के प्रदेश सचिव जुम्मन खान मानव तस्करों से पूछ-ताछ करते हुए नाबालिग तक पहुंचने का प्रयास शुरू कर दिया है।

## मिशन बदलाव के प्रयास से मजदूर का हो रहा इलाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** मिशन बदलाव के भूषण भगत विनोद साहू विनय गोप के द्वारा विगत दिनों बताया गया था कि हिमाचल प्रदेश के शिमला से ढाइ सौ किलोमीटर दूरी पर स्थित मजदूर राजमिस्त्री कार्य करने के दौरान गंभीर चोट आया था। इंदिरा गांधी अस्पताल शिमला में उसे एडमिट कराया गया था उसके बाद डॉक्टरों ने उसे झारखंड ले जाकर बेहतर इलाज कराओ करके भेज दिया था। मजदूर के 13 वर्ष के बेटे विकास साय के द्वारा उसे 55 हजार रुपये खर्ज कर एंबुलेंस से घर लाया गया। जिसके लिए उसकी दादी ने घर के जमीन को गिरवी रखा और मिशन बदलाव के सहयोग से सदर स्थल गुमला में भर्ती कराया गया। मजदूर हिमाचल प्रदेश में रहने के वजह से उनका राशन कार्ड में कहीं नाम नहीं था मिशन बदलाव सदस्य विनोद साहू के नेतृत्व में राशन कार्ड में नाम सुधारते हुए आयुष्मान कार्ड बनाकर इलाज के लिए सहयोग दिया गया मजदूर वाले मामले को मिशन बदलाव के राज कुमार के द्वारा ट्वीट भी किया गया था। जिसको लाखों लोंगो ने देखते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी थी, वायरल एवं गंभीरता को देखते हुए रिम्स प्रशासन मजदूर के मामलों को त्वरित निष्पादित करते हुए स्वास्थ्य बेहतरी करने का निर्देश दिया और डॉ विकास के सहयोग से बेहतर इलाज के लिए सीसीयू में एडमिट कराया गया और मिशन बदलाव टीम के महत्वपूर्ण साथी और न्यूरोसर्जन डॉक्टर विकास ने गुरुवार को मरीज दीप सोय से मुलाकात की।

## छापेमारी में बालू लदा हाइवा जब्त

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई पुलिस व सीओ द्वारा गुरुवार को संयुक्त छापेमारी के दौरान दो ओवर लोड बालू लदे हाइवा को जब्त कर सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्राथमिकी सीओ नितेश रौशन खलखो ने कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मेन रोड स्थित जीता पतरा के समीप छापामारी के दौरान नागफेनी की ओर से आ रही बालू लदे दो हाईवा जे एच 01 एफ आर 3469 व जे एच 01 सी के 9510 को रोका गया, और हाईवा चालक से बालू ले जाने की कागजात की मांग की गयी। दोनों चालकों द्वारा चालान दिखाया गया। कागजात की जांच करने पर दोनों हाईवा में क्रमशः 200 व 100 घन फुट बालू ओवरलोड पाया गया। जिसके उपरांत ओवर लोड बालू सहित दोनों हाइवा को जप्त कर सिसई थाना लाया गया। जहां ओवरलोड अवैध बालू ले जाने के मामले में सीओ ने सुसंगत धाराओं के तहत हाइवा व वाहन मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है।

## ट्रक की टक्कर से युवती घायल, सड़क जाम



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड के देवाकी के समीप गुरुवार की सुबह युवती को ट्रक ने धक्का मार कर घायल कर दिया। युवती पूर्णिमा सिपाही की तैयारी के लिए दौड़ का अभ्यास लगातार कर रही थी। इसी क्रम में गुरुवार की सुबह साढ़े 5 बजे देवाकी स्थित नेतरहाट रोड में घाघरा की ओर से आ रही बॉक्साइट ट्रक ने युवती पूर्णिमा को पीछे से धक्का मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। वही ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु युवती को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

**गुस्साए ग्रामीणों ने 3 घंटे की सड़क जाम :** घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों और परिजन ने देवाकी के समीप सड़क जाम कर दिया। जिससे बॉक्साइट व अन्य वाहन खड़ी रही। पुलिस द्वारा घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच लोगों को समझाया। लेकिन परिजन ट्रक मालिक को बुलाने पर अड़े रहे। इसके बाद लगभग 9:00 बजे ट्रक मालिक घटनास्थल पहुंचा। जहां घायल के इलाज की मदद की बात परिजनों द्वारा कही गयी। पुलिस के दुबारा समझाने के बाद जाम हटा लिया गया। परिजनों ने बताया कि उत्पाद विभाग में सिपाही भर्ती के लिए प्रत्येक दिन पूर्णिमा द्वारा अभ्यास दौड़ का किया जा रहा था। जहां आज प्रातः भी वह दौड़ रही थी। जहां बॉक्साइट ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गयी। बॉक्साइट ट्रक तेज गति से अपने वाहनों को चलाते हैं। जिस पर अंकुश लगाने की जरूरत है।

### महत्वपूर्ण खबरें

## पेड़ से युवक का लटकता शव बरामद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत असनी पंचायत के तेतर टोली गांव स्थित बिरी टंगरा पंडरू पखना के समीप बरगद के पेड़ में एक युवक का शव गमछा से लटका हुआ होने की सूचना गुमला पुलिस को मिली। जानकारी पर गुमला थाना के एस आई अमर शुक्ला दलबल के साथ गांव पहुंचे और शव को पेड़ से नीचे उतारा। युवक की उम्र करीब 35 वर्ष के आसपास है। वह पीला रंग का गंजी और हाफ पैंट पहना हुआ है। उपस्थित ग्रामीणों ने उसकी पहचान नहीं कर पाये। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल गुमला पहुंचायी। फिलहाल शव को सदर अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। संभवत युवक असनी पंचायत के किसी गांव के युवक का है।

## सड़क पार कर रहे मजदूर को बोलेरो ने मारी टक्कर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित अंबेरा डीह गांव के समीप तेज रफ्तार बोलेरो ने भागलपुर बिहार निवासी मजदूर इंदर कुमार को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना के बाद बोलेरो तेज रफ्तार से पालकोट की ओर फरार हो गया। वहीं सड़क पर गिरकर मजदूर बुरी तरह से घायल हो गया। घटना के बाद उसके सहयोगियों द्वारा उसे तत्काल टेंपो से सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के उपरांत डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। वही उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक अम्बेरा डीह स्थित एफसीआइ गोदाम में मजदूरी का काम करता है बुधवार की शाम वह मुख्य सड़क पर स्थित किराने की दुकान में आलू प्याज वगैरा लेने खरीदने गया था सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार बोलेरो उसे अपनी चपेट में ले लिया घटना में उसके सर चेहरा हाथ पैर सहित पूरे शरीर में गंभीर चोट लगी टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह के सड़क के इस पर से उसे पर जा गिरा। वही राजस्थानी लोगों ने घटना की जानकारी पालकोट थाना को दी लेकिन बोलेरो वाहन पुलिस के कब्जे में नहीं आया।

## टांगरटोली के ग्रामीणों ने दो हजार पौधे लगाये



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पोकटा पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम टांगरटोली में युवा संजय कुजुर और अभिषु प्रताप के नेतृत्व में टांगरटोली जंगल के आसपास पूरे ग्रामवासियों द्वारा जंगल बचाने और जंगल मे गाय बैल जैसे पालतू मवेशियों को चराने नहीं देने के उद्देश्य से दो हजार से अधिक पेड़ पौधे का वृक्षरोपण किया गया। इस मौके पर सुजीत खाखा, बीरमोहन साहू, मंजन उरांव, अजय उरांव देवेंद्र गोप, चिंतामणि देवी, तेतरी देवी सुशांति देवी, समेत अनेक ग्रामवासी थे।

## सीएस ने कामडारा सीएचसी का किया निरीक्षण



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा सीएचसी में गुमला के सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार वृहस्पतिवार को कामडारा सीएचसी का दौरा कर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रभारी चिकित्सा पदा. समेत कई स्वास्थ्यकर्मी समय से अस्पताल नहीं पहुंचे थे। सीएस ने बताया की आगामी पल्स पोलियो अभियान के सफल आयोजन की तैयारी की अद्यत्तन जानकारीयां ली। साथ ही सीएचसी में व्याप्त समस्या के बारे उन्होंने कहा की काफी जर्जर हालत के बिल्डिंग में अस्पताल चल रहा है। नये अस्पताल भवन का निर्माण तो करा दिया गया है। परंतु पहुंच पथ का आभाव है वैसी स्थिति में हैंडओवर कैसे लिया जायेगा। आगे उन्होंने कहा की कई मामले उनके संज्ञान में आया है। जहां तक हो सके वे अपने स्तर से समस्या के समाधान की कोशिश करेंगे और उपायुक्त को भी पुरे मामले की जानकारी देंगे। सीएचसी में रात्रि सेवा में चिकित्सक के नहीं रहने के मामले में उन्होंने कहा की चिकित्सक का रात्रि में ठहराव होना है नहीं तो कारवाई की जायेगी। वहीं सीएचसी के लिपिक अतुल राज के मामले पर सीएस ने कहा मामला उनके संज्ञान में है जांचोपरांत कारवाई करने का निर्देश उन्होंने दिया।

## लाभुकों को खाद और दवा डालने का मिला प्रशिक्षण



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रदान संस्था के मार्गदर्शन में तेतरा पंचायत सभागार में तेतरा पंचायत के आम बागवानी लाभुकों को आम बागवानी पर प्रोजेक्टर के माध्यम से सेन्ट्रल ओपनिंग तथा पौधा में खाद एवं दवा डालने का प्रशिक्षण दिया गया। बागवानी का घेराव करने एवं उस पर इंटर क्रोपिंग खेती हेतु जटंगी, सरसों एवं सब्जी की खेती करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया साथ ही साफ सफाई स्वच्छता एवं शौचालय का प्रयोग पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में सूरज साहू, प्रतिमा कुमारी, राजू राम, दामयंती कुल्लू, सुमन देवी एवं तेरेसा लकड़ा के साथ अनेकों आम बागवानी किसान उपस्थित थे।

# करौंदी पंचायत में ग्राम सभा नहीं होने से निराश लौटे ग्रामीण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** गुमला शहर से सटे करौंदी पंचायत में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। काफी संख्या में ग्रामीण पंचायत भवन पहुंचे। लेकिन मुखिया बिना देवी की अनुपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन नहीं हो पाया। इसके बाद ग्रामीण बैरंग लौट गये। बता दें कि ग्राम सभा का आयोजन अबुआ आवास को लेकर किया गया था। गौरतलब है कि गलत जाति प्रमाण पत्र मामले में करौंदी मुखिया पर गंभीर आरोप लगे। मुखिया ने गलत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर मुखिया पद हासिल किया। इसके बाद जांच में मामला सत्य पाया गया। उस पर गुमला थाना में प्राथमिकी भी दर्ज हुई। फिलहाल वह फरार है लोगों ने बताया मुखिया के नहीं रहने से पंचायत में विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। लोगों को जाति आवासीय व अन्य कार्यों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण कई बार इन समस्याओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष अपनी बातों को रखें। लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। वहीं सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मुखिया की गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं मामले को लेकर पुलिस खामोश है और किसी प्रकार की कार्रवाई से बच रही है। वहीं ग्रामीण गुमला उपायुक्त से मिलकर मामले को अवगत कराया और आवेदन भी दिया लेकिन जांच के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई हुई। मुखिया के नहीं रहने से विकास कार्य भी प्रभावित हो रहा है जाति, आवासीय के अलावा आधार कार्ड सुधार, जन्म प्रमाण पत्र व अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।

# सिसई के गांव में बांग्लादेशी फेरीवालों को नहीं घुसने देने का लिया गया फैसला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिसई।** प्रखंड के बरगांव दक्षिणी पंचायत के पिलखी डाड़ टोली में पंचायत के पूर्व मुखिया कृष्णा उरांव की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बांग्लादेशी रोहिंग्या मुस्लिमों के द्वारा आए दिन गांव गांव में घुम-घुम कर बांग्लादेशी सामानों को बेचने से रोकने पर जोर दिया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी अनजान व्यक्ति गांव के अंदर प्रवेश कर अपने सामान के खरीद- बिक्री करता है, तो उस व्यक्ति का बायोडाटा की जांच, ग्राम सभा द्वारा गठित समिति करेगी और अनजान व्यक्ति से कोई भी सामान नहीं खरीदने का निर्णय लिया गया। बाहरी व्यक्ति को समिति के सदस्यों को अपना आधार कार्ड, पेन कार्ड, पहचान पत्र, या आवासीय प्रमाण पत्र दिखाना होगा। इससे उसके पहचान सत्यापित हो जाएगी। और बाहरी असामाजिक तत्व विशेष कर बंग्लादेशी, रोहिंग्या की पहचान होने पर उसे पकड़कर स्थानीय पुलिस प्रशासन को सौंप दिया जाएगा। ऐसे ही मुहिम चलाकर सिसई प्रखंड के सभी गांव, टोला मे बैठक कर ग्राम वासियों को जागरूक करने के लिए मुहिम चलाया जाएगा। मौके पर तुरिया उरांव,भाकू उरांव,सुकरा उरांव, रंजित उरांव, राजेन्द्र उरांव, तेतरु उरांव, जोगेंद्र उरांव, देवंती देवी, पाचो देवी, सुको देवी, बिंदेश्वर उरांव, मनीष उरांव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों की प्रतिभा का निखार होता है : सुरेश प्रसाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** आधुनिक युग को विज्ञान के युग के नाम से जाना जाता है। वैज्ञानिक प्रगति के कारण ही आज विश्व में कई ऐसे उपकरण बन पाये हैं जिससे सभी देश प्रगति की ओर आगे बढ़ रहा है। विज्ञान की महत्ता को देखते हुए ही साइंस एग्जीबिशन का कार्यक्रम सांता पब्लिक स्कूल में की गयी है।

उक्त बातें गुमला सदर के एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव बतौर मुख्य अतिथि बच्चों को सम्बोधित करते हुए कही। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को की प्रतिभा का निखार होता है, जिस पर वे वैज्ञानिक अनुशाशन में अपने कौशल और मौलिकता का प्रदर्शन कर सकें। सांता पब्लिक स्कूल का प्रयास सराहनीय है। वही विशिष्ट अतिथि डलासा के सदस्य शंभू सिंह ने कहा सांता पब्लिक स्कूल में फ्री एडमिशन करना तारीफ के काविल है, आज का विज्ञान प्रदर्शनी निश्चित ही तारीफ के काबिल है। उन्होंने कहा विज्ञान का अर्थ है विशेष ज्ञान, विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करती है। वही लायंस क्लब गुमला ग्रेटर के अध्यक्ष राजेश लोहानी और स्कूल के संरक्षक शंकर लाल जाजोदिया ने कहा की विज्ञान प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम से बच्चों में मानसिक तथा बौद्धिक विकास होता है और बच्चें कुछ नया करने को प्रोत्साहित होते हैं। वही स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने बताया विज्ञान जीवन के अभिन्न अंग है। विज्ञान के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने बताया की पूरे स्कूल को 6 ग्रुप में बांटा गया है। गाँधी दल, नेहरू दल, सुभाष दल, तिलक दल, भगत दल, पटेल दल में विभाजित किया गया है। आज के विज्ञान प्रदर्शनी में सुभाष दल फर्स्ट हुआ। वही सेकंड पटेल दल, थर्ड नेहरू दल हुआ, विजय दलों को स्कूल द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र, और कई पुरस्कार दी गयी। साथ ही सभी अन्य प्रतिभागियों को दी गयी। मंच का सफल संचालन टीचर हिमा कुमारी ने किया। इस मौके पर स्कूल के टीचर्स अंकिता कुमारी, जसिंता बेक, नेहा, सीमा, सुनीता, मुस्कान, अंजनी, नोर्बेट बेक, आदि सहित स्कूल के टीचर्स और पेरेंट्स उपस्थित रहे।

# 26 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** रौनियार वैश्य समाज गुमला के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इस निमित्त समाज के पदाधिकारियों की बैठक रौनियार धर्मशाला में संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार रौनियार धर्मशाला परिसर में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में विनय मिश्रा एंड म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की जायेगी। इसके अलावा कलाकारों द्वारा बृहत रुप से आकर्षक झांकी का मंचन किया जायेगा। समाज के अध्यक्ष विनोद प्रसाद और सचिव अनमोल गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम संध्या 7:00 बजे से आरंभ होगा। मंदिर परिसर में भव्य पंडाल का निर्माण होगा और आकर्षक रूप से श्रीराधा कृष्ण मंदिर को सजाया जायेगा। मौके पर समाज के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# झारखंडी नेताओं की नहीं चली, तो भाजपा बाहर के नेता लाकर करा रही गलतबयानी: हेमंत सोरेन

## प्रमंडल स्तरीय मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान समारोह में विपक्ष के नेताओं पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडल स्तरीय मुख्यमंत्री मंईया सम्मान समारोह में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा सहित विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बिना किसी दल का नाम लिए कहा कि जब यहां के नेताओं की नेतागिरी नहीं चली तो मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों के नेताओं को झारखंड में बुलाकर गलत बयानबाजी करवायी जा रही है। हिंदू-मुस्लिम, अगड़ा-पिछड़ा के षड्यंत्र की राजनीति हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को पच नहीं रहा कि गरीब का बेटा मुख्यमंत्री बन गया है। इन लोगों ने इतना षड्यंत्र रचा कि हमें जेल जाना पड़ा। इस चेहरे को आप लोग ठीक से पहचान लीजिए। कहीं आप लोगों को पहचानने में दिक्कत ना हो। आप लोग देखिए जेल जाने से पहले और अब क्या हाल हो गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के साढ़े चार साल हो गये। इस अवधि में इस सरकार ने जो काम किया है वह आज तक किसी सरकार ने नहीं किया होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर सत्ता में दोबारा आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार आई तो प्रत्येक परिवार को साल में एक लाख रुपए देगी।



मुख्यमंत्री मंईया सम्मान समारोह को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व मंत्रीमंडल के अन्य सदस्य।

### राज्य के सभी लोगों के हित में काम कर रही हेमंत सरकार : बैद्यनाथ राम

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के सभी लोगों के हितों में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने केवल यहां को लोगों को ठगने का काम किया है। उनको यहां के लोगों से कोई लेना-देना नहीं रहा है।

### पिछली सरकारों को जनता से कोई लेना-देना नहीं था: मिथिलेश ठाकुर

पेयजल स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि 2019 से पहले की सरकार को जनता से कोई लेना-देना नहीं था। सत्ता परिवर्तन के बाद जब इस सरकार ने काम करना शुरू किया तो उनके पेट में दर्द होने लगे।उन्होंने कहा कि इससे पहले इस राज्य से 12 सांसद चुनकर गये, लेकिन किसी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में आवाज नहीं उठाई। क्या इनको समझ में नहीं आ रहा था कि गरीबों का बनने वाला आवास झारखंड में बंद हो जाए तो यहां के गरीब लोग कैसे घर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने तय किया है कि अब किसी के भरोसे यहां की जनता नहीं रहेगी। अब उन्हें आंबुआ आवास दिया जाएगा। यही सरकार है जो झारखंड की हितैषी है। दूसरी सरकार से यहां के लोगों का भला नहीं हो सकता।

### महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में हो रहा काम: दीपिका

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि गठबंधन सरकार महिलाओं की सुरक्षा ही नहीं नकी सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी काम कर रही है। आंगनबाड़ी से लेकर अन्य अनुबंध कर्मियों को हमारी सरकार ने मानदेय की बढ़ोतरी की है। अगर दोबारा सत्ता में आये तो निश्चित महिलाओं की स्थिति में और सुधार होगा।

# कारीमाटी घाटी में लूटकांड का उद्भेदन, आरोपित गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी के कारीमाटी घाटी में लूटकांड और गोलिबारी के आरोपितों को पांकी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वरीय पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी, कि कुछ व्यक्ति घटना को अंजाम देने के फिराक में घूम रहे है। लेस्लीगंज एसडीपीओ और पांकी पुलिस ने छापामारी दल का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को हथियार के साथ गिरप्तार किया। आरोपितो ने विगत 14 अगस्त को पांकी थाना अंतर्गत पोरसम के करिमाटी घाटी में चोरी के दौरान गोलिबारी घटना की योजना बनाने एवं रेकी करने में अपने संलिप्ता को स्वीकार किया है। आरोपितों में गोल्डेन आलम ग्राम गड़गाव, रंजन कुमार ग्राम सरईडीह और उलगाड़ा गांव निवासी लालसूरज यादव की अहम भूमिका रही थी। उक्त घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए लागातार सघन छापामारी की जा रही है।

# कर्नल संजय सिंह ने किया पीपरा प्रखंड का दौरा, ग्रामीणों की समस्याओं से हुए रूबरू



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने गुरुवार को पीपरा प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान बभंडी और ग्राम पंचायत पीपरा के ग्रामीणों की समस्याओं से रुबरु हुए। ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, बिजली सिचाई हेतू ट्रांसफार्मर सहित कई अन्य समस्याओं से कर्नल को अवगत कराया। वहीं कर्नल संजय सिंह ने लोगों को आश्वासन देते हुए जल्द ही समाधान करने की बात कही । इस दौरान उन्होंने ने गेरूआ पहाड़ी तर 63 केविए का नया ट्रांसफार्मर के लिए जे.वी.वी.एन.एल. के जेनरल मैनेजर से फोन पर बात कर 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर दिलाने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास की गति देना है तो सबसे पहले शिक्षित और ईमानदार जनप्रतिनिधि चयन करें जो आपके हर सुख दुःख में साथ खड़ा रहे। इस मौके पर बभंडी पंचायत के मुखिया भोला सिंह, धनश्याम विश्वकर्मा सिकेंदर राम, सतेन्द्र भुईयां, कमलेश भुईयां, संजय भुईयां, लालती भुईयां, सुनिता देवी, सुगिया देवी, किरण देवी,शिव कुमार, उमंग कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# एफआइआर की कॉपी मांगने पर मृतक की मां से एसआइ ने की बदसलूकी, फोन छीन थाना से धक्का देकर बाहर भगाया

## पीपरा पुलिस की गाड़ी से घायल खैरादोहर के अविनाश राम ने इलाज के अभाव में तोड़ा था दम

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर/पलामू।** नगर मुख्यालय के ब्लॉक रोड में लखन विश्वकर्मा के गैरेज के पास विगत 10 जुलाई को पिपरा पुलिस के वाहन के धक्के से घायल अविनाश राम नामक युवक ने रांची के रिम्स अस्पातल में सही इलाज के अभाव में दम तोड़ दिया था। घर का इकलौते कमाऊ सदस्य होने के कारण अविनाश का पूरा घर बिखर गया है। वहीं उसकी मां थाने में एफआइआर किये लिए बार-बार चक्कर लगाया, लेकिन सभी ने उसे दुत्कार कर थाने से भगा दिया। अंततः में जब उसका धैर्य जवाब दे गया तो वह बुधवार को थाने में एफआईआर की कॉपी लेने फिर पहुंच गयी। आरोप है कि एफआइआर की कॉपी मांने पर थाना के एसआई राहुल कुमार ने उससे बदसलूकी की और धक्का मुक्की की। यही नहीं उसका मोबाइल फोन छीन लिया और थाने से भगा दिया। जानकारी के अनुसार घर के इकलौते कमाऊ अविनाश के निधन से उसके माता-पिता पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दुर्घटना के बाद अविनाश राम का पूरा शरीर पैरालाइज्ड हो गया था। तात्कालिक इलाज पल्स अस्पताल में कराया गया था लेकिन पैसे के अभाव में उसे रिम्स अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा जहां स्पाइनल कोड के ऑपरेशन के बाद अविनाश राम ने दम तोड़ दिया था। बरियातू पुलिस ने रिम्स अस्पताल में अविनाश राम के माता पिता से फर्द बयान लिया है, जिसमें कहा गया है कि छतरपुर में उनका बेटा सीमेंट व्यव्सायी अमित जायसवाल के काम से बाइक से जा रहा था। तभी ब्लॉक रोड स्थित लखन विश्वकर्मा के गैरेज से निकलते समय पिपरा थाना की गाड़ी ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए अविनाश को धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं, अविनाश के मारे जाने के बाद उसके परिवार को किसी तरह की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध नहीं करायी गयी। ना ही मामले की प्राथमिकी ही दर्ज की गई है। मृतक के परिजन 8 अगस्त को छतरपुर डीएसपी कार्यालय में भी आवेदन दिए थे। बता दें कि 21 अगस्त को मृतक की मां अनिता देवी छतरपुर थाना एफआईआर की कॉपी लेने आई थी। उसने बताया कि छतरपुर थाने के नम्बर 8340544069 से कॉल कर उनसे आधार कार्ड की कॉपी लाने को कहा गय। जब अनिता देवी एवं उसकी बहन बिंदा देवी थाने पहुंची तो एसआई राहुल कुमार ने मोबाइल फोन छीन लिया और महिला पुलिस द्वारा जाति सूचक गालिया दिलवाते हुए धक्का दे कर कार्यालय से बाहर निकाल दिया गया। वहीं मृतक की मौसी बिंदा देवी ने भी बताया कि उनकी मोबाइल भी छिनने की कोशिश की गई। दूसरी ओर, डीएसपी नौशाद आलम से बात करने पर बताया कि महिला का आवेदन प्राप्त है। मोबाइल फोन छिनने की बात निराधार है। अनिता देवी बातचीत का वीडियो बना रही थी। मना करने पर मोबाइल थाना में छोड़कर चली गई। फर्द बयान के आधार पर पहले ही एफआईआर दर्ज कर ली गयी है। वहीं, छतरपुर थाना प्रभारी ने कहा कि अनिता देवी को दुर्घटना से संबंधित बातचीत के लिए बुलाया गया था। वे मोबाइल फोन छिनने का आरोप लगा रही हैं, जो गलत है। वहीं एसआई राहुल कुमार ने बताया कि महिला से मोबाइल नहीं छीना गया। ना ही किसी तरह का अभद्र व्यवहार किया गया है। उसके द्वारा जो बयान दिया जा रहा है वह गलत है।

# विश्रामपुर नगर परिषद के अनुबंधकर्मी आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर


अदिकारी को ज्ञापन सौंपते अनुबंध कर्मी।

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फोडरेशन के आह्वान पर विश्रामपुर नगर परिषद के अनुबंधकर्मी 23 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। अनुबंधकर्मियों ने गुरुवार को कार्यपालक पदाधिकारी को अपना ग्यारह सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपकर हड़ताल पर जाने की जानकारी दी। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत ने अनुबंधकर्मियों को आश्वस्त किया कि उनके मांग पत्र को संबंधित विभाग को भेज दिया जायेगा। फोडरेशन के विश्रामपुर इकाई अध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि जब तक सभी मांगें नहीं मानी जायेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर सुबोध केशरी,रवि कुमार,मुबारक अंसारी,सुमित कुमार,राजेश प्रसाद,नीरज कुमार सहित निकाय के सभी अनुबंधकर्मी मौजूद थे।

# आक्रोश रैली में शामिल होने को लेकर भाजयुमो ने चलाया जागरूकता अभियान



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** रांची के मोराबादी मैदान में शुक्रवार कोहोने वाली आक्रोश रैली में शामिल होने को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में गुरुवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन हरिहरगंज हुसैनाबाद क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर ग्रामीण युवाओं से मिले और युवा आक्रोश रैली में हजारों की संख्या में शामिल होने की अपील की। मौके पर किसान मोर्चा महामंत्री अवधेश मेहता, जिला कार्य समिति सदस्य राजेश रंजन मिश्रा, विजय प्रजापति,अवधेश कुमार मेहता, अनिल मेहता, रंजीत चौधरी, राजू कुमार मेहता, मनोज शर्मा, दिलीप ठाकुर, सरयू मेहता, राहुल विश्वकर्मा, विशाल कुमार, मनीष कुमार मेहता, रंजीत कुमार मेहता, राजेश कुमार मेहता, शंकर कुमार मेहता, सूरज कुमार,राहुल कुमार मेहता, गणपत चौधरी, रणजीत चौधरी, मनोज शर्मा,रंजीत कुमार मनीष कुमार राजेश कुमार, राजू कुमार, विवेक कुमार, राहुल विश्वकर्मा, मनोज शर्मा आदि शामिल थे।

# कोलकाता में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म-हत्या के प्रतिवाद में बून स्कूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में महिला ट्रेनी डॉक्टर की निर्मम तरीके से दुष्कर्म-हत्या किये जाने के विरोध में गुरुवार को जपला बून पब्लिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों व छात्र-छात्राओं ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित मृतका को न्याय दिलाने की मांग की। इस दौरान विद्यालय की छात्राएं हाथों में तख्ती व स्लोगन लिखकर प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में इंसाफ की मांग कर रही थीं। इसके बाद प्रिंसिपल बबिता कुमारी सिंह ने कहा कि कोलकाता की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। उन्होंने केंद्र सरकार से घटना के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग है। मौके पर रीना पाठक, अनुज कुमार, रबी कुमार, आफताब आलम, रिभा कुमारी, जयकुश सिंह आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स

# टीम इंडिया 2025 के जून में इंग्लैंड दौरे पर जायेगी, खेलेगी 5 टेस्ट मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अगले साल जून में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने गुरुवार को इसका शेड्यूल जारी किया। टेस्ट सीरीज की शुरूआत 20 जून से होगी। इसके साथ ही भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2025-27 साइकिल का आगाज करेगी।




### अगस्त तक चलेगा भारत का इंग्लैंड दौरा

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज अगले साल जून में शुरू होकर अगस्त तक चलेगी।

20 जून से हेडिंग्ले में पहला टेस्ट, 2 जुलाई से एजबेस्टन में दूसरा टेस्ट, 10 जुलाई से लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट, 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टेस्ट और 31 जुलाई से 4 अगस्त तक लंदन के द ओवल मैदान पर पांचवां टेस्ट खेला जाएगा।

### 2007 में आखिरी बार इंग्लैंड में जीती सीरीज

टीम इंडिया ने आखिरी बार इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज साल 2007 में जीती थी। जहां राहुल द्रविड़ की कप्तानी में भारतीय टीम ने 3 मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम की थी।

इस सीरीज का पहला और आखिरी मैच ड्रॉ रहा था। जबकि नॉटिंघम में खेले गए दूसरे मैच में भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी।

### विराट की कप्तानी में मिली थी 2-1 की बढ़त

टीम इंडिया 17 साल से इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी। पिछले दौरे पर भारतीय टीम ने विराट कोहली की कप्तानी में 2-1 से बढ़त हासिल की थी। कोविड की वजह से सीरीज के आखिरी मैच को रि-शेड्यूल कर दिया गया था। इसके बाद 2022 में हुई सीरीज के आखिरी मुकाबले को जीतकर इंग्लैंड ने सीरीज 2-2 से बराबर कर ली थी।

**कार्यालय जिला आयुष समिति, चतरा**
**सदर अस्पताल परिसर, चतरा, झारखण्ड–825401**
**जिला आयुष समिति, चतरा**
chatraayush@gmail.com

पत्रांक 355 चतरा/ दिनांकः–20.08.2024

**जिला कार्यक्रम प्रबंधक (आयुष), चतरा के पद पर साक्षात्कार हेतु सूची**

दिनांकः–27.08.2024 अपराह्न 1:00 बजे स्थान उपायुक्त महोदय चतरा के समाहरणालय सभागार कक्ष में साक्षात्कार हेतु आहूत की गई है।

| Sl No | Candidate's Name | Father's Name | Address |
|---|---|---|---|
| 1 | Ashutosh kumar saxena | Surendra prasad singh | At-Hade mushaila gya ,bihar 824232 |
| 2 | MD Sahid Akhtar | MD Tauquir Ahmad | jannat nagar khuti jharkhand 835210 |
| 3 | DR.Sujeet kumar chauhan | Shivbachan chauhan | Jamal pur buland dist- mau U.P 221705 |
| 4 | PAMMY KUMARI | SANTU SINGH | Uchringa plani ramgarh jharkhnad 829119 |
| 5 | MUMTAZ AHMAD | LATE MD IDRISH | Sahadat chok ,bind muhalla chatra 835401 |
| 6 | DR. PRABHAT KIRAN | JAIRAM ROY | AT+PO- MEKRA MOKAMA PATNA 803221 |
| 7 | NAVEEN KUMAR | BIRENDRA MISHRA | AT-CHHAT TALAB CHATRA 835401 |
| 8 | FOUZIA JAMAL | LT MD IMTIYAZ | AMAN COLONEY PUGMIL HAZARIBAG 825301 |

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा

PR 333373 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला**

अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 09/2024-25/RWD/W/EE/GUMLA दिनांकः–21.08.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ GUMLA/ CSR/01/ 2024-25 | Construction of 1.50m height guard wall at Village Churhu, Panchayat-Katri, Block-Gumla, Length-0.150Km. | 23.728 | तेईस लाख बहत्तर हजार आठ सौ रू0 मात्र। | 03 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/ GUMLA/ CSR/02/ 2024-25 | Construction of PCC Road (Part-A) at Village Churhu, Panchayat-Katri, Block-Gumla, Length-0.450Km. | 20.161 | बीस लाख सोलह हजार एक सौ रू0 मात्र। | 03 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/ GUMLA/ CSR/03/ 2024-25 | Construction of PCC Road Start from Talab (Part-C) at Villge Churhu, Panchayat-Katri, Block- Gumla, Length-0.450Km. | 20.888 | बीस लाख अठासी हजार आठ सौ रू0 मात्र। | 03 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/ GUMLA/ CSR/04/ 2024-25 | Construction of PCC Road (Part-D) at Village Churhu, Panchayat-Katri, Block-Gumla, Length-0.500Km. | 22.401 | बाईस लाख चालीस हजार एक सौ रू0 मात्र। | 03 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/ GUMLA/ CSR/05/ 2024-25 | Construction of PCC Village Gali road at Village Churhu, Panchayat-Katri, Block-Gumla, Length-0.500Km. | 11.698 | ग्यारह लाख उन्हत्तर हजार आठ सौ रू0 मात्र। | 03 माह | प्रथम |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 28.08.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–04.09.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 05.09.2024 अपराहन 05.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभिंयता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 333407 (Rural Work Department)24-25*D

## यू डायस प्लस से संबंधित शिक्षकों को दिया गया प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण

# लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई: जिला शिक्षा अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरोचट्टी।** बोकारो जिला परियोजना कार्यालय के निर्देश पर गोमिया प्रखंड संसाधन केंद्र में यू डायस प्लस की कार्यशाला सत्र 2024-25 से संबंधित प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। गुरुवार को प्रथम और द्वितीय पाली मिलाकर कुल 80 शिक्षक शामिल हुए। इस संबंध में गोमिया प्रखंड संसाधन केंद्र के एमआईएस कोऑर्डिनेटर हेमलाल महतो और कंप्यूटर ऑपरेटर ओमप्रकाश कुमार शर्मा ने बताया कि इस वर्ष भी यू डायस प्लस 2024- 25 के



प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण में शिक्षक व प्रशिक्षक।

माध्यम से सभी विद्यालयों की ओर से छात्र वार आंकड़ा लिया जाना है। जिसके लिए जिला कार्यालय की ओर से गुरुवार तक का समय सभी विद्यालयों को दिया गया था। जिसमें समय पर सभी विद्यालयों को उक्त कार्य करने का निर्देश दिया गया। ऐसा नहीं करने वाले विद्यालयों को कड़ी निगरानी करने का निर्देश सभी संकुल साधन सेवी को दिया गया। जिन स्कूल की ओर से समय पर कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो उनकी सूची यथाशीघ्र जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि समय पर स्कूल के खिलाफ कार्रवाई किया जा सके। जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरन्नाथ लोहरा ने पत्राचार कर बताया कि जिला अंतर्गत सभी सरकारी व निजी प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, प्लस टू विद्यालयों में पहली से 12वीं कक्षा तक के कक्षा का संचालन होता है। स्कूलों का शैक्षणिक सत्र का विद्यालय वार का संकलन पोर्टल में किया जाना है। उन्होंने बताया वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए यू डायस प्लस अंतर्गत आंकड़ा सेक्शन वन में स्कूल का पूरा डिटेल्स, सेक्शन टू में स्कूल का फैसिलिटी व सेक्शन थ्री में स्कूल के टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ का पूरा विवरण कांटेक्ट नंबर के साथ अपडेट करते हुए यू डायस प्लस पोर्टल के माध्यम से ही संकलित किया जाना है। प्रशिक्षण के दौरान कई सरकारी व निजी विद्यालय के शिक्षक एंव एमआईएस प्रभारी उपस्थित रहे।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

## मृतका की मां ने शव लेने से किया इनकार

**मृतका की मां ने लगाया हत्या का आरोप, पति हिरासत में**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** भौंरा एरिया अंतर्गत कालीमेला जामाडोबा निवासी गुरमीत सिंह की पत्नी चंदना दास कौर (24) की संदिग्ध परिस्थिति मं मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी सूचना पाकर गुरुवार को मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वह मूल रूप से सिंदरी की रहने वाली थी। खबर है कि मृतका की मां नीतू दास ने शव लेने से इनकार कर दिया। जानकारी के मुताबिक सिंदरी की रहने वाली नीतू दास की बेटी चंदना दास ने डिगवाडीह निवासी सिख युवक गुरमीत सिंह के साथ एक साल पहले अंतर जातीय विवाह किया था। इसके बाद गुरुमीत पत्नी चंदना को कालीमेला में मकान लेकर रहने लगा। चंदना का सात महीने का एक बेटा भी है। सूत्रों की मानें तो चंदना का पति गुरमीत शराब का अत्यधिक सेवन किया करता था। वह अक्सर नशे में धूत होकर चंदना की पिटाई करता था। उधर, मृतिका की मां नीतू दास ने भौरा पुलिस अधिकारी संतोष कुमार से कहा कि जबतक उसका भतीजा शिबू दास नहीं आ जाता तब तक पोस्मार्टम नहीं होगा। उसने आरोप लगाया कि उसकी बेटी चंदना की उसके पति गुरमीत ने ही हत्या की है। इसके बाद उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश किया है। वहीं पुलिस ने बताया कि गुरमीत सिंह को हिरासत में लिया गया है। मृतिका की मां अगर हत्या की शिकायत करती है तो मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक शव को जामाडोबा अस्पताल में रखा गया है। पोस्मार्टम के लिए भेजा नहीं गया है।1

# झारखंड की गठबंधन सरकार ने किया मजदूरों का शोषण: रागिनी सिंह




**आज रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित होने वाले भाजयुमो के आक्रोश रैली में सहभागिता को लेकर झरिया विस क्षेत्र में जश्रसं की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** भाजयुमो की झारखंड शाखा की ओर से शुक्रवार को रांची के मोराबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली का आयोजन किया जाना है। जिसमें सैकडो युवाओं के शामिल होने को लेकर जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) की महामंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह की अगुवाई मेंम गुरुवार को बिहार बिल्डिंग स्थित जश्रसं कार्यलय में जरूरी बैठक हुई। जिसमें धनबाद जिले के विभिन्न कोलियरी क्षेत्रों के जश्रसं के अधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर रागिनी सिंह ने सभी से बड़ी संख्या में आक्रोश रैली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कहा कि जनता श्रमिक संघ मजदूरों के हित में कार्य करने वाला और गरीब पिछड़ों दलितों की आवाज को बुलंद करने वाला संघठन है। लेकिन वर्तमान झारखंड की गठबंधन सरकार मजदूरों के साच केवल छलावा किया है। इस ठगबंधनीय सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में मजदूरों का शोषण किया है। अब समय आ गया है कि झरिया कोयलांचल का हर एक मजदूर इस ठगबंधनीय सरकार को आइना दिखाते हुए इसे उखाड़ फेंकने का संकल्प ले। इसको लेकर रांची में आयोजित जनाक्रोश रैली में भारी संख्या में शामिल हो, ताकि झरिया के मजदूरों की आवाज से रांची में बैठे ठगबंधनीय सरकार कांप उठे। बैठक में संतोष सिंह, प्रदीप सिन्हा, सतेंद्र सिंह, इंद्रजित सिंह, शैलेंद्र सिंह, सैलो पासवान, आलोक पमपम, गोपाल चौधरी, अनिल नोनिया, रामाधार सिंह आदि उपस्थित थे।

# तेनुघाट जेल के बंदी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** आर्म्स एक्ट के मामले में छह साल की सजा काट रहे धनबाद से तेनुघाट जेल भेजे गये मोहम्मद औरंगजेब का बोकारो सदर अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। तेनुघाट जेल के जेलर नीरज कुमार ने बताया कि मोहम्मद औरंगजेब धनबाद से प्रशासनिक आधार पर तेनुघाट जेल भेजा गया था। वह 6 साल की सजा काट रहा था। उसके खिलाफ अन्य मामले भी चल रहे थे। जेलर की मानें तो गत 16 अगस्त को अचानक औरंगजेब के पेट में दर्द होने की शिकायत पर उसे जेल के अंदर अस्पताल में जेल के डॉक्टर शंभू कुमार ने इलाज किया गया। इसके बाद उसे जेल के अस्पताल वार्ड में रखा गया था, जहां गुरुवार की सुबह अचानक उसकी छाती में दर्द हुआ और वह बेहोश हो गया। उसे तुरंत तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे बोकारो सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अनुमंडल अस्पताल के डॉक्टर शंभू कुमार ने बताया कि मोहम्मद औरंगजेब 16 अगस्त से बीमार था। डॉक्टर ने बताया कि प्राथमिक तौर पर लगता है कि उसकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई हो सकती है। हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

## 240 घनफीट अवैध बालू लदे 3 वाहन जब्त

जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने गुरुवार की सुबह 5.30 बजे अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक की अगुवाई में अभियान चलाकर धनबाद थाना क्षेत्र स्थित पार्क मार्केट, स्वामी विवेकानन्द चौक के पास 240 घनफीट अवैध बालू लदे तीन वाहनों को जब्त किया गया। हालांकि पुलिस व खनन विभाग के अधिकारियों को देख चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गये। पुलिस ने तीनों वाहनों को जब्त कर धनबाद पुलिस को सौंप दिया। साथ ही एफआईआर भी दर्ज करायी है। वहीं, छापामारी अभियानन में खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक, सुमित प्रसाद, विजय करमाली और बसंत उरांव आदि शामिल थे।

## जिला परिषद मैदान में 30 अगस्त से दुबई की थीम पर आयोजित होगा मेला




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद मैदान में पहली बार 30 अगस्त से दुबई की थीम पर आधारित दुबई कार्निवल इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2024 का आयोजन होने जा रहा है, जो 15 सितंबर तक चलेगा। आयोजक मोहम्मद कैफी मल्लिक व मोहम्मद सलाउद्दीन ने बताया कि ट्रेड फेयर के आकर्षण का मुख्य केंद्र दुबई की गगनचुंबी बिल्डिंग जैसे बुजुर्ग खलीफा, ट्विन टावर एवं एफिल टावर है। इस ट्रेड फेयर में युवाओं के लिए विशेष आकर्षक सेल्फी प्लेटफार्म तैयार किए गए हैं। ट्रेड फेयर में इस बार मनोरंजन के साथ ही खरीदारी का भी आनंद लिलया जा सकेगा। इस बाबत संतोष गुप्ता ने बताया कि इस बार ट्रेड फेयर में पहली बार बांग्लादेश की जरदानी साड़ी, अफगानिस्तान का ड्राई फ्रूट का स्टॉल लगाया जाएगा। मेले में राजस्थानी अचार, स्वादिष्ट चूर्ण, खादी वस्त्र, सहारनपुर फर्नीचर के साथ तीज-त्योहार को ध्यान में रखते हुए महिलाओं के सौंदर्य संबंधित हर प्रकार के सामान उपलब्ध रहेंगे। मेला आयोजन में सलाउद्दीन संतोष गुप्ता अजीत भकोडिया, सुरेश गिरी एवं पवन यादव का अहम योगदान है।

# कोई दिव्यांग बच्चा सरकारी योजनाओं से वंचित ना रह जाये: न्यायाधीश राम शर्मा

**विशेष शिविर में दिव्यांग बच्चों को मौके पर ही मिला सरकारी योजनाओं का लाभ**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** झालसा के निर्देश पर दिव्यांगो के लिए चलाए जा रहे 45 दिवसीय स्पेशल कैंपेन के तहत गुरुवार को झारखंड शिक्षा परियोजना धनबाद के सहयोग से सिविल कोर्ट में मेगा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मौके पर ही दिव्यांग बच्चों के बीच विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभ जैसे सुनने वाली मशीन, ट्राई साइकिल, वाकर, दिव्यांगता सर्टिफिकेट, इंश्योरेंस पॉलिसी आदि का वितरण किया गया। इसके पूर्व दिव्यांग बच्चों का सरकार के तरफ से बीमा किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन राम शर्मा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय ने किया। शिविर में जीवन, ब्लाइंड रिलिफ, जीवन ज्योति, पहला कदम स्कूल के बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत, लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिन्हें न्यायाधीश ने मोमेंटो, टॉफी देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि कोई भी दिव्यांग बच्चा सरकारी योजनाओं से वंचित ना रह पाए इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार काम कर रहा है। बताया कि सरकार ने नेत्रहीन दिव्यांग बच्चों के लिए एक एप्लीकेशन ज्योति लांच की है जिसके इस्तेमाल से दिव्यांग बच्चों को काफी सहूलियत मिलेगी। वहीं, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय ने कहा कि दिव्यांगों को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। बार ऐसोसिएशन ऐसे बच्चों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। वहीं, न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने बताया कि झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर 45 दिवसीय यह कार्यक्रम 5 जुलाई से शुरू हुआ था जिसके तहत सर्वप्रथम जिले भर में विभिन्न विभाग एवं पैरा लीगल वॉलिंटियर्स लीगल एट डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सहयोग से दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया किया गया। इसके तहत 3517 बच्चे चिन्हित किए गए। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में 7, 8 ,9 एवं 10 जुलाई को सदर अस्पताल में विशेष कैंप लगाकर 400 दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता सर्टिफिकेट बनवाया गया। बताया कि अब तक कुल 1003 दिव्यांग बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड दिया गया है। इसी कड़ी में आज दर्जनों बच्चों को सरकारी योजनाओं का ऑन स्पॉट लाभ दिया गया। मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, दुर्गेश चंद्र अवस्थी, प्रभाकर सिंह आदि मौजूद थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** अदाणी फाउंडेशन की ओर से छाताटांड गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ, जिसमें 75 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर नि:शुल्क दवा दी गयी। डॉ बिवाश कुमार विश्वास के नेतृत्व में मरीजों की जांच हुई।


**Information & Public Relations Department**
**Government of Jharkhand,**
Suchana Bhawan, Ranchi

**NOTICE OF CANCELLATION**

**Nature of Work:** Expression of Interest (EOI) for Empanelment of Advertising Agencies for carrying out social media activities and fixation of rate for different kinds of advertisements on social media platforms having PR No- 331543.

Due to non qualification of minimum number of bidders the above mentioned tender having Tender ID: 2024_IPRD_89150_1, Tender Ref No: 1122,PR No.331543dated 02-08-2024 is hereby cancelled.

Sd/-
Director

PR.NO.333475 IPRD(24-25):D


## डिगवाडीह गणेश पूजा मेले को लेकर विवाद



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया के डिगवाडीह गणेश पूजा महोत्सव के मेला का शुभारंभ होने से पहले ही विवादों में घिर गया है। चर्चित गणेश पूजा 7 सितंबर से होना है। साल 2023 से मेला का संचालन कर रहे पवन प्रजापति ने वर्तमान पूजा कमेटी पर मारपीट कर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। कहा कि कमेटी के दिनेश यादव, एमके ठाकुर व वर्तमान मेला संचालक राकेश गोस्वामी मिलकर षड्यंत्र के तहत मेला लगाने नहीं दे रहे हैं। जबकि जमीन मालिक बिनोद मरांडी को उन्होंने पांच लाख रुपए दिये है। वर्ष 2023 से 2031 तक का एग्रीमेंट है। हर वर्ष पूजा मेला के नाम पर लाखों रुपये दिया जाता हैं। जिसका आपस में ही बंदरबांट कर लेते है। इसका कोई लिखा जोखा भी नहीं है। पवन प्रजापति ने बताया है की कमेटी के एक पदाधिकारी ने तीन लाख रुपए अग्रिम राशि लिया है।

## बीएसएल के निदेशक प्रभारी ने सिंटर प्लांट विभाग में सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने गुरुवार को संयंत्र के सिंटर प्लांट विभाग में सेफ्टी वॉक कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान महाप्रबंधक (सुरक्षा) बीके सरतापे (तकनीकी) एल दास आदि अधिकारी उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी ने सेफ्टी वॉक के दौरान सिंटर प्लांट विभाग के कर्मियों से सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की। साथ ही उन्हें सुरक्षा से संबंधित पीपीई के इस्तेमाल और सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया। उन्होंने शॉप फ्लोर में बेहतर हाउस कीपिंग पर भी बल दिया और सुरक्षा पहलुओं को और पुख्ता बनाने को निर्देश दिए।

## महाप्रबंधक कार्यालय शाखा स्तर के प्रतिनिधियों की बैठक

# श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण एवं वेलफेयर कार्य प्राथमिकता : एनएन मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बांधकथारा।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महाप्रबंधक कार्यालय शाखा की बैठक गुरुवार को महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष मोहम्मद मोइन और संचालन एनएन मिश्रा ने किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि इंटक का गौरवशाली इतिहास रहा है। मजदूरों के सुख व सुविधा के इजाफा में इंटक की अग्रणी भूमिका रही है। संगठन के पदाधिकारी मजदूरों के हर सुख-दुख में अपनी सहभागिता का निर्वाह करते हैं। इस कारण मजदूरों का सबसे विश्वसनीय संगठन आरसीएमयू है। महाप्रबंधक कार्यालय में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं की सूची तैयार कर प्रबंधन को सौंपी जाएगी। वहीं, नवनिर्वाचित सचिव एनएन मिश्रा ने कहा कि श्रमिक जमात का भरोसा कभी कमजोर नहीं होने देंगे। जो जवाबदेही लोगों ने सौंपी है, उसका निर्वाहन प्राथमिकता के आधार पर करने का प्रयास होगा। समस्याओं को चुनौती के रूप में लेकर उसका समाधान और संगठन की मजबूती का प्रयास करेंगे। बैठक में सीसीएल रीजनल कमेटी के संगठन सचिव वेदव्यास चौबे, क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस, क्षेत्रीय समिति के उपाध्यक्ष मोहम्मद सनाउल्लाह, क्षेत्रीय सहायक सचिव आशीष चक्रवर्ती, जितेंद्र पासवान, विजय यादव, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष धनेश्वर यादव, महाप्रबंधक कार्यालय के संजय मिश्रा, राकेश सिंह, नागेश्वर नोनिया, सुजीत मिश्रा, प्रमोद यादव, और मनीष तांती आदि उपस्थित थे।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN : U40108JH2013SGC001702)
Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi – 834004, Email:- gmrevenue2022@gmail.com

**2nd TIME EXTENSION NOTICE**
**NIT No. 54/PR/JBVNL/2024-25**

Bid Submission Timeline against above mentioned NIT floated for appointment of consultancy firm for "Supporting JBVNL in Monitoring and Implementation Support at HQ Level for Metering, Billing and Collection (MBC) Related Systems & Processes, Continuous assistance in Commercial related system Improvement & Continuous Regulatory Assistance in all Regulatory Matters" is hereby extended as per following schedule:

| Sl. No. | Event | Existing Timelines | Proposed Timelines |
|---|---|---|---|
| i | Last date & time of receipt of bid documents (Online) | Upto 21/08/2024 at 14:30 Hrs. | Upto 28/08/2024 at 18:00 Hrs. |
| ii | Due date for opening of Technical Bid (Part -I) | 21/08/2024 at 16:00 Hrs. | 29/08/2024 at 16:00 Hrs. |

Bid uploading / opening will be through e-tendering norms only. The complete Tender documents along with corrigendum documents can be downloaded through website www.jharkhandtenders.gov.in Bidder may contact help desk of e-Procurement system at the following web address: www.jharkhandtenders.gov.in.

Call Center 24 x 7
18003456570 /18001238745
Centralised Complain NO. 1912

**Tendering Authority:**
General Manager (Revenue) 9431708980
**PR No. 330552**

Sd/-
General Manager (Revenue)

PR 333411 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 24-25 (D)



**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग जिला भू-अर्जन शाखा**
**प्रपत्र VI**
**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारम्भिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

चुँकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना महतो–अहरा–रामपुर–बसरीया (चौपारण) चौडीकरण/मजबुतीकरण का कार्य ग्राम–केन्दुआ, थाना–चौपारण, थाना सं0–58, अंचल–चौपारण, जिला–हजारीबाग में कुल 0.519 एकड़ यानि 0.02104 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

परियोजना लोक हित में होने के कारण अतिमहत्वपूर्ण है अर्जनाधीन भूमि निम्नतम् है आवागमण की सुगम्यता तथा अनुयोजकता बढेंगी, बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा, बाजार में विपणन की संभावना, आधार भूत संरचना एवं कानून एवं व्यवस्था की स्थिति सुदृढ होगा। भू–अर्जन के कारण विस्थापित परिवारों की सं0 .......... है। इस बाध्यकारी विस्थापन का कारण नीचे दिया गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनवर्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी को प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है महतो–अहरा–रामपुर–बसरीया (चौपारण) चौडीकरण/मजबुतीकरण का कार्य ग्राम–केन्दुआ, थाना–चौपारण, थाना सं0–58, अंचल–चौपारण, जिला–हजारीबाग में उपर्युक्त कथित परियोजना के कमोवेश 0.0519 एकड़ यानि 0.02104 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है, जो निम्नवत है:–

| क0 सं0 | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन किया जाने वाला क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 27 | 1 | निजी | टाड़–III | 0.519 | अज्ञात (बकास्त लगान पानेवाला) | प्लॉट नं0 39 | प्लॉट नं0 39 | निज | रास्ता |
| | | | | कुल | 0.519 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धार 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।


ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR.NO.333468 Land Reforms(24-25):D

# बेहतर हो रहे हैं पोलैंड से रिश्ते: मोदी

## पीएम ने यूक्रेन संघर्ष के दौरान मदद के लिए जताया टस्क का आभार

- 45 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने पोलैंड का दौरा किया



एजेंसी

**वारसॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ साझा प्रेस वार्ता को संबोधित किया। वहीं पोलैंड के पीएम के संबोधन पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी कहा, मैं प्रधानमंत्री टस्क के इस सुंदर शहर वारसॉ में उनके शब्दों और गर्मजोशी से भरे स्वागत के लिए उनका बहुत आभारी हूं। भारत-पोलैंड मैत्री को मजबूत करने के लिए आपके अमूल्य प्रयास वास्तव में सराहनीय हैं। मैं आपके योगदान के लिए तहे दिल से आपका धन्यवाद करता हूं। प्रधानमंत्री ने डोनाल्ड टस्क से कहा, आप लंबे समय से भारत के अच्छे मित्र रहे हैं। भारत और पोलैंड की मित्रता को मजबूत करने में आपका बहुत बड़ा योगदान है।

### यूक्रेन संकट में पोलैंड ने दिखायी उदारता

पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि आज 45 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने पोलैंड का दौरा किया है। मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही मुझे ये सौभाग्य मिला है। इस अवसर पर मैं पोलैंड की सरकार और यहां के लोगों का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। 2022 में यूक्रेन संकट के दौरान फंसे हुए भारतीय छात्रों को निकालने के लिए आपने जो उदारता दिखायी, उसे हम भारतवासी कभी नहीं भूल सकते हैं।

### आज का दिन दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण: टस्क

इससे पहले वारसॉ में पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा, आज का दिन हमारे दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। यह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है कि हम अपने देशों के बीच रणनीतिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री की मेजबानी कर रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। निस्संदेह यह इस बात का प्रमाण है कि हमारे दोनों देशों के बीच संबंध बेहतर होते जा रहे हैं। यह पूरे क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### हम मना रहे राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत और पोलैंड के संबंधों में विशेष महत्व रखता है। इस वर्ष हम अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अवसर पर हमने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। भारत और पोलैंड के संबंध लोकतंत्र और कानून का राज जैसे साझा मूल्यों पर आधारित हैं। भारत और पोलैंड अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी करीबी तालमेल के साथ आगे बढ़ते रहे हैं। हम दोनों सहमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में रिफॉर्म वर्तमान समय की मांग है।

# टैंकर-बस टक्कर में चार लोगों की मौत, 20 से अधिक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ब्रह्मपुर समरझोल चौक के पास भीषण सड़क हादसा। यह हादसा समरझोल चौंक के पास उस वक्त हुआ जब एक तेल टैंकर एक यात्री बस से टकरा गया। यात्री बस आस्का से ब्रह्मपुर जा रही थी, जबकि तेल टैंकर ब्रह्मपुर से आस्का जा रहा था। सामने एक ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में टैंकर यात्री बस से टकरा गया। हादसे के बाद बस सड़क किनारे एक चाय की दुकान में जा घुसी। चाय पीने के दौरान 3 लोगों की मौके पर मौत हो गयी, जबकि चौथा बस का यात्री बताया जा रहा है। हादसे के बाद इस सड़क पर यातायात बाधित हो गया है। हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल हो गये, सभी को गंभीर हालत में एमकेसीजी मेडिकल में भर्ती कराया गया है। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की जांच कर रहा है।01



# सीएनटी अध्यक्ष के वरिष्ठ सलाहकार बने डॉ अच्युत सामंत

**भुवनेश्वर।** शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ अच्युत सामंत को गिनी नेशनल ट्रांजिशनल काउंसिल (सीएनटी) के अध्यक्ष के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में घोषित किया गया है। गिनी की एनसीटी कैबिनेट द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी दिये जाने के बाद इसकी घोषणा की गयी। इस साल जनवरी में सीएनटी अध्यक्ष डॉ. दनशा कोरोमा किट एंड किस से परिदर्शन में आयी और यहां डॉ अच्युत सामंत का काम देखकर बहुत प्रभावित हुईं। वे समाज सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉ सामंत की कार्य क्षमता, लंबे अनुभव और कार्यशैली से प्रभावित हुए और उनसे अपना सलाहकार बनने का अनुरोध किया। डॉ सामंत द्वारा सहमति दिये जाने के बाद उन्होंने कैबिनेट में इसे मंजूरी दे दी और उन्हें अपना सलाहकार घोषित किया गया। डॉ सामंत एक अवैतनिक सलाहकार के रूप में देश की शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास के क्षेत्रों में आवश्यक सलाह और सहायता प्रदान करेंगे। यह पत्र डॉ सामंत के प्रतिनिधि को व्यक्तिगत रूप से दिया गया है। ज्ञात हो कि डॉ सामंत अपने प्रदर्शन के लिए मणिपुर सरकार के वरिष्ठ सलाहकार भी थे। गिनी अफ्रीकी महादेश के पश्चिमी भाग में स्थित एक देश है। डॉ सामंत किसी भी देश के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में नियुक्त होने वाले पहले ओड़िया हैं। डॉ सामंत ने इस नियुक्ति के लिए गिनी सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास के क्षेत्रों में गिनी सरकार को आवश्यक सलाह और सहायता प्रदान करने का वादा किया।



### कल संबलपुर के आसपास विद्युतापूर्ति रहेगी बंद

- 24 अगस्त को प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बुर्ला पश्चिम ओडिशा बिजली वितरण कंपनी टीपीडब्ल्यूडीएल ने संवलपुर शहर के अंइठापाली के पास 33 केवी फीडर लाइन के रखरखाव कार्य के लिए और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए संवलपुर के आसपास अंइठापाली, काईंसिर, भालुपाली, बुढारजा, प्रधानपड़ा, अनूगुलिआपड़ा, एसआरआईटी कॉलोनी, जगन्नाथ कॉलोनी, फाटक, चेरुआपड़ा, बलबसपुर, समलेश्वरी मंदिर क्षेत्र, बालीबंधा, पटनायकपड़ा, मुदिपड़ा, लेबर कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, बंगालीपड़ा, बडबाजार, लक्ष्मीडुंगुरी, दुगार्पाली, सहयोग नगर, रेमेड, बरेईपाली, और खेत्रराजपुर के आसपास के क्षेत्र में आगामी 24 अगस्त (शनिवार) को प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। यह रखरखाव स्थिर, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा के लिए आवश्यक है। इसलिए, टीपीडब्ल्यूओडीएल अधिकारियों को बिजली सेवाओं के अस्थायी रूप से बाधित होने पर खेद है और वे बिजली उपभोक्ताओं और क्षेत्र की जनता से सहयोग चाहते हैं।

# लक्ष्मी बस योजना में 374 करोड़ रुपये का घाटा : परिवहन मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन विपक्ष के होहल्ला में परिवहन मंत्री विभूति भूषण प्रधान ने विधायकों के सवालों का जवाब दिया। इसी क्रम में विधायक ने लक्ष्मी बस योजना का मुद्दा उठाया और कितना फायदा और कितना नुकसान, इसका हिसाब मांगा। सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि लक्ष्मी बस को पूरे राज्य में लागू किया गया और एक साल में कुल 399 करोड़ 12 लाख 44 हजार 640 रुपये खर्च किये गये। इससे सिर्फ 25 करोड़ 3 लाख ही प्राप्त हुए। मंत्री ने बताया कि इस योजना में 374 करोड़ 8 लाख 58 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।



# अवैध शराब कारोबार में ब्रह्मपुर आबकारी इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर का निलंबन

- ब्रह्मपुर के आबकारी अधीक्षक को बदला गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अवैध शराब कारोबार के मामले में आबकारी मंत्री के निर्देश पर गुरुवार को आबकारी आयुक्त ने दो वरिष्ठ अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इसी तरह ब्रह्मपुर के आबकारी अधीक्षक को भी विभाग ने उनके पद से हटाने का निर्देश जारी किया है। ब्रह्मपुर आबकारी जिले में कार्यरत आबकारी इंस्पेक्टर रमेश चंद्र महांति और सब-इंस्पेक्टर प्रसन्न कुमार जाली को सरकारी काम में लापरवाही, ओडिशा सरकारी कर्मचारी आचरण नियम, 1959 की धारा -3 के उल्लंघन के आरोप में निलंबित किया गया है। इस संबंध में आबकारी आयुक्त नरसिंह भोल ने आदेश जारी किया है। निलंबन की इस अवधि के दौरान उपायुक्त (दक्षिणी क्षेत्र) को मुख्यालय रिक्त छोड़ने का निर्णय लिया गया है और बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने का निर्देश जारी किया गया है। इसी तरह, आबकारी विभाग ने ब्रह्मपुर के आबकारी अधीक्षक प्रदीप कुमार पाणिग्राही को आबकारी आयुक्त कार्यालय, कटक में तुरंत योगदान देने के निर्देश जारी किये हैं। दूसरी ओर, क्योंझर के उपाधीक्षक प्रबिन कुमार प्रधान को ब्रह्मपुर के रिक्त अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभालने के लिए उक्त निर्देश में उल्लेख किया गया है।

# ट्रेनों में टिकट जांच अभियान चलाया गया

- एचएस बाजवा ने टिकट जांच स्टाफ को, अधिकृत यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा न पहुंचाते हुए, टिकट जांच में सख्ती बरतने का निर्देश दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** खोरधारोड मंडल ने ट्रेनों में बिना टिकट और अनियमित टिकट यात्रा को रोकने के लिए खोरधारोड मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में नियमित टिकट जांच अभियान चलाने की पहल शुरू की है। खोरधा रोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा वास्तविक यात्रियों के लिए आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए टिकट जांच गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

पटिया पैसेंजर हॉल्ट और बारंग रेलवे स्टेशन पर चलाये गये आकस्मिक टिकट जांच अभियान के दौरान बिना टिकट और अनियमित टिकट यात्रियों के 252 मामले पकड़े गये और इन यात्रियों से जुमार्ने के साथ किराये के रूप में 67,435 रुपये (केवल सड़सठ हजार चार सौ पैंतीस रुपये) वसूले गये।

एचएस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड, अनिल कुमार एस, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खोरधारोडके साथ बारंग रेलवे स्टेशन पर एंबुश टिकट जांच अभियान के दौरान व्यक्तिगत रूप से मौजूद थे। उन्होंने टिकट जांच स्टाफ को, अधिकृत यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा न पहुंचाते हुए, टिकट जांच में सख्ती बरतने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने सभी यात्रियों से अनुरोध किया कि वे अपनी यात्रा के दौरान किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए उचित टिकट/प्राधिकार के साथ ट्रेनों में यात्रा करें।

# भारत-पे अपने मर्चेंट पार्टनर्स को सुरक्षित लोन प्रदान करेगा

- ओटीओ कैपिटल और वोल्ट मनी के साथ साझेदारी की घोषणा की
- भारतपे टू-व्हीलर लोन और म्यूचुअल फंड के बदले लोन की सुविधा प्रदान करेगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतपे, भारत की एक प्रमुख फिनटेक कंपनी है। भारतपे ने अपने प्लेटफार्म पर सभी मर्चेंट पार्टनर्स के लिए सुरक्षित लोन की पेशकश की है। पहले चरण में कंपनी ने अपने मौजूदा मर्चेंट पार्टनर्स के लिए दो पहिया लोन और म्युचुअल फंड्स के जरिए लोन (एलएएमएफ) देने की सुविधा शुरू की है। भारत पर ने दो पहिया लोन के लिए ओटीओ कैपिटल के साथ और म्युचुअल फंड्स पर लोन के लिए वॉल्ट मनी के साथ पार्टनरशिप की है। कंपनी अगले चरण में ऐसे मल्टी-प्रोडक्ट और मल्टी-लेंडर आफरिंग में विस्तारित करने की योजना बना रही है।

भारत पे के मर्चेंट पार्टनर्स अब ओटीओ कैपिटल के माध्यम से अपने अगले दो पहिया वाहन के लिए 2.5 लाख रुपये तक के लोन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं जिसका ब्याज भी काफी कम होने वाला है। लोन आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल है और मर्चेंट 12 से 48 महीना के बीच किसी भी अवधि को चुन सकते हैं। इसके अलावा वोल्ट मनी के साथ पार्टनरशिप के तहत मर्चेंट म्युचुअल फंड्स पर भी 1 करोड रुपए तक का लोन प्राप्त कर सकते हैं। इस सुविधा की लॉन्चिंग पर भारत पे की सीईओ नलिन नेगी ने कहा कि भारतपे ने 2018 में लाखों ऑफलाइन मर्चेंट पार्टनर्स को नये जमाने के फिनटेक उत्पादों से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरूआत की थी। 2019 में हमने असुरक्षित लोन की पेशकश और 0.5 ट्रिलियन यूएस डॉलर एमएसएमई क्रेडिट गैप को दूर करने का प्रयास किया, लेकिन वह हमारी कंपनी के विकास में अड़चन साबित हुआ। लेकिन अब हमारी सुरक्षित लोन की सुविधा से हमारे क्रेडिट पोर्टफोलियो को मजबूती मिलेगी। मैं ओटीओ कैपिटल और वॉल्ट मनी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने हमारे 1.3 करोड़ से ज्यादा व्यापारियों के लिए क्रेडिट उपलब्ध कराने में मदद की। आगे नलिन नेगी ने कहा कि भारतपे के मर्चेंट पार्टनर्स के लिए सुरक्षित लोन की सुविधा हमारे लिए एक नया मुद्रीकरण चैनल खुलेगी और साथ ही अपने मर्चेंट्स के साथ जुड़ाव बढ़ाने में भी मदद करेगी, क्योंकि इससे उन्हें चुन्नी के लिए लोन सुविधाओं का एक व्यापक पोर्टफोलियो मिलेगा। हम अपने मर्चेंट पार्टनर्स को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनके लिए जरूरी उत्पाद जारी करते रहेंगे।

भारतपे के प्लेटफार्म पर दो पहिया लोन और म्युचुअल फंड्स के बदले दोनों ही प्रकार के लोन उपलब्ध होंगे। लोन वितरण और कलेक्शन पार्टनर्स द्वारा संभाल जायेगा। भारतपे अगले तीन महीनों में अपनी पेशकशों का विस्तार करने के लिए तैयार है, जिसमें व्यापारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों और ऋणदाताओं की एक विविध श्रृंखला पेश की जायेगी।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**